ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 29 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 206 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

श्रेया घोषाल ने शेयर किया रियलिटी शो में ... पेज 12 पर

अंतिम सोमवारी को शिवभक्तों की उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सावन के अंतिम और आठवीं सोमवार को सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा हुआ था। पहाड़ी मंदिर के पास बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गूंजायमान रहा। लोगों ने पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों जल अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना की।

रांची के कांके , कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि सावन माह के अंतिम और आठवीं सोमवारी को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है।

वहीं दूसरी ओर भगवान शिव की नगरी देवघर में आस्था का जनसैलाब उमड़ा, जलाभिषेक के

लिए कांवड़ तीर्थयात्रियों की कतार बी-एड कॉलेज तक पहुंच गई। सरदारी पूजा संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोले गए। पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा।

देवघर बैद्यनाथ धाम के सरदार पंडा ने बताया कि आज चौथे सोमवार और प्रदोष का सुखद संयोग है। आज संतान प्राप्ति के लिए व्रत करना सबसे उत्तम होता है। डीसी विशाल सागर ने कहा कि धाम और आसपास के क्षेत्र में हर तरह की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों की आठ घंटे की ड्यूटी में परिवर्तन किया गया है। उन्हें 12 घंटे ड्यूटी करनी होगी। सभी जगह दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उधर, मंदिर प्रभारी दीपांकर चौधरी ने सुबह पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी फोन व वॉकी टॉकी पर एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे। सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है। पार्वती मंदिर और बाह्य अरघा के आसपास सुरक्षाचक्र और मजबूत किया गया है।

श्रम विभाग की टीम ने लेह-लद्दाख का किया दौरा

झारखंड के प्रवासी श्रमिकों का जाना हाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख में कार्यरत झारखंड खास कर संताल परगना के संताली आदिवासी श्रमिकों की स्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत कर श्रमिकों की स्थिति को और बेहतर करने का आग्रह किया है। राष्ट्र को बेहतर आधारभूत संरचना से आच्छादित करने में झारखंड के संताली आदिवासी श्रमिकों का विशिष्ट योगदान है। इनका योगदान सीमा सड़क संगठन के सभी कार्य में है। चाहे गहरी खाई पर पुल बनाना हो या पहाड़ को चीर कर सड़क। इसलिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इन्हें वीर श्रमिक की उपाधि दी है। लेह लद्दाख में बीआरओ की परियोजनाओं जैसे हिमांक, विजयक और योजक को समय पर

श्रमिकों के लिए हमेशा तत्पर सरकार

लद्दाख में श्रम सचिव द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बीआरओ को राज्य के प्रवासी श्रमिकों को कार्य के दौरान जरूरी रक्षा संसाधनों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया है, ताकि श्रमिकों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे पूर्व भी राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों को हर संभव सहायता झारखण्ड सरकार ने पहुंचाई। कोरोना संक्रमण काल में भी झारखंड के श्रमिकों को सरकार हवाई जहाज से सुरक्षित झारखण्ड लेकर आई थी।

काम पूरा करने में झारखंड के कुशल और मेहनती श्रमिकों का अहम योगदान है। इसको ध्यान में रखते हुए लद्दाख में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए प्रतिनिधिमंडल श्रमायुक्त झारखंड के नेतृत्व में 21 अगस्त को लेह लद्दाख गया था।

सीएम हेमन्त सोरेन का मिला है निर्देश

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और लद्दाख में निर्बंधित लेबर एजेंसीज द्वारा खास कर संताली आदिवासियों को गैर कानूनी रूप से नियोजित करने के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

प्रवासी श्रमिकों से की मुलाकात

प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी श्रमिकों से मुलाकात की तथा कार्यस्थलों का भी दौरा किया। जहां से झारखंड के श्रम विभाग को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की बात कार्यरत श्रमिकों से कही गई है।

NEWS इन ब्रीफ

झारखंड में रक्षाबंधन की सरकारी छुट्टी अब 31 अगस्त को

रांची। रक्षाबंधन की सरकारी छुट्टी अब 31 अगस्त को होगी। एनआइए एक्ट के तहत कार्मिक विभाग ने सार्वजनिक अवकाश देने का आदेश जारी सोमवार को किया है। पहले या छुट्टी 30 अगस्त को दी गई थी लेकिन विभिन्न माध्यमों से जानकारी मिलने के बाद रक्षाबंधन की छुट्टी 31 अगस्त को घोषित की गयी है, यानी इस दिन अब झारखंड राज्य सचिवालय सहित संलग्न कार्यालय व सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। बैंकों में भी छुट्टी रहेगी।

टीपीसी संगठन के दो सदस्य गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस ने सोमवार को उग्रवादी संगठन टीपीसी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ग्रामीण इलाके में टीपीसी के दो सदस्य सक्रिय हैं। इसके बाद चान्हो और बुढ़मू थाने की पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी से फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

मुरहू में बेटे ने मां की गला दबाकर की हत्या आरोपी गिरफ्तार

खूंटी। मुरहू थानांतर्गत हासा पंचायत के माहिल साकेटोली गांव निवासी शंकर मुंडा ने रविवार की सुबह किसी बात पर अपनी वृद्ध मां कृष्णा देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। गांव के ही सरना स्थल के पास सुबह लगभग छह बजे हुई इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलने पर ग्रामीणों ने बीआइटी मेसरा स्थित अपनी ससुराल में रहने वाले महिला के बड़े पुत्र सुखराम मुंडा को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही सुखराम मुंडा गांव पहुंचा और मुरहू थाना की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मुरहू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

गिरिडीह में दो सड़क हादसों में दो की मौत,6 छात्र घायल

गिरिडीह। बगोदर थाना क्षेत्र में सोमवार को हुई अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि छह स्कूली बच्चे घायल हो गए। बताया गया कि बगोदर थाना क्षेत्र के माहुरी गांव से करीब 10 स्कूली छात्रों को लेकर स्कूल का पिकवेन हजारीबाग के विष्णुगढ़ के गेदा स्थित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल जा रहा था, इसी क्रम में जब स्कूली वेन बगोदर के संतरूपी पेट्रोल पंप के समीप पहुंची, तो तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने स्कूली वेन को पीछे से टक्कर मार दिया। इससे छात्रों से भरा स्कूल वैन सड़क किनारे पलट गया। घटना में छह स्कूली छात्र घायल हो गए।

चारा घोटाला : 35 आरोपी बरी, 53 को मिली सजा

36 आरोपियों की सजा के बिंदु पर सुनवाई 1 सितम्बर को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

चारा घोटाले के कांड संख्या (आरसी 48ए/96) डोरंडा कोषागार मामले में सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अवैध निकासी मामले में कुल 124 आरोपितों में से 53 को तीन साल एवं तीन साल से कम की सजा हुई है, जबकि 35 आरोपितों को बरी कर दिया गया है। साथ ही 36 आरोपियों की सजा के बिंदू पर एक

सितम्बर को सुनवाई होगी। कोर्ट ने जिन 35 लोगों को बरी किया है उनमें त्रिवेणी पासवान, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, चंद्र किशोर लाल, कामेश्वर प्रसाद यादव, मनोज कुमार सिन्हा, रमन कुमार सिन्हा, उमाशंकर यादव, ओम प्रकाश सिन्हा, चंद्रशेखर सिन्हा, अजय कुमार सिंह, वेंकटेश्वर नाथ पांडेय, रामसेवक साहू, दीनानाथ सहाय, साकेत बिहारी लाल, हरीश कुमार खन्ना, कैलाश मणी कश्यप, बलदेव साहू, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ईडी ने की मुन्नम संजय से जमीन घोटाले में पूछताछ

भाजपा नेता अभिषेक झा से भी आज होगी पूछताछ

योगेंद्र तिवारी व अमरेंद्र तिवारी से भी पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में शराब कारोबार की थोक नीति व देवघर जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने सोमवार को देवघर 20 सूत्री के उपाध्यक्ष व कांग्रेसी नेता मुन्नम संजय से पूछताछ की। मुन्नम से ईडी ने तकरीबन नौ घंटे पूछताछ की। वह देवघर की राय कोठी की जमीन के अवैध तरीके से कब्जाने के आरोपी हैं, इस मामले में ईडी ने 23 अगस्त को उनके घर पर छापेमारी की थी। वहीं इसी मामले में ईडी मंगलवार को दूसरे संदिग्ध अभिषेक झा से भी पूछताछ करेगी। ईडी ने इस मामले में अभिषेक झा को समन किया है। वह पूर्व मुख्यमंत्री बिनोदानंद झा के

विष्णु अग्रवाल की बेल याचिका पर 11 सितंबर को होगी सुनवाई

जमीन घोटाला के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में अदालत ने विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितम्बर को सुनवाई करेगा।

पोते हैं। अभिषेक साल 2009 में भाजपा से मधुपुर विस का चुनाव लड़ चुके हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड हाईकोर्ट का आदेश

महेश्वरी परिवार हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हजारीबाग के महेश्वरी परिवार ने आत्महत्या की थी या परिवार के सदस्यों की हत्या की गयी थी, इसकी गुत्थी अब सीबीआई सुलझायेगी। यह आदेश सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने दिया। परिवार के सदस्य राजेश महेश्वरी ने याचिका दाखिल कर सीआईडी जांच पर सवाल उठाया था और सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हेमंत शिकरवार ने बहस की। 14 जुलाई 2018 को हजारीबाग के खजांची तालाब के

पास बने सीडीएम शुभम अपार्टमेंट के तीसरे तले के कमरा नंबर 303 में माहेश्वरी परिवार के छह लोगों का शव बरामद हुआ था। मरने वालों में परिवार के मुखिया महावीर अग्रवाल, पत्नी किरण अग्रवाल, उनका बेटा नरेश, बहू प्रीति अग्रवाल, पोता अमन अग्रवाल और पोती अन्वी उर्फ परी अग्रवाल शामिल थी। इनमें महावीर अग्रवाल का शव बेडरूम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

चंद्रयान-3 की लागत से कम लागत वाला 'सूर्ययान' 2 सितंबर को होगा लांच

सूर्य मिशन भी सफल हुआ तो अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी व चीन की पंक्ति में पहुंच जाएगा भारत

आरएनएम। नई दिल्ली

इसरो अब सूर्य का अध्ययन करने के लिए 'आदित्य एल1' सूर्ययान 2 सितंबर को लॉन्च करने जा रहा है। कम बजट में चंद्रयान 3 की सफलता के बाद, उससे भी कम बजट में ही सूर्ययान लांचिंग की तैयारी है। मालूम हो कि इसरो में 2008 में सूर्य मिशन की परिकल्पना की गई थी। लेकिन उस पर काम धीमी गति से चलता रहा। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जोश बढ़ गया है , तो सूर्ययान



आदित्य मिशन की लांचिंग की भी तैयारी हो गई। इसके लिए इसरो ने माइनस लॉन्चिंग लागत , 378.53 करोड़ रुपये का बजट बनाया है। आदित्य एल1 का एल1 लाग्रेंज बिंदु 1 को इंगित करता है। यह धरती व सूर्य के बीच के दो महत्वपूर्ण बिंदुओं में से एक है। इसके माध्यम से सूर्य की जानकारी हासिल करने में मदद मिलती है। इस मिशन के मार्फत एल 1 बिंदु के आसपास 'हेलो कक्षा' में पहुंचने की कोशिश होगी, जिसमें 109 दिन लग सकते हैं। आदित्य एल1 मिशन चंद्रयान 3 से भी कम खर्च वाला है। यह सूर्य मिशन भी सफल हो गया तो अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी व चीन की पंक्ति में भारत भी पहुंच जाएगा। इसरो के पूर्व अध्यक्ष के सिवन के अनुसार, चंद्रयान 3 की कुल लागत लगभग 615 करोड़ रुपये है। लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल की लागत लगभग 215 करोड़ रुपये है। लॉन्च की लागत 365 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

पलामू : 6 मुखिया को मिली जान से मारने की धमकी

पलामू। जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह लहर बंजारी पंचायत के मुखिया अशोक सिंह सहित प्रखंड की सभी आधा दर्जन पंचायत के मुखिया इन दिनों दहशत में जी रहे हैं। छह पंचायत के मुखिया को जान से मार देने की धमकी टीएसपीसी के नाम पर मिल रही है। मुखिया संघ ने थाने को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में बताया गया है कि बीते दिन दूरभाष के माध्यम से टीएसपीसी के नाम पर लगातार तीसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। मुखिया संघ के अध्यक्ष सिंह ने बताया कि दूरभाष के माध्यम से कॉल कर टीएसपी के नाम पर रंगदारी की मांग की गई है। पूरे उंटारी रोड प्रखंड की सभी छह पंचायत के मुखिया को धमकी दी गई है। मुखिया अशोक द्वारा स्थानीय थाना उंटारी रोड में शिकायत भी की गई है लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने ने कहा कि प्रशासनिक छूट से क्षेत्र में गुंडा राज कायम होते जा रहा है।

एक झंडा, एक बैनर पर चुनाव लड़ सकते हैं इंडिया के 26 दल

मायावती भी हो सकती हैं 'इंडिया' का हिस्सा

बसपा मांग रही उत्तर प्रदेश में 45 लोकसभा सीट

कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली

26 दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया के ज्यादातर दलों ने मुंबई बैठक के पहले एक झंडा एक बैनर पर चुनाव लड़ने की सहमति जताई है। लेकिन कुछ अभी कुछ भी तय नहीं है। विपक्षी दलों के इस महागठबंधन में कुछ और दलों को भी शामिल करने की बातचीत चल रही है। कोशिश मायावती की बसपा को भी साथ लाने की हो रही है। वैसे तो मायावती ने कहा है कि वह न तो भाजपा नहीं कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। लेकिन कुछ दिन पहले बसपा के सांसद दानिश अली ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। जिसके बाद से कहा जाने लगा है कि मायावती ने भी इंडिया गठबंधन में शामिल होने के लिए सीटों की सौदेबाजी शुरू कर दी है। फिलहाल मुंबई में दो दिवसीय

होने वाले इंडिया की तीसरी बैठक में संयोजक तय किए जाने की संभावना है। इस विपक्षी गठबंधन को एकजुट दिखाने व बताने के लिए नया झंडा बनाने पर भी बात हो सकती है। ताकि एक झंडा एक बैनर पर लड़ने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों को आसानी से तोड़ा नहीं जा सके और कोई महाबली पार्टी व उसके चहेते उद्योगपति ईडी, सीबीआई,आयकर से डरा या खरीद नहीं सकें।

सूत्रों के अनुसार दानिश अली के मार्फत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उप्र की 45 लोकसभा सीटों के लिए संपर्क साधा गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन करके उप्र में चुनाव लड़ा था। जिसमें बसपा को 10 सीटें तथा सपा को 5 सीटें मिली थीं। लेकिन जब विधान सभा चुनाव हुआ और अलग -अलग लड़े तो बसपा को केवल एक सीट पर जीत मिली थी। इसलिए अपने घटते जनाधार को बचाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती की कोशिश लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन व सीटों के लिए बात कर लेने की है। लेकिन उनको उप्र की 80 लोकसभा सीटों में से 45 देने के लिए न तो नीतीश हामी भर रहे हैं, न ही इंडिया गठबंधन का और कोई नेता। मायावती यदि लगभग 20 सीटों पर मान जाएं तो बात बन सकती है। मुंबई बैठक में राज्यवार लोकसभा सीटों पर भी विचार - विमर्श होने की संभावना है।

एक करोड़ की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जितेंद्र कुमार और हर्षवर्धन चौबे शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी बिहार पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बिहार से की गई है। जितेंद्र बिहार के अररिया और हर्षवर्धन भागलपुर का रहने वाला है। इनके पास से दो मोबाइल, तीन सिम,चार आधार कार्ड, दो पेन कार्ड,11 एटीएम और वोटर आईडी बरामद किया है। डीएसपी नेहा बाला ने सोमवार को बताया कि दो अलग-अलग मामले में दोनों की गिरफ्तारी की गई है। सीआईडी की साईबर क्राईम थाना कांड संख्या 47/ 2023 में शिल्पी सिंह से इंटरनेशनल वर्चुअल नंबर के माध्यम से संपर्क किया गया, जिसमें उन्हें यूट्यूब पर विडियो लाईक करके पार्ट टाईम जॉब करने का काम दिया गया। इसके बाद उन्हें एक अन्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

राज्यपाल ने शैल सिंह की काव्य पुस्तक 'अभिव्यंज्जना' का किया गयाविमोचन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बीएयू में आयोजित सेमिनार के उद्घाटन के मौके पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा कवियित्री शैल सिंह की काव्य पुस्तक 'अभिव्यंज्जना' का विमोचन किया गया। इस काव्य पुस्तक में कवियित्री ने अपने ह्रदय के उदगार को 142 काव्य धाराएं एवं 6 गजलों की रचनाओं को रखा है। इस कविताओं की माला पुस्तक में कवियित्री शैल सिंह ने अपनी कल्पनाओं एवं भावनाओं की अनुभूति एवं अंतरात्मा के उदगार को सृजित कर पेश की है। इस कविता माला में कवियित्री ने खुशी, हताशा, निराशा, विरह, वियोग, बिछड़न के संवेग को शब्दों की वाणी से कविताओं में मुखरित किया है। एमए (समाजशास्त्र) एवं बीएड शिक्षा प्राप्त कवियित्री शैल सिंह एक कुशल गृहणी और बीएयू के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह की धर्म पत्नी है। इनकी अबतक शब्दों की चहलकदमी, कालजयी, काव्य पंचवटी, भोर की ओर, अक्षर रंगोली, साज सा रंग रचनाएं प्रकाशित हुई है। इन्होंने विभिन्न काव्य सम्मेलनों, काव्य गोष्ठियों एवं हिंदी दिवस के कार्यक्रमों में शिरकत की है। आकाशवाणी में भी कविताओं की प्रस्तुति दी है। इनकी रचनाएं समाचार झ पत्र एवं पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हो चुकी है।

सावन माह के अंतिम अष्टम सोमवार को मंदिर में लगी रही भक्तों की भीड़

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सावन माह के अंतिम अष्टम सोमवार के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान स्फटिक के श्री श्यामेश्वर महादेव की पूजा वंदना जलाभिषेक दूध अभिषेक के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भागीदारी रही। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना अभिषेक प्रारंभ हो गई । श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि शिवपूजा के लिए भक्तों को मंदिर के तरफ से प्रतिदिन पात्र में दूध निशुल्क दिया जाता है । 2 माह के सावन के लिए दूध सेवा अन्नपूर्णा सरावगी द्वारा अर्पित किया जा रहा है। पूर्वाहन 11:00 बजे से ब्रजकिशोर शारदा सीमा शारदा दोपहर 1:30 बजे से संगीता पोद्दार भारत सपना पोद्दार एवं सायं 4:00 बजे से उमेश कामदार ने अलग-अलग महादेव का रुद्राभिषेक अनुष्ठान करवाया। चंदन बेलपत्र फुल धतूरा फल प्रसाद

अर्पित कर भक्तों ने आराधना करके महाआरती की। संध्या काल उज्जैन के महाकाल के तर्ज पर श्यामेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूलों से संपूर्ण शिव परिवार को सजा कर केसरिया पेड़ा सूखे मेवा खीर आदि का भोग लगाकर आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्यामसुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू अनिल ननोर्ली स्नेह पोद्दार स्नेहा पोद्दार रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी श्याम सुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

पर्स व मोबाइल उड़ाने वाली दो महिला गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची में प्रतिष्ठानों व अन्य जगहों पर मोबाइल और पर्स की चोरी करने में गुलगुलिया गैंग एक बार फिर से सक्रिए हो गया है। लालपुर थाने की पुलिस ने ऐसी ही गैंग की दो महिलाओं को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजी है। जेल जाने वाली आरोपी महिलाएं नामकुम इलाके की हैं। बताया जा रहा है कि मोरहाबादी की रहने वाली सोनी सिंह का न्यूक्लियस मॉल के समीप से पर्स की चोरी हो गयी थी। उस पर्स में पैसे के अलावा मोबाइल भी था। इस संबंध में सोनी ने कोतवाली थाने की पुलिस को इसकी जानकारी दी। कोतवाली पुलिस ने उसे लालपुर थाने को भेज दिया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की तफ्तीश की। सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाला। इसके बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं को सोमवार की सुबह पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों आरोपी महिलाओं ने पुलिस को बताया कि वह घूम-घूम कर चोरी की घटना को अंजाम दिया करती है।

बाबूलाल के भाई पर झामुमो प्रवक्ता ने लगाया था आरोप

योगेंद्र के साथ बदनामी के डर से राहें कर ली थीं अलग : रामिया मरांडी

रामिया ने कहा कि उन्हें तब लगा था कि भविष्य में बदनामी हो सकती है, जिससे उनके बड़े भाई बाबूलाल मरांडी पर भी बूरा असर पड़ा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
ईडी की रडार पर आए शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी से संबंधों को लेकर बाबूलाल मरांडी के सगे भाई रामिया मरांडी ने कहा है कि बदनामी के डर से उन्होंने एक दशक पहले ही योगेंद्र तिवारी के साथ राहें अलग कर ली थीं। रामिया ने कहा कि संताल परगना बिल्डर्स जब 2005 में बनी थी, उसमें वह निदेशक थे। बाद में जब शिकायत मिलने लगी कि योगेंद्र तिवारी जमीन व शराब कारोबार में ऐसा काम भी करने लगा है, जिससे भविष्य में बदनामी हो सकती है। रामिया ने कहा कि योगेंद्र का मुख्य धंधा राजनीति व प्रशासन में प्रभावी लोगों से संपर्क बनाना है, निकटता होते ही सिंडिकेट बनाकर उनका इस्तेमाल अपने फायदे व गलत कामों के लिए करता है। रामिया ने कहा कि उन्हें तब लगा था कि भविष्य में बदनामी हो सकती है, जिससे उनके बड़े भाई बाबूलाल मरांडी पर भी बूरा असर पड़ा। ऐसे में वह 2011 में कंपनी से अलग हो गए।

13 साल बाद जोड़ा जा रहा नाम
रामिया मरांडी ने कहा कि 13 साल के बाद उनका नाम जबरन योगेंद्र तिवारी के साथ जोड़कर अखबारों में छपवाया जा रहा है। अगर कंपनी ने गलत धंधा किया है तो सरकार उसपर एफआईआर करे। रामिया ने कहा कि अगर वह गलत हैं, तो उन्हें भी जेल भेज दिया जाए। लगता है सरकार में कार्रवाई का साहस नहीं है, इसलिए प्रेस के माध्यम से सिर्फ लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है ताकि उनके बड़े भाई बाबूलाल मरांडी पर छींटाकशी किया जा सके।

जहर खाने से गंभीर अवस्था में रिम्स में इलाजरत छात्रा की मौत

शिक्षकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने किया चौक जाम

नवीन मेल संवाददाता। रातू
कृषक उच्च विद्यालय गडरी गुडू की छात्रा की जहर पीने के चार दिन बाद रिम्स में इलाजरत साक्षी कुमारी की मौत हो गयी। वह स्कूल की 10 वीं क्लास की छात्रा थी। पुलिस शव को कब्जे में कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। छात्रा की मौत के बाद परिजनों ने मारपीट के आरोपित शिक्षक शिक्षिका के गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को पहले थाना घेरा इसके उपरान्त शव को बीच रास्ते मे रख कर पांच घंटे तक काठीटांड चौक एनएच 75 को जाम रखा। सड़क जाम के कारण सड़क के चारो ओर सैकड़ो वाहनों की लंबी कतार लग गयी। आने जाने वालों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। लंबी दूरी की बसों की यात्री काफी परेशान दिखे। आक्रोशित ग्रामीण कृषक उच्च विद्यालय के चार शिक्षक शिक्षिकाओं की गिरफ्तारी व कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत,प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, सीआई संतोष उरांव, आजसू नेता भरत कांसी ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। लगातार पांच घंटे चले समझौते के बाद जाम हटा दिया गया। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

कीटनाशक दवा पीने का क्या है मामला : कृषक उच्च विद्यालय गडरी गुडू की 10 वीं क्लास की छात्रा साक्षी कुमारी ने बुधवार की सुबह कीटनाशक दवा खा ली थी। 22 अगस्त को विद्यालय के तीन छात्रा 16 वर्षीय साक्षी कुमारी , 11 वर्षीय रिया कुमारी वह 15 वर्षीय अशिता कुमारी स्कूल के लिए निकली थी। परन्तु स्कूल न जाकर वह कही घूमने चले गये। बुधवार को जब छात्राएं स्कूल पहुंची तो उससे स्कूल में अनुपस्थिति का कारण पूछा गया घूमने जाने की जानकारी मिलने पर छात्राओं के साथ मारपीट की गई। स्कूल से घर वापस लौटने के उपरांत बुधवार की सुबह एक छात्रा साक्षी कुमारी ने अपमानित होकर घर में रखे कीटनाशक दवा खा ली।

झारखंड जन कल्याण सेवा संस्थान ने मरीजों के बीच फूड पैकेट का किया वितरण

सिल्ल। सिल्ली सामुदायिक अस्पताल परिसर में सोमवार को झारखंड जन कल्याण सेवा संस्थान सिल्ली के सदस्यों ने टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार का पेकेट दिया। ज्ञात हो कि संस्थान के सदस्यों ने निक्षय मित्र योजना के तहत क्षेत्र के 4 टीबी मरीजों को गोद लिया है। संस्थान की ओर से मरीजों को पिछले 6 महीने से लगातार हर महीने पौष्टिक आहार उपलब्ध किया गया है। फूड पैकेट में दाल, सोयाबीन बड़ी, गूड़, तेल शामिल है। अस्पताल के चिकित्सकों ने संस्थान के सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के कई टीबी मरीजों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारियों के द्वारा निक्षय मित्र योजना के तहत को गोद लिया गया है। जिससे क्षेत्र के टीबी मरीजों को इसका लाभ मिला। टीबी मरीजों के लिए पोस्टिक आहार का सेवन बहुत जरूरी है, इससे मरीज जल्दी सेहत मंद हो जाते हैं। टीबी मरिजों ने संस्थान के सदस्यों के प्रति आभार जताया।

समाहरणालय,खूँटी
(जिला भू-अर्जन शाखा)

–:आदेश:–

भूत हुटार लोधमा नगड़ी पथ चौड़ीकरण परियोजना के लिए मौजा बेलांगी, थाना न0 228, मौजा चॉची, थाना न0 125, मौजा गुटजोरा, थाना न0 163, मौजा तिग्गा, थाना न0 236, मौजा खिजुरी, थाना नं0 230, अंचल खूँटी एवं कर्रा, जिला खूँटी का भूमि अधिग्रहण हेतु दिनांक 25.07.2023 एवं 19.08.2023 को प्रारंभिक अधिसूचना धारा 11(1) की जा चुकी है।

झारखण्ड भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2015 का नियम 25 (1),(2),(3),(4) के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के तहत निम्नलिखित तिथि को भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के नेतृत्व में जनसुनवाई का आयोजन किया गया है।

क्र0	तिथि	अंचल	मौजा	थाना सं0	समय	स्थल
1	09.09.2023	खूँटी	बेलांगी	228	11.00 पूर्वाह्न	बेलांगी, इमली पेड़ के पास
2	11.09.2023	कर्रा	चॉपी	125	11.00 पूर्वाह्न	सामुदायिक भवन, चॉपी
3	12.09.2023	खूँटी	गुटजोरा	163	11.00 पूर्वाह्न	सामुदायिक भवन, गुटजोरा
4	13.09.2023	कर्रा	तिग्गा	236	11.00 पूर्वाह्न	सामुदायिक भवन, तिग्गा
5	14.09.2023	खूँटी	खिजुरी	230	11.00 पूर्वाह्न	सामुदायिक भवन, खिजुरी

अतः सभी संबंधित रैयतों/वार्ड सदस्यों/ग्राम प्रधान/ग्राम सभा सदस्यों/ मुखिया/ प्रमुख/ पंचायत समिति सदस्य, संबंधित प्रखण्ड से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय में जनसुनवाई हेतु उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

ह0/–
प्रशासक,
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम
–सह– अपर समाहर्त्ता,खूँटी

PR 305675 Land Reforms(23-24).D

संदिग्ध लोगों पर बैंक प्रबंधन रखेगी नजर

बेवजह बैंक में दिखे तो भेजे जाएंगे हवालात

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची के विभिन्न बैंकों में बिना वजह घूमने गए तो ऐसे लोग हवालात की हवा खा सकते हैं। ऐसे लोगों पर अब बैंक प्रबंधन नजर रखेगी। संदिग्ध पाए जाने पर इसकी सूचना बैंक प्रबंधन पुलिस को देगी। इसके बाद पुलिस ऐसे संदिग्ध को पकड़कर जेल भेजेगी। लुटेरों व स्नैचरों को दबोचने के लिए रांची पुलिस ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में शहर के विभिन्न बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक की। एसएसपी किशोर कौशल की अध्यक्षता में हुई बैठक में छिनतई व लूटपाट की घटनाओं पर चर्चा हुई। यह बताया गया कि शहर में अधिकतर लूट की घटनाओं को अंजाम देने से पहले अपराधी उस पीड़ित व्यक्ति की रेकी बैंक से ही करते हैं। लूटपाट के विभिन्न कांडों की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। बैंक अधिकारियों से कहा गया है कि वे पुलिस को सहयोग करें। बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा को दुरुस्त करें। साथ ही बैंक परिसर के बाहर भी कैमरा लगाएं ताकि आने-जाने वाले व्यक्ति पर न सिर्फ नजर रखी जा सके, बल्कि अगर किसी तरह की घटना होती है तो अपराधियों की पहचान आसानी से हो सके। बैठक में सिटी एसपी शुभांशु जैन, सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार के अलावा अन्य पुलिस व बैंक के अधिकारी मौजूद थे।

बैंक से ही हुई थी यूनिफार्म हाउस के कर्मी से लूट : कोतवाली थाना क्षेत्र के लाइन टैंक तालाब के पास बाइक सवार दो अपराधियों ने बीते 18 अगस्त को यूनिफार्म हाउस के कर्मी अरूण कुमार से दो लाख रुपए लूटकर फरार हो गए थे।

धुर्वा डाकघर से नौ लाख का गबन डाककर्मियों समेत कई पर केस

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एचईसी के सेवानिवृत कर्मी जगरोपन प्रसाद सिंह के पोस्ट ऑफिस में जमा की गई नौ लाख रुपए की रकम की अवैध निकासी कर ली गई है। पोस्ट ऑफिसकर्मी और एजेंट की मिलीभगत ने राशि की अवैध निकासी हुई है। इस संबंध में जगरोपन प्रसाद सिंह ने एजेंट संतोष कुमार सिंह और पोस्ट ऑफिसकर्मियों के खिलाफ धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में जगरोपन ने कहा है कि धुर्वा स्थित डाकघर में उनका खाता चल रहा है। डाकघर स्थित एकाउंट को जब वह रिन्यू कराया। छह जून को उन्हें नया पासबुक जारी किया गया। नया पासबुक जारी होने के बाद उनके खाते में जमा राशि के एवज में कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया गया। उन्हें ब्याज सिर्फ अप्रैल 2023 तक ही जमा दिखाया गया। इसके बाद उन्होंने जब डिटेल लिया तो पता चला कि उनके खाते में सिर्फ 532 रुपए ही जमा है। जबकि उनके खाते में करीब नौ लाख रुपए जमा थे। उनका आरोप है कि उनके खाते से संतोष कुमार सिंह नामक व्यक्ति ने राशि की निकासी कर ली है।

कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

झारखण्ड सरकार

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 वर्ष 2023–24

1	विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा।
2	परिमाण विपत्र विक्री की तिथि	दिनांक 20.09.2023 को कार्यालय अवधि में।
3	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	दिनांक 21.09.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 21.09.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से।
5	परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान	1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०.2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा।
6	निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान	1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०.2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा।

7. कार्य की विवरणी :–

क्र० सं०	अंचल का नाम	प्रमण्डल का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपय में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हजारीबाग	कोडरमा	पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत बिरनी–लिंक पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2023–24	1000000.00	20000.00	1250.00	02(दो) माह
2			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत पतालडीह–देवरी–गाँवा–सतगाँवा पथ के कि0मी0 0.00 से 30.90 में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2023–24	2000000.00	40000.00	5000.00	03(तीन) माह
3			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत कोआर–कोडरमा पथ के कि0मी0 60 में मधवाटांड़ चौक के पास Junction Improvement का कार्य वर्ष 2023–24	3000000.00	60000.00	5000.00	03(तीन) माह
4			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत पतालडीह–देवरी–गाँवा–सतगाँवा पथ के कि0मी0 12.00 में 300 मी0 नाली निर्माण कार्य वर्ष 2023–24	2500000.00	50000.00	5000.00	03(तीन) माह
5			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत D.V.C चौक(न्यू मंदिर) से कोरियाडीह पथ में 400 मी0 नाली निर्माण कार्य वर्ष 2023–24	3000000.00	60000.00	5000.00	03(तीन) माह
6			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत विभिन्न पथों में अवस्थित Full Gantry/Half Gantry का मरममति एवं रंग–रोगन कार्य वर्ष 2023–24	1000000.00	20000.00	1250.00	02(दो) माह
7			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत कार्यपालक अभियन्ता का आवास का मरम्मति एवं साजो–सज्जा कार्य कार्य वर्ष 2023–24	2000000.00	40000.00	5000.00	03(तीन) माह
8			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत विभिन्न पथों में K.M Stone, पुल/पुलिया की पारापेट एवं रैलिंग की मरम्मति एवं रंगरोगन का कार्य वर्ष 2023–24	3000000.00	60000.00	5000.00	03(तीन) माह
9			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत विभिन्न पथों में राष्ट्रीय उच्च पथ,राज्य उच्च पथ और जिलों के प्रमुख सड़कों से लगने वाले संधियों पर Voice/Sound के साथ Yellow Blinker अधिष्ठापन का कार्य वर्ष 2023–24	2400000.00	48000.00	5000.00	03(तीन) माह
क्र० सं०	अंचल का नाम	प्रमण्डल का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपय में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7	8
10	हजारीबाग	कोडरमा	पथ प्रमण्डल,कोडरमा कार्यालय परिसर अन्तर्गत अवस्थित निरीक्षण भवन एवं चाहरदीवारी का मरम्मति एवं रंगरोगन तथा Landscaping & Street Light कार्य वर्ष 2023–24	2000000.00	40000.00	5000.00	03(तीन) माह
11			पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत कोडरमा–जमुआ पथ के कि0मी0 1 में अपना हमते ट्रेलर एवं फैषन फर्निचर के पास Black Spot में सुधार का कार्य वर्ष 2023–24	2000000.00	40000.00	5000.00	03(तीन) माह

➤ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र ,***GSTiN, UCAN***से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता–सह–
राजमार्ग पदाधिकारी
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR305707 (Road)23-24*D

लूट कांड

पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

घटना को अंजाम देने वाले 14 सदस्य गिरफ्तार

रिमांड पर लेगी कई थानों की पुलिस

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची के सदर थाने की पुलिस ने लूटपाट व चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के सरगना समेत 14 सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों के पास से चोरी की सात बाइक, लूटा हुआ आठ मोबाइल के अलावा दो ऑटोमेटिक पिस्टल व एक कट्टा के अलावा गोली भी बरामद की है। कोकर देवी मंडप रोड निवासी अम्बर कुमार राम गिरोह का सरगना है और उसके इशारे पर गिरोह के सदस्य लूटपाट व चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि कोकर भाभा नगर में बीते 25 अगस्त की अहले सुबह नालांदा के एक युवक से चार अपराधियों ने हथियार के बल पर पांच हजार रुपए और मोबाइल की लूट हुई थी। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार और थानेदार श्याम किशोर महतो के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की खोजबीन शुरू की। इसी बीच यह खबर मिली कि कोकर चौक के समीप कुछ अपराधी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर छह अपराधियों को दबोच लिया। उन अपराधियों के पास से पुलिस ने हथियार भी बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने भाभा नगर में हुई लूटपाट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। इस वारदात को अम्बर, नीरज, सन्नी, साहिल, राजा और सौरभ ने अंजाम दिया था। कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य अपराधियों को दबोचा।

अम्बर कुमार राम, सरना टोली कोकर के नीरज कुमार उर्फ सब्जी, पीस रोड के सन्नी पासवान उर्फ शिवा पासवान, कोकर बाजार के शंकर राम उर्फ सोनू, ढेलाटोली के साहिल सिंह उर्फ टेंजेट, कोकर महावीर नगर के सौरभ कुमार, शांति नगर के मो शब्बीर कुरैशी व शादाब कुरैशी, चिरौंदी के रोहित कुमार साव, कोकर तिरिल रोड के अमित कुमार वर्मा, न्यू खटंगा के मनीष कुमार, आदर्शनगर के राजा वर्मा उर्फ हर्ष, तपोवन गली के सन्नी कुमार और गाड़ीगांव के सूरज गुप्ता शामिल है।

चार थाना क्षेत्रों में देता था घटना को अंजाम : गिरोह के सदस्य शहर के पांच थाना क्षेत्रों को अपना इलाका बना लिया था। लालपुर, सदर, बरियातू, चुटिया और नामकुम इलाके में गिरोह के सदस्य चोरी, छिनतई और लूट की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। इन इलाकों को गिरोह के सदस्यों ने एक दर्जन से अधिक हथियार के बल पर लूटपाट और चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

नशा के लिए करता है लूटपाट व चोरी : एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी नशा का सेवन किया करते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे लोग लूटपाट व चोरी की वारदात को अंजाम देकर उससे मिली राशि आपस में बांट लेते हैं। उस राशि से वे लोग नशा का सेवन किया करते हैं। एसएसपी ने बताया कि आरोपी ब्राउन शुगर, शराब व गांजा का सेवन करते हैं। जिस वक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, उस समय भी वे लोग नशे की हालत में थे।

एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

सिल्ली। सिल्ली प्रखण्ड के बांसारुली पंचायत कांटाडीह गांव मे रविवार को स्व. अजीत महतो स्मारक एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस खेल के मुख्य अतिथि मोहम्द फारुख का खिलाड़ीयों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस एक दिवसीय मैच मे आठ टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक मैच आठ ओभर का खेला गया। जिसमें सेमीफाइनल छः ओभर का और फाइनल मैच चार टूर्नामेंट के फाइनल मे कांटाडीह एवं लोटा खलारी के बीच खेला गया। लोटा खलारी के टीम ने टॉस जितकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। अच्छी बल्लेबाजी करते हुए चार ओभर मे सात विकेट खोकर 33 रन बनाया। वही कांटाडीह के टीम ने जबाबी पारी खेलते हुए चार ओभर मे चार विकेट खोकर 25 रन ही बना पाया। जिसमें लोटा खलारी के टीम आठ रन से विजयी रहा। मुख्य अतिथि मोहम्द फारुख ने विजेता टीम को 10,000 रु के साथ ट्रॉफी देकर एवं उपविजेता टीम को 8000 रु नगद के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

NEWS इन ब्रीफ

वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत ग्रामीणों ने लगाया जाम

रांची। बुंडू थाना क्षेत्र में सोमवार को रांची-टाटा राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गोसाईडीह गांव निवासी विमला देवी (35) की मौत हो गई। पता चला है कि वह सुबह शौच के लिए गई थीं। लौटने के दौरान वाहन की चपेट में आ गयीं। उपचार के लिए रांची ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क में रखकर सड़क पर यातायात अवरुद्ध कर दिया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को 10 हजार रुपये की तत्काल राहत राशि देकर आगे की कार्यवाही के लिए शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। गौरतलब है कि गोसाईडीह पेट्रोल पंप से गोसाईडीह गांव के मुहाने तक बीते पांच वर्षों में दर्जनों लोग सड़क हादसे का शिकार हो चुके हैं। गोसाईडीह गांव के एचपी पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के बाद चालक गलत दिशा में ही वाहनों को चलाते हैं, जिससे सड़क पार करने वाले या सही दिशा में आवाजाही करने वाले लोग हादसे के शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं।

झारखंड हाई कोर्ट से रजनीगंधा कंपनी को राहत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने रजनीगंधा कंपनी की याचिका को स्वीकार कर लिया है। झारखंड सरकार ने राज्य में रजनीगंधा समेत अन्य 10 पान मसालों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ कंपनी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले की सोमवार को सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में हुई। कंपनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विवेक कोहली और अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मुख्यमंत्री से मिले कुलपति डॉ. अशोक आर. पाटिल

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एन.यू.एस.आर.एल.) रांची के कुलपति डॉ. अशोक आर. पाटिल ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट बतायी जा रही है।

ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने मनायी राखी महोत्सव

रांची। रांची। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को ओरमांझी में राखी महोत्सव मनाया गया। रांची केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने ओरमांझी केन्द्र में लोगों को राखी बांधी। निर्मला बहन ने रिश्तों में प्रेम और मयार्दा की बात कही। कहा कि, राखी के दो धागे बंधन न होकर ज्ञान और योग के दो सूत्र हैं, जो काम-क्रोध के डोर को काट देते हैं।

बकरी बाजार में दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए हुआ भूमि पूजन

150 से अधिक कारीगर तैयार करेंगे पूजा का भव्य पंडाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जैसा की ज्ञात है 65 वर्षों से भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता आ रहा है। इस बार भारतीय युवक संघ के द्वारा भव्य और विशाल पंडाल का स्वरूप देखने को मिलेगा। दुर्गा पूजा में आप सभी माँ दुर्गा के भक्तो को एक अद्भुत कला का अवलोकन करने का मौका प्राप्त होगा इसी निमित्त आज सुबह 11:30 बजे बकरी बाजार परिसर में भारतीय युवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी व सचिव निर्मल मोदी ने पूजा स्थान पर भूमि पूजन कर पूजा पंडाल के निर्माण का श्रीगणेश कराया। इस अवसर पर आचार्यो के द्वारा विधिवत भगवान विश्वकर्मा का आह्वान करते हुए भूमि पूजन किया गया। आज से पूजा पंडाल का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। श्री चौधरी ने बताया की इस बार पंडाल का स्वरूप काल्पनिक है। इस बार पूजा पंडाल में दर्शनार्थियों को कई तरह से सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। बिना किसी दिक्कत और तकलीफ के लाखों लोग पंडाल की सुंदरता सहित माँ के दर्शन कर सकेंगे। पूजा पंडाल के भूमि पूजन में मुख्य रूप से अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव निर्मल मोदी, प्रकाश धेलिया, दीपक चौधरी, अरविंद चौधरी , अमित बजाज, विवेक पोद्दार, देवेश झा, अमित सोनी, सुनील पोद्दार, किशोरी पोद्दार, दीपक टाटिया व अन्य भारतीय युवक संघ के सदस्य मौजूद थे।

रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर को अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान ने आयोजित किया। शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान किया। अनवर खान ने कहा की हमारी संस्था अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन समाज के कल्याणकारी का कार्य करती है। शिविर में रक्तदाओं को प्रशस्ति पत्र बांटे। रक्तदान शिविर के लिए रांची सदर अस्पताल से आई कर्मचारी की टीम ने रक्तदाताओं के रक्त ग्रुप की जांच कर रक्तदान करवाया। अनवर खान ने कहा की हमने कुरान में पढ़ा है की किसी एक इंसान की जिंदगी बचाई तो उसने पूरी इंसानियत को जिंदगी बचाई। इस आयोजन में नसीम, अनवर, रियाजुद्दीन, काशिफ, रयान, फिरोज, फरहान, आबिद अली इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही साथ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के कर्मचारी ने अपना योगदान दिया जिनमें से मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अमानुल्लाह, निशा, अनूप, निरंजन और डॉक्टर यस विनायक हैं।

एकल अभियान ने स्वास्थ्य कर्मियों के संग मनाया रक्षा बंधन

रांची। सोमवार को एकल अभियान (दक्षिण झारखंड संभाग) श्री हरि सत्संग समिति रांची चैप्टर द्वारा रक्षाबंधन का कार्यक्रम सदर अस्पताल रांची के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सफाई कर्मी के संग मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार, विशिष्ट आतिथि डॉक्टर अनिल कुमार खेतान मुख्य वक्ता एकल अभियान के केंद्रीय अभियान प्रमुख डॉक्टर ललन शर्मा, श्रीहरि कथा प्रसार योजना के केन्द्रीय प्रभारी श्रीमान सतीश तुलस्यान, एकल अभियान ग्रामसंगठन महिला समिति की राष्ट्रीय मार्गदर्शिका उषा जालान, एकल अभियान ग्रामोत्थान उत्पाद फाउंडेशन की डायरेक्टर सुनीता महांसरिया, मंच संचालन करते बबिता जालान (सचिव श्री हरि सत्संग समिति) संभाग अध्यक्षा राजकुमारी जैन के साथ-साथ श्री हरि सत्संग समिति के अनेक गणमान्य पदाधिकारी के साथ-साथ एकल फ्यूचर झारखंड प्रांत अध्यक्ष श्री प्रशांत कुमार सिंह की पूरे टीम के साथ एकल अभियान के सेवावर्ती व्यास भाई बहन के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विसिठ आतिथि एवं सम्मानित आतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कि गई। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर सदर अस्पताल के डाक्टर, नर्स, सुरक्षा एवं सफाई कर्मियों को राखी बांध मिठाईयां खिलाकर प्रेमसेतू का संबंध स्थापित कर एक दूसरे के प्रति सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कुल 440 व्यक्तियों की उपस्थिति थी जिसने इस कार्यक्रम में चार चांद लगाया ।

जिला जन संपर्क ईकाई में कार्यरत आदेशपाल तितो उराईन हुई सेवानिवृत्त

रांची। सोमवार को जिला जन सम्पर्क ईकाई रांची की आदेशपाल तितो उराईन एवं पूर्व में हुए सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान, श्री वनमाली महतो के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय राँची के सभी पदाधिकारी/कर्मी मौजूद थे। सभी ने श्रीमती तितो उराईन को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला जन संपर्क अधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर ने तितो उराईन को शॉल एवं पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित करते हुए विशेष तौर पर कहा कि श्रीमती तितो उराईन हमेशा अपने दिए गए कर्तव्यों को बेहतरीन तरीके से निभाया है। ये समय की भी हमेशा पाबंद रही हैं। यह सभी के लिए अनुकरणीय रहेगा। विदाई समारोह के दौरान जिला जन संपर्क अधिकारी राँची डॉ॰ प्रभात शंकर सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने श्रीमती तितो उराईन एवं श्री वनमाली महतो के साथ अपने कायार्नुभव साझा किये। श्रीमती तितो उराईन 29 वर्ष की सेवा एवं श्री वनमाली महतो के सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी/कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्ति पर मिले सम्मान पर उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री से श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 6 सितंबर 2023 को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे।

भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन

प्राकृतिक और खनिज संपदाओं से समृद्ध है झारखंड राज्य : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्राकृतिक और खनिज संपदाओं से झारखंड समृद्ध है। यहां कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम, चूना पत्थर, डोलोमाइट, मैग्नेटाइट, ग्रेफाइट, तांबा, अभ्रक आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। देश के कुल खनिजों का लगभग 40 प्रतिशत हमारे राज्य में उपलब्ध है। राज्यपाल सोमवार को रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के 29 प्रतिशत से अधिक भाग वनों से आच्छादित हैं, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यह राज्य विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकता है। यहां युवक-युवतियों में कार्य करने की अपार क्षमता है, वे अत्यंत परिश्रमी हैं। वे दूसरे राज्यों में जाकर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर काफी संख्या में औद्योगिक इकाइयों में कार्य कर रहे हैं। कोयंबटूर में हजारों की संख्या में यहां के लोग कार्य कर रहे हैं। उनमें इतनी प्रतिभा है कि झारखंड में स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। आवश्यकता है बढ़ावा देने की। इसके लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालय एक साथ इकट्ठा होकर नए अभिनव विचार साझा कर सकते हैं। उस पर मंथन कर लागू करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में गिलोय संस्करण प्लांट की स्थापना से प्रेरणा लेनी चाहिए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को बढ़ावा देना होगा। राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में "वैल्यू एडेड प्रोडक्ट" के उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि होगी। "स्वयं सहायता समूह" को कृषि क्षेत्र से जोड़कर इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो झानो, वीर बुधु भगत, जतरा टाना भगत, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, नीलांबर-पीतांबर जैसे कई महान स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्यपाल ने कहा कि खेलों में झारखंड के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के द्वारा चलाए गए रक्षा-सूत्र सह शाब्दिक रक्षा- सूत्र अभियान के अंतर्गत 124 इन्फेंट्री ब्रिगेड नामकुम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल जी ने ब्रिगेडियर उमेश ए पारब, को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया उन्हें तिलक लगाया एवं उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर मंगल कामना की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया राष्ट्रीय सहसचिव रेखा अग्रवाल, रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर ने सभी वरीय अधिकारियों को बुके देकर सम्मानित किया और समिति की बहनों के साथ 90 सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। सैनिक भाइयों की ओर से समिति की सभी सदस्यों को अमर चित्र कथा परमवीर चक्र उपहार स्वरूप दी गई। नीरा बथवाल ने देश प्रेम से भरी कविता सैनिक भाइयों को सुनाई। उर्मिला पाड़िया ने भाई बहन के प्यार से भरा बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर औषधीय एवं अन्य उपयोगी पौधों का वितरण भी किया गया।ब्रिगेडियर सर और उनकी टीम ने महिला मंच की बहनों का इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में-सचिव रीता केड़िया, बबीता नारसरिया, मधु सराफ, मंजू लोहिया, शशि डागा, मंजू केडिया, बिना मोदी, रीना सुरेखा, मीना अग्रवाल, सीमा टांटिया, प्रीति बंका,जया विजावत, रेनू छापरिया, सुनीता सरावगी, प्रीति अग्रवाल, सुषमा पोद्दार, सुधा अग्रवाल, जिज्ञासा नारसरिया, ज्योति गर्ग, बबीता गर्ग, मंजू तुलस्यान का योगदान रहा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा चलाए जा रहे हैं रक्षा सूत्र अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

रांची-जमशेदपुर एक्सप्रेस-वे की नितिन गडकरी ने की तारीफ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नेशनल हाइवे-33 सड़क को लेकर सोशल मीडिया में तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि जहां पहले रांची से जमशेदपुर जाने में काफी समय लगता था, वह दूरी अब महज दो घंटे में पूरी हो रही है। ऐसा सिर्फ इस एक्सप्रेस-वे के बनने से हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सड़क के किनारे हर ओर हरियाली, पहाड़ और नदियों की भी तस्वीर साझा की और कहा कि एक नया आनंद इस एक्सप्रेस वे से गुजरने पर लोगों को हो रहा है। रांची से जमशेदपुर फोरलेन रोड का निर्माण एक समय में जहां मुमकिन नहीं लग रहा था, वहीं अब इसके पूरी तरह से बन जाने के बाद बिलकुल नये लुक में आ गया है। रांची से जमशेदपुर-महुलिया तक 165 किमी रोड का निर्माण कार्य लगभग दस साल से चल रहा है। शुरूआती समय में जिस एजेंसी मधुकॉन को इसके निर्माण का जिम्मा दिया था, उसने आधा-अधूरा काम करके छोड़ दिया, जिसके कारण सालों तक परियोजना लटकी। केंद्र सरकार ने बाद में इस कंपनी को टर्मिनेट कर दिया। इसके बाद एनएचएआई के जरिये चार पैकेज में इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसमें रांची बाईपास विकास से रामपुर सेक्शन को छोड़कर रामपुर से जमशेदपुर तक पूरी सड़क फोरलेन हो गयी है। वाहन सरपट दौड़ रहे हैं।

कलाकारी

'मेरी आवाज मेरी पहचान' के कलाकारों ने संगीत का बिखेरा जलवा

परम शाह ने दिखाई अपने हाथों की कला, 5 मिनट में बना डाली तस्वीर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के मोरहाबादी मैदान मेला में लोगों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। रोजाना कलाकारों का जलवा दिखाया रहा है । मेरी आवाज मेरी पहचान के कलाकारों ने संगीत और गायन के क्षेत्र में अपना जलवा को बिखेरा। सिंगर कुमार गहलोत और सिंगर कविता होरो ने धमाकेदार गाना पेश किया। रमीज बारी, राज अली और आफताब आलम ने भी अपने गानों से लोगों का दिल जीत लिया। परम शाह, जमाल अख्तर, सुलोचना शाहदेव, काव्य, कृति, सक्षम, राधिका, तनवीर खान ने भी अपने गीतों से सभी का दिल जीता। मोरहाबादी मेला में हर दिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेला में खानपान के अलावा कपड़े, हस्तकला आदिवासी मुद्दों को प्रदर्शित करती हुई टी-शर्ट स्टॉल, बेबी प्लांट, आदिवासी व्यंजन, सजावट के सामान आदि के स्टाल लगाए गए हैं। परम शाह ने बताया कि हर दिन रंगारंग सांस्कृतिक का आयोजन किया जा रहा है। मेला में विधि व्यवस्था के लिए 20 वॉलिंटियर्स लगाए गए हैं । क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया की ओर से मोरहाबादी मेला में प्रतिदिन तरह-तरह के मनोरंजन कार्यक्रम भी हो रहे हैं। कलाकार नृत्य गीत से सभी का मनोरंजन कर रहे हैं। मेला में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फार्स्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह ने 5 मिनट में ही लाइव किशन अग्रवाल की तस्वीर बना दी। सबको हैरान कर दिया। देखने वालों की भीड़ लगी हुई थी। पेंटिंग बनाने के बाद सभी लोग मंच पर चढ़ गए और परम शाह को बधाई दी। मेले में मौजूद लोगों ने परम शाह के हुनर को सलाम किया। एक्टर देवेश खान, किशन अग्रवाल और सहसचिव बुलंद अख्तर ने भी बधाई दी। किशन अग्रवाल अपनी चित्र बनते देख खुशी का इजहार किया।

परम शाह ने बताया कि हर दिन रंगारंग सांस्कृतिक का आयोजन किया जा रहा है। मेला में विधि व्यवस्था के लिए 20 वॉलिंटियर्स लगाए गए हैं । क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया की ओर से मोरहाबादी मेला में प्रतिदिन तरह-तरह के मनोरंजन कार्यक्रम भी हो रहे हैं

चान्हो थाना के चौकीदार के सामने ही उसकी बाइक लेकर भागा चोर

चान्हो। थाना क्षेत्र के टांगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में ड्यूटी करने गए थाना के चौकीदार विनोद गोप की अपाची बाइक उसके सामने ही उचक्का लेकर फरार हो गया। घटना सोमवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे की है। बताया जाता है कि विनोद बाइक से ड्यूटी करने टांगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया गया था। उसी दौरान दोपहर को एक उचक्का वहां पहुंचा और बैंक के नीचे खड़ी बाइक लेकर खलारी की तरफ भागने लगा। बैंक ड्यूटी कर रहा चौकीदार उस समय प्रवेश द्वार की सीढ़ी पर ही बैठा था उसने चोर को बाइक लेकर भागते देखने पर शोर मचाया। इसके बाद एक अन्य चौकीदार के साथ लगभग 15 किमी तक उसका पीछा भी किया, परंतु चोर बाइक लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी चान्हो थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर पुलिस का कहना है कि चोर को पकड़ने में पुलिस जुटी हुई है उसे शीघ्र ही पकड़ लिया जायेगा।

जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से शुरू



नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी छह और सात सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे लकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं। कहीं पर शिशु कृष्ण, लड्डू गोपाल की मूर्ति को छोटी-सी चारपाई पर रख कर कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, तो कही पर मूर्ति को बड़े से खाट पर लिटाया जाएगा और खीरे में चीरा लगा कर ठाकुर जी का जन्म कराया जाएगा। उस दिन भक्त दिन भर उपवास कर रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव मनाएंगे। इसे लेकर कई मंदिरों में दही-हांडी और मटकी फोड़ने का भी आयोजन किया जाएगा। छोटे बच्चे भगवान कृष्ण और राधा की भूमिका में भी नजर आएंगे। कृष्ण जन्माष्टमी से चार दिन पहले आयोजन की जानकारी के लिए मटकी टांगी जाएगी। तीन सितंबर को झूला लगाया जाएगा। भक्त दिन भर यहां आकर झूला हिला सकेंगे। छह सितंबर को भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। तीन सितंबर को सुबह लड्डू गोपाल को झूले में बैठा कर नगर भ्रमण कराया जाएगा।

फाइनल मैच के लिए कल भिड़ेंगी टीमें

रांची। डॉ. रामदयाल मुण्डा क्रीड़ा केंद्र और रूम्बुल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे नौवीं पद्म रामदयाल मुण्डा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन दूसरे चक्र के सभी मैच समाप्त हो गए। कल फाइनल में स्थान पक्का करने के लिए मेकॉन, राजा स्पोर्टिंग बरियातू, सत्यारी टोली रांची और मामा स्पोर्टिंग रातु की टीमें आपस में भिड़ेंगी। प्रतियोगिता के छठवें दिन के पहले मुकाबले में सत्यारी टोली, रांची बनाम अर्षित क्लब रांची के बीच रोमांचक प्रतिद्वंद्विता का लिफ्ट हजारों की संख्या में फुटबॉल प्रेमियों ने उठाया। दोनों ही टीमों ने पहले हाफ में शानदार खेल दिखाया पर दोनों ही टीमों ने पहले हाफ में 00-00 से बराबरी पर रही। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने काफी जोर लगाया पर गोल करने में असफल रहीं। अंत में मैच का निर्णय टाई ब्रेकर के जरिए हुआ जिसमे सत्यारी टोली, रांची ने अर्षित क्लब रांची को 04-03 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। सत्यारी टोली, रांची के निशांत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में बांधगाड़ी एफ.सी. ओर मामा स्पोर्टिंग, रांची की टीम सेमीफाइनल का टिकट कटाने के लिए एक दूसरे से भिड़ी। आज के दोनों ही मैच में दर्शकों ने हर एक सेकेंड के रोमांच का उठाया। खिलाड़ियों के उच्चतम दर्जे के प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को हूटिंग के जरिए खूब प्रशंसा प्राप्त हुई। मैच की समाप्ति पर दोनों ही टीमें गोलरहित रही। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें मामा स्पोर्टिंग रातु ने बंधगाड़ी एफ.सी. को 06-04=से हरा कर सेमीफाइनल का टिकट कन्फर्म किया।

मेरी माटी मेरा देश अभियान आधारित मल्टीमीडिया प्रदर्शनी देवघर के आरएल सर्राफ स्कूल में पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

आर मित्रा उवि. के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

प्रतिभागियों, पत्रकारों और आगंतुकों को कपड़े के बैग तथा विजेताओं को विभाग ने किया पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

देवघर। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आर एल सराफ विद्यालय परिसर में लगाईं गई पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के तीसरे दिन स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता रैली, क्विज तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कल मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के चौथे दिन पत्र सूचना कार्यालय तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा तथा रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ के प्राचार्य स्वामी दिव्यसुधानंद अतिथि के रूप में प्रदर्शनी स्थल पर आयोजित विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। कल भी सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, डांस की प्रस्तुति दी जाएगी, और सभी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा दीवार-घड़ी, टिफिन, बैग इत्यादि से अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। आज मेरी माटी मेरा देश पर मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस +2 आर मित्रा उच्च विद्यालय, देवघर के छात्र छात्राएं आज जागरूकता रैली में भाग लिए। वहीं उर्दू मखतब उत्क्रमित उच्च विद्यालय, देवघर के छात्र /छात्राओं ने चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लिया। आज भी प्रदर्शनी में आम जनता की भागीदारी रही, कावड़ियों की भी अच्छी तादाद में उपस्तिथि दर्ज की गई। आज सीबीसी आयोजनकर्ताओं द्वारा जिले के पत्रकारों से मुलाकात की गई तथा विभाग की ओर से सभी को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के संदेश के साथ कपड़े का थैला प्रस्तुत किया गया। वहीं स्थल पर लगे ऑनलाइन आजादी क्वेस्ट गेम के स्टॉल पर खेलने में स्कूली बच्चों ने काफी रुचि दिखाई। प्रदर्शनी का उद्घाटन 26 अगस्त 2023 को मशहूर समाजसेवी रीता चौरसिया के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट , मेरी माटी मेरा देश, एवं अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां दी जाएंगी, जिसका लाभ यहां मौजूद छात्र छात्राएं उठा रहे हैं। विजय स्तंभ का रेप्लिका, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिए हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड, और मशहूर सेनानियों की आदम कद फोटो रेप्लिका, आदि का इस प्रदर्शनी में समायोजन किया जाना। प्रदर्शनी के आयोजन, संचालन एवं समन्वय में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शाहिद रहमान और ओंकार नाथ पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सफीक आलम, राज किशोर पासवान, खुर्शीद आलम की महती भूमिका रही है। सी.बी.सी. रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा दुल्लम पांडेय, संजय कुमार व सुरेश उरांव भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दे रहे हैं। कल के आयोजन में विभाग से जुड़े मेरीसांस्कृतिक दल किशोर बबुआ कला परिषद के सदस्यों द्वारा गीत, नाटक आदि का मंचन किया जाएगा।

धुर्वा डाकघर से नौ लाख का गबन डाककर्मियों समेत कई पर केस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। एचईसी के सेवानिवृत कर्मी जगरोपन प्रसाद सिंह के पोस्ट ऑफिस में जमा की गई नौ लाख रुपए की रकम की अवैध निकासी कर ली गई है। पोस्ट ऑफिसकर्मी और एजेंट की मिलीभगत ने राशि की अवैध निकासी हुई है। इस संबंध में जगरोपन प्रसाद सिंह ने एजेंट संतोष कुमार सिंह और पोस्ट ऑफिसकर्मियों के खिलाफ धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में जगरोपन ने कहा है कि धुर्वा स्थित डाकघर में उनका खाता चल रहा है। डाकघर स्थित एकाउंट को जब वह रिन्यू कराया। छह जून को उन्हें नया पासबुक जारी किया गया। नया पासबुक जारी होने के बाद उनके खाते में जमा राशि के एवज में कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया गया। उन्हें ब्याज सिर्फ अप्रैल 2023 तक ही जमा दिखाया गया। इसके बाद उन्होंने जब डिटेल लिया तो पता चला कि उनके खाते में सिर्फ 532 रुपए ही जमा है। जबकि उनके खाते में करीब नौ लाख रुपए जमा थे। उनका आरोप है कि उनके खाते से संतोष कुमार सिंह नामक व्यक्ति ने राशि की निकासी कर ली है। इसमें डाकघर कर्मियों की संग्लिप्ता शामिल है। धुर्वा थानेदार ने बताया कि सिर्फ जगरोपन प्रसाद ही नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक लोगों का करीब 50 लाख रुपए का गबन हुआ है।

पशुपालन विभाग पर भड़के डीसी, लगाई क्लास

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। जिले में काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर डीसी वरुण रंजन ने लगाम कसना शुरू कर दिया है. उन्होंने सोमवार 28 अगस्त को पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई. अगस्त महीने का लक्ष्य पूरा नहीं करने पर वे नाराज हुए थे. उन्होंने कहा कि कार्यालय सिर्फ बैठने के लिए नहीं आए, अपनी जिम्मेदारियों को समझे. यदि लक्ष्य प्राप्ति में कोई समस्या थी तो इसकी जानकारी क्यों नहीं दी. मुख्यमंत्री पशुधन योजना के आवेदन, सूकर पालन, बत्तख पालन आदि का कार्य इस माह पूरा नहीं किया गया है. डीसी ने पशुपालन विभाग से कितने लाभुकों को डायरेक्ट बेनेफिशरी ट्रांसफर, कितने लाभुक ने अंशदान जमा किया, कितने लाभुक को वर्क आर्डर जारी हुआ और कितने लाभुक को फाइनल लाभ प्रदान किया, की विस्तृत जानकारी गुरुवार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने शेड निर्माण, जोड़ा बैल, कृत्रिम गर्भधारण, टीकाकरण, चिकित्सा, ओपीडी की संख्या, बंध्याकरण, चिकित्सा, पशु चिकित्सा शिविर, टैग किये पशुओं की संख्या सहित अन्य की विस्तृत रिपोर्ट देने के साथ-साथ जिले में जितने भी पशु चिकित्सालय है, उसके फोटोग्राफ उपलब्ध कराने व पशु चिकित्सक की टूर विजिट की बीच-बीच में जांच करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी को दिया.

खेलगांव में पलाश नाट्य महोत्सव का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची । राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, सिक्किम केंद्र एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति,खेल कुद और युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा पलाश नाट्य महोत्सव का आयोजन रामदयाल मुंडा संग्रहालय खेल गांव होटवार के प्रेक्षागृह में 22 से 28 अगस्त तक किया गया। जिसमे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सिक्किम केंद्र एवं झारखंड के एन. एस. डी. एल्युमनी द्वारा पूर्णकालिक नाटकों की प्रस्तुति की गई । 28 अगस्त को नेशनल स्कूल का ड्रामा के संजय लाल द्वारा निर्देशित 'कोर्ट मार्शल ₹ की प्रस्तुति दोपहर 2:30 बजे खेलगांव मे स्थित राम दयाल मुंडा संग्रहालय के प्रेक्षागृह मैं प्रस्तुत किया गया। इस प्रसिद्ध नाटक के लेखक स्वदेश दीपक है। नाटक कोर्ट मार्शल हमारी समकालीन व्यवस्था के प्रति तीखा आक्रोश व्यक्त करती है। प्रस्तुत नाटक में दलित चेतना बहुत उभर कर सामने आई है। नाटक में रामचंद्र जो निम्न वर्गीय जवान है। वह अपने रेजीमेंट के दो अफसर पर गोली चला देता है जिसमें एक अफसर की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो जाता है। इसी अपराध की वजह से राम चन्दर का कोर्ट मार्शल किया जाता है। क्रॉस एग्जामिन में यह सच्चाई सामने आती है कि राम चन्दर को दोनों ऑफिसर बहुत अपमानित और प्रताड़ित करते है। अंततः रामचंद्र अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है और दोनों ऑफिसर पर गोली चला देता है। कोर्ट मार्शल के दौरान यह देखने को मिलता है कि क्यों और किस परिस्थिति में राम चन्दर ने गोली चलाई आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि वह इतना बड़ा गुनाह, यह जानते हुए की इस अपराध की सजा फांसी है। फिर भी वह यह अपराध कर जाता है। इस अपराध के पश्चात क्या होता है या प्रस्तुति में देखी गई।

पशु तस्करी के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदुपर। पशुओं की तस्करी करते हुए पांच लोगों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा है. गुड़ाबांदा थाना की पुलिस ने इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पशुओं को ओडिशा से झारखंड के रास्ते बंगाल ले जा रहे थे. गुड़ाबांदा थाना कांड संख्या 32/23, दिनांक 28.08.23, धारा 414 भा.द.वि. प्राथमिकी अभियुक्त सुकुमार डांगुया, उम्र 25 वर्ष, पिता संतोष डांगिया, पता कोकमारा, थाना बहरागोड़ा, पूर्ण चंद्र राणा, उम्र 50 वर्ष, पिता प्रतापचंद्र राणा, पता कोकमारा, थाना बहरागोड़ा. सुधांशु सिंह, उम्र 50 वर्ष, पिता स्वर्गीय निरंजन सिंह, पता भगबंदी, थाना बहरागोड़ा, जीतवाहन नायक, उम्र 55 वर्ष, पिता स्वर्गीय अतुल नायक, पता भगाबंदी, थाना बहरागोड़ा, सभी चारो जिला पूर्वी सिंहभूम, 5. सुभाष साहू उर्फ भुआ साहू, उम्र 55 वर्ष, पिता स्वर्गीय गोबिंदा चंद्र साहू, पता सारसकोना, थाना झारपोखरिया, जिला मयूरभंज, राज्य ओड़िशा को पशुओं की तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है. सभी 24 पशुओं को चाकुलिया गौशाला को सुपुर्द करने की कर्रवाई की जा रही है.

नुनुडीह में मंदिर के लिए हुआ भूमि पूजन

धनबाद। नुनुडीह झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर बिजली ऑफिस के समीप श्री श्री वीर चौहान दल अखाड़ा के प्रांगण में बजरंगबली मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ. सोमवार 28 अगस्त को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह नुनुडीह स्थित मंदिर प्रांगण पहुंची व पूजा अर्चना के बाद मत्था टेक कर परिवार व समस्त कोयलांचल वासियों की सुख समृद्धि की कामना की. इस मौके पर महिला सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. श्रीमती सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए मंदिर निर्माण के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी. उन्होंने मंदिर निर्माण कार्य में हर संभव सहायता की बात भी कही.

शिकायतों का शीघ्र करे निष्पादन : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। डीसी वरुण रंजन ने समाहरणालय में सोमवार 28 अगस्त को जन शिकायत से जुड़े मामलों की समीक्षा की. उन्होंने पदाधिकारियों को जन शिकायत के अर्जेंट मामलों का शीघ्र और सीपीग्राम पर प्राप्त शिकायतों और अन्य शिकायतों का 30 दिन में निष्पादन करने का आदेश दिया. साथ ही लोगों से ई-समाधान पोर्टल पर अपनी शिकायतों को दर्ज.कराने की बात कही. डीसी ने ई विद्या वाहिनी अंतर्गत सभी विद्यालयों से छात्रावास आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित करने, पीएम पोषण मध्यान भोजन योजना अंतर्गत कार्यरत रसोईया सह सहायिका को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, ट्रांसजेंडरों का पहचान पत्र निर्गत करने, आंगनबाड़ी सेविकाओं व आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मार्च 2023 में पोषण पखवाड़ा में किए गए कार्यों के आधार पर विशेष मानदेय भुगतान करने, सभी पंचायतों में दवाई दुकान शुरू करवाने समेत लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने, उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट्स (एसओएफ) को समय पर दायर करने का निर्देश दिया. बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता आदि उपस्थित थे.

आस्था

सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा शिवालय

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। सावन महीने के अंतिम सोमवारी पर चक्रधरपुर व आसपास क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही. सोमवार अहले सुबह से ही चक्रधरपुर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी. जहां महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवलिंग की जल, दूध से अभिषेक किया. भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र, भांग, धतुरा अन्य फल, फूल चढ़ाए गए. कई मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया. वहीं पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटे गए. इस अवसर पर कई मंदिरों में रुद्राभिषेक भी किया गया. चक्रधरपुर की सोनुवा बस स्टैंड शिव मंदिर, लोको कॉलोनी शिव मंदिर, रेलवे के आरई कॉलोनी शिव मंदिर, पंडित हाता शिव मंदिर, श्मशान काली मंदिर स्थित शिव मंदिर, लोटापहाड़ स्थित बेगुना शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. सावन महीने के अंतिम सोमवारी पर चक्रधरपुर के कोलचोकड़ा स्थित शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए. कलश यात्रा कोलचोकड़ा स्थित शिव मंदिर से निकलकर टोकलो रोड, पुरानी रांची रोड, भगत सिंह चौक, रांची रोड, थाना रोड होते हुए मुक्ति नाथ महादेव घाट पहुंची. जहां से श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर मंदिर पहुंचे. यहां शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया. पूजा अर्चना के बाद दोपहर में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटे गए. **वहीं दूसरी ओर गिरिडीह शहर** व आसपास के इलाकों में सावन की अंतिम सोमवारी पर 28 अगस्त को शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को बिल्व पत्र व जल चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि मांगी. गिरिडीह शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर उसरी नदी तट पर स्थित दुखःहरणनाथ मंदिर, झारखंडधाम, बगोदर के हरिहरधाम मंदिर समेत शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा. अंतिम सोमवारी को देखते हुए शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए मंदिर समितियों ने खास व्यस्था की थी. भाजपा नेता और समाजसेवी विनोद सिन्हा सहित कई लोगों ने दुखहरणनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक कराया. अनुष्ठान में सैंकड़ों भक्त शामिल हुए और श्रद्धाभाव से भगवान शिव की आराधना की. **वहीं दूसरी ओर चाईबासा** सदर प्रखंड के सिंह पोखरिया में भगवान भोलेनाथ खुले आसमान के नीचे खेतों में भी विराजते हैं जहां पर श्रद्धालु भक्ति भाव से प्रत्येक सोमवार को आकर उनका जलाभिषेक करते हैं. सावन के अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का जलाभिषेक किया. सिंह पोखरिया के भोले बाबा खेतों के किनारे बसे हैं तो माता पार्वती खेतों के बीच में और श्रद्धालु दोनों ही जगह पर जाकर उनकी पूजा करते हैं.

स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हर घर तक पहुंचे जल, करें सुनिश्चित: डीसी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन को लेकर जिले में चल रहे कार्यों की सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनिल गुप्ता एवं यूनिसेफ के सहयोगी संस्था के निर्भय कुमार द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की रामगढ़ जिला अंतर्गत 326 गावों में ओडीएफ प्लस रेटिंग हेतु 274 गावों का सामुदायिक कार्य योजना निर्मित करने का कार्य संपन्न कर लिया गया है। वहीं, शेष 52 गांव के सामुदायिक कार्य योजना निर्मित करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में उपायुक्त ने 10 दिनों के अंदर सभी 52 गावों की सामुदायिक कार्य योजना तैयार करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त को जानकारी दी गई की वर्तमान में गावों को ओडीएफ प्लस के तहत रेटिंग दिलाने हेतु कुल 104 गांव को सामुदायिक कार्य योजना के तहत राशि आवंटित की गई है जिनमे 15 गांव में सोकपीट, नाडेप, वर्मी कंपोस्ट, कंपोस्ट पिट, प्लास्टिक कलेक्शन प्वाइंट व भस्मक निर्मित करने का कार्य चल रहा है। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को संबंधित गांव के ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के साथ साप्ताहिक रूप से बैठक आयोजित कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं 1 माह के अंदर सभी 104 गांव में सामुदायिक कार्य योजना के तहत ली गई योजनाओं का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने शेष बचे सभी गांव को ओडीएफ प्लस के तहत रेटिंग दिलाने हेतु तत्काल रूप से विभाग से आवंटन मांगने का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के तहत जिले में चिन्हित कुल 141639 घरों को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल में उपायुक्त को जानकारी दि की अब तक कुल 90885 घरों को जलापूर्ति कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है वही शेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। साथ ही मल्टी विलेज स्कीम के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पतरातू प्रखंड में बारुघुटु मल्टी विलेज स्कीम, ऊरलूंग मल्टी विलेज स्कीम एवं पतरातू सेंसस टाउन मल्टी विलेज स्कीम का कार्य निमार्णाधीन है। इस दौरान उपायुक्त ने 31 अगस्त 2023 तक निश्चित रूप से आरा मल्टी विलेज जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में सिंगल विलेज स्कीम एवं मल्टी विलेज स्कीम के तहत उपलब्ध कराए गए जलापूर्ति कनेक्शन के विस्तृत प्रतिवेदन यथा वर्तमान में गांव वार कितने घरों को जलापूर्ति कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है एवं उनमें कितने जिलापूर्ति कनेक्शन वर्तमान में कार्यरत हैं सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रतिवेदन तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, राशन कार्ड, सार्वजनिक कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

झारखंड कुरमी महासभा की बैठक

रामगढ़। पटेल छात्रावास के सभागार में 27 अगस्त को झारखंड कुरमी महासभा प्रदेश कार्य समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव करीनाथ महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से महासभा ने जातीय जनगणना करवाने पर बल दिया. साथ ही साथ झारखंड के कुरमी जाति को एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। ब्रजकिशोर गांधी ने बैठक की कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया. तत्पश्चात कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अपने जिला की वृत्त प्रस्तुत की । बैठक में प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो,पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार कश्यप, मुनेश्वर महतो,राजकुमार महतो, कालेश्वर महतो, सकल नाथ महतो,रामलाल महतो,रामेश्वर महतो, शांति महतो, बिमल महतो,सरस्वती महतो,विमला देवी,भागीरथ महतो आदि शामिल हुए ।

समाज से तमस को नाश करता है शिव साधना : सुनीता चौधरी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। पावन श्रावण मास की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र कैथा स्थित प्राचीन शिव मंदिर कैथा पहुंची रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने भगवान भोलेनाथ की पूजा -अर्चना कर कैथा प्राचीन शिव मंदिर समिति द्वारा आयोजित भक्तिमय जागरण में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। गौरतलब है कि श्रावन मास की अंतिम सोमवारी के विशेष अवसर पर अहले सुबह सुबह से ही प्राचीन शिव मंदिर कैथा में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि शिव व्यक्ति के अंदर की यात्रा है। भगवान शिव के साधना से मानसिक विकार दूर होते हैं व्यक्ति स्वयं को परमार्थ की भावना से जोड़ता है। भगवान शिव समाज से असत्य और नकारात्मक शक्तियों के नाश के लिए जैसे कंठ में विष धारण करते हैं ठीक उसी प्रकार भगवान शिव की साधना समाज से तमस को नाश करता है और सात्विक शक्तियों का सृजन करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना फलदाई होती है, व्यक्ति के मनोरथ पूर्ण होते हैं। उन्होंने भगवान शिव से क्षेत्र की मगंलकामना कीआयोजन समिति द्वारा आयोजित भक्तिमय जागरण और झांकी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति द्वारा खीर महाभोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैथा प्राचीन शिव मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, उपाध्यक्ष रतन राम,डीया महतो, रतनलाल महतो, संदीप महतो, मनोज कु महतो, अमित कुमार दास, नीतीश निराला, अजय आस्था, पंचम महतो, मिंटू पंडित, मीकू मालाकार, मिथुन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

लगनवां में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन शुरू

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लगनवां में सोमवार को अपराह्न 1 बजे से 24 घंटे के लिए अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम स्थल को आकर्षक लाइट से सजाया गया है तथा हरि कीर्तन की ध्वनि आसपास के इलाकों तक गूंजे इसके लिए डीजे लगाया गया है। विदित हो कि इस ग्राम में प्रत्येक वर्ष अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जाता है। वहीं ग्रामीण हरे रामा हरे कृष्णा का भजन पर थिरकते नजर आये। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगनवां ग्राम के अलावे अन्य स्थानों से लोग आकर हरि कीर्तन में शामिल हो रहे हैं ।पूर्व पंचायत समिति सदस्य लोकनाथ राणा ने बताया कि हरि कीर्तन से इंद्र देवता खुश होते हैं तथा बारिश ठीक से होने की संभावना बढ़ जाती है ।कहा कि इससे वातावरण शुद्ध होता है तथा मन में पवित्रता एवं शांति मिलती है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में उपमुखिया सहदेव पासवान, लोकनाथ राणा, कामेश्वर यादव, कमल कर्णदेव, सुनील मोदी ,वीरेंद्र राणा ,जागेश्वर पांडेय, महेश पांडेय आदि शामिल थे।

विनोद प्रगतिशील ने किया प्रसाद वितरण, शामिल हुए कई गणमान्य

नवीन मेल संवाददाता

बरही । श्रावण की अंतिम सोमवारी के अवसर पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से पांडेयबारा के विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण स्थित शिवालय परिसर में महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे ट्रस्ट के अधिकारियो और सदस्यों के साथ कई गणमान्य राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रसाद वितरण में महिलाओ की भी भागीदारी रही. पूर्व स्थानीय मुखिया अनिल पांडेय ने बताया कि श्रावण में शिवलिंग पर जल चढ़ाने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति और समस्त पापों से मुक्ति भी मिलती है. वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष मंजीत यादव सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुनंदन गोप, चौपारण 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, अशोक सिंह, जमुना यादव, कुणाल कतरियार, मो शरीफुल हक, मनोहर यादव, देवचंद यादव, ज्योतिष कुमार, विशाल यादव, छात्रधारी यादव, चंद्रिका यादव, गुलाबचंद यादव, अरुण यादव, गुड्डू यादव, डॉ बीके यादव, गणेश साव, विकास यादव, प्रेम यादव, चंदन सिंह, सोमरन साव, विनोद सिंह, बाबूलाल यादव, उमेश यादव, हरकेश्वर सिंह, अनिल साहू, ज्वाला प्रताप सिंह आदि शामिल हुए.

अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़ बोल बम की नारों से गूंज उठा मंदिर परिसर

बरही । श्रावण की अंतिम सोमवारी के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न पंचायत स्थित शिवालयों में शिव भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी. अहले सुबह से ही मन्दिर परिसर ओम नमः शिवाय और बोल बम की नारों से गुंजायमान हो उठा जो देर संध्या तक चलता रहा. प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर में कलाकर रवि केसरी ने काजू, किशमिश, पिस्ता आदि की मदद से शिवलिंग का दिव्य श्रृंगार किया गया था. जिसकी सुंदरता देखते ही बन रही थी. कही रुद्राभिषेक तो कही अखंड कीर्तन का भी आयोजन किए गए थे. सूर्य मंदिर स्थित शिवालय में भी सुबह से भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी थी. जहां मंदिर कमेटी की ओर से प्रसाद का वितरण भी किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार धनवार, बरसोत, कोल्हुआ कला, रानीचुआ, बेंदगी, करियातपुर आदि विभिन्न पंचायतों में शिवालयों को विशेष तरीको से सजाया गया था. मान्यता के अनुसार श्रावण महीना की सोमवारी शिव के लिए अति प्रिय महीना है. इस अवसर पर भगवान भोले की पूजा अर्चना से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं .

धरना दे रहे टेट सफल सहायक अध्यापकों से विधायक ने की मुलाकात, दिया सलाह

बरही। राजभवन के समक्ष टेट सफल अध्यापकों के धरना कार्यक्रम में शामिल होकर बरही विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने धरनार्थियों को कई महत्वपूर्ण सलाह दिया. उनकी मांगों को जायज बताते हुए विधायक ने अध्यापकों से पहले सरकार से वार्ता करने हेतु पहल करने का सलाह दिया. उन्होंने कहा कि आप सभी समाज के मार्गदर्शक है और अध्यापन कार्य छोड़कर बिना वार्ता के धरना और प्रदर्शन करना उचित नही है. उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री व्यस्त है. इस कारण उनलोगो से भी वार्ता नही हो पा रहे है. उन्होंने अध्यापको से शिक्षा मंत्री और प्रधान सचिव से मिलकर बात करने की सलाह दिया. यदि बात नही बनती है तो ही आगे की रणनीति बनाने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि बिना वार्ता का धरना प्रदर्शन का कोई भी औचित्य नहीं है. उन्होंने सभी अध्यापकों से धरना कार्यक्रम समाप्त कर अपने विद्यालयों में शीघ्र पठन पाठन कार्य करने की अपील भी किया.

रैयती जमीन कब्जा मुक्त के लिए सीओ को आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

बरही । भंडारो निवासी मो शमशेर आलम ने रैयती जमीन को कब्जामुक्त करवाने के लिए सीओ को आवेदन दिया है. आवेदन के अनुसार खाता 10 प्लॉट 485 के सवा डिस बीवीमिल जो उनकी मां मरियम खातून के नाम पंजी दो में दर्ज है. चालू वर्ष 2023 तक लगान भी निर्धारित किया जा चुका है. जिसका अधिकतम रसीद भी प्राप्त है. पर है जबरदस्ती कब्जा किया गया है. परंतु उक्त जमीन पर गांव के ही अजीज मियां, आशिक अंसारी और सजाद अंसारी जबरन कब्जा किए हुए है. वर्ष 2020 में अनुमंडलाधिकारी के निदेर्शानुसार उक्त जमीन को अंचल कार्यालय से जांच भी किया जा चुका है. उस जांच में अमीन और राजस्व कर्मचारी ने भी जबरन कब्जा स्पष्ट किया है. इसकी जानकारी तत्कालीन मुखिया को भी दी गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए मुखिया ने जबरन कब्जा को रोकने का काम किया था. परंतु अबतक उनके जमीन का वह हिस्सा उन्हे प्राप्त नहीं हो सका है. इस संबंध में भगत होगी नहीं अंचलाधिकारी से उचित जांच कर जबरन कब्जा हटाने की मांग की है. मामले में दूसरे पक्ष से भी संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है.

अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। हजारीबाग उत्पाद विभाग के द्वारा बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न स्थानों में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाई गई। कार्रवाई अलपिटो, सतघरवा, सेमराटांड, गयपहाड़ी, झींगींबराई में अवैध महुआ चुलाई शराब के विरुद्ध छापामारी की गई। अलपिटो में सुरेश प्रसाद, लीलू महतो, लोकन महतो, शंकर प्रसाद, लीलाधर प्रसाद के द्वारा संचालित अवैध महुआ चुलाई शराब भट्टी,उपकरण, महुआ शराब को फुलाने में प्रयुक्त 6 ड्रम में करीब 1200किलोग्राम अवैध जावा महुआ को घटनास्थल पर नष्ट किया गया तथा घटनास्थल से करीब 45 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया। सतघरवा में चुलाई शराब भट्टी से 4 ड्रम में करीब 400किलोग्राम जावा महुआ और भट्टी को विनष्ट किया तथा 10 लीटर चुलाई शराब को बरामद किया। गयपहाड़ी में चुलाई शराब भट्टी से 5 ड्रम में करीब 1000 किलोग्राम अवैध जावा महुआ को विनष्ट किया तथा 20 लीटर अवैध चुलाई शराब को बरामद किया। एक अन्य स्थल झींगींबराई में शेड में छुपाया हुआ 4 ड्रम में करीब 800 किलोग्राम अवैध जावा महुआ विनष्ट किया तथा 40 लीटर अवैध चुलाई शराब को बरामद किया। इस तरह से सभी घटनास्थल से कुल करीब 3400 किलोग्राम अवैध जावा नष्ट किया गया और करीब 115 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया। अवैध चुलाई शराब के कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

तीसरा चरण

गोंदल खनन परियोजना : सीएसआर के तहत लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन

अदाणी फाउंडेशन ने गोद लिए टीबी के 70 मरीजों में बांटा पोषण किट

नवीन मेल संवाददाता

बड़कागांव (हजारीबाग)। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को तीसरे चरण का पोषण किट प्रदान किया गया। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजनाह्ल के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है, जो बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण युक्त भोजन करने से यह बीमारी जल्द ठीक हो जाती है। इसलिए पोषण युक्त आहार लेना बेहद जरूरी है। श्री कुमार ने ग्रामीणों से जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच तुरंत करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का इलाज है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजनाह्ल के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। इस मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे। इससे पहले हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय बीते दिनों अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे को टीबी के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। अदाणी फाउंडेशन की ओर से मरीजों को अगले छह महीनों तक के लिए पोषण किट प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में लगातार सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों की सराहना की गई थी। मालूम हो कि अदाणी फाउंडेशन की ओर से प्रखंड में अंतर्गत विभिन्न गांवों में लगातार निःशुल्क चिकित्सा शिविर, मुफ्त दवा वितरण और निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन ने पिछले दिनों प्रखंड के गाली, बलोदर, और गोंदलपुरा के ग्रामीणों को 50-50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50-50 किलोग्राम यूरिया और 10-10 किलोग्राम धान का बीज भी प्रदान किया था। इसके अलावा महुगाई कला स्थित पंचायत भवन के मीटिंग हॉल में 10 ब्रांडेड पंखे लगाए गए। यहां पिछले दिनों वज्रपात हो जाने की वजह से बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी और सभी पंखे जल गए थे। इसकी जानकारी मिलने के बाद अदाणी फाउंडेशन की ओर से यहां सभी पंखे को लगाकर उन्हें चालू करवा दिया गया है। पिछले दिनों अदाणी फाउंडेशन ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत विद्यार्थियों के बीच निशुल्क साइकिल का भी वितरण किया था।

अंतिम सोमवारी पर कांवर यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के तत्वावधान में अंतिम सोमवारी पर शंख नदी तट से भव्य कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। कांवर यात्रा में श्रद्धालु का जन सैलाब उमड़ पड़ा। शंख नदी स्थित संगम टट से जिला मुख्यालय तक सड़क बाबा नगरी की तरह नजर आ रहा था। कांवरियों की टोली डीजे की धुन में थिरकते-झूमते हुए शिवालय की ओर बढ़ रहे थे। सभी कावंरियों में दीपक अग्रवाल उर्फ रिंकू अपने जोशीले और बुलंद आवाज से जोश भर रहा थे। कांवरियों की टोली में क्या बच्चे, क्या बूढ़े, महिलाएं, युवतियां हर कोई पूरे जोश और उत्साह के साथ शामिल था। शंख नदी संगम टट से जल लेकर कांवरियां केलाघाघ परिसर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कुछ श्रद्धालु सलडेगा सरना मंदिर में भी जलाभिषेक कर अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। कांवर यात्रा को सफल बनाने में कांवरियां सेवा संघ सिमडेगा के सभी सदस्य, पुलिस प्रशासन सहित अन्य कई लोगों ने अहम भूमिका निभाईं। अंतिम सोमवारी के मौके पर शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों की टोली रविवार की देर शाम में ही नीचे बजार स्थित मंदिर परिसर पहुंचे। जहां कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा द्वारा रहने, खाने पीने की व्यवस्था की गई थी। यहां पर सभी कांवरिये भजनों की धुन पर रात भर थिरके। इसके बाद सोमवार की सुबह सभी कांवरियों को वाहन के माध्यम से शंख नदी टट पर ले जाया गया। शंख नदी टट भी भगुआ धारी कांवरियों के रंग में रंग गया था।

ग्रिजली के छात्रों का ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रहा शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने 23वीं झारखंड राज्य सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम पूरे राज्य में रौशन किया है. छात्रों ने 17 स्वर्ण पदक तथा 8 रजत पदक अपने नाम किया. स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में हिमांशु कुमार, संगीत कुमार, मुकेश कुमार, अभिकान्त कुमार, तेजश यादव, उज्जवल राज, कौशल मंडल, दिवाकर यादव, मयंक यादव, आयुष रंजन, राज प्रजापति, सौरव कुमार यादव, पीयूष कुमार यादव, दिव्यांशु कुमार यादव, कुमार आदित्य प्रताप, सूरज कुमार, अमलेश कुमार शामिल हैं. वहीं रजत पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में बीरा यादव, दिलनवाज शेख, जिष्णु पासवान, मयंक कुमार, सिध्दांत अर्णव, पार्थ सिंह, उज्जवल रॉय, अक्षत गुप्ता शामिल है. धनबाद ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने कोच दिलीप कुमार तथा टीम मैनेजर भुनेश्वर दास के साथ भाग लिया था. छात्रों की इस सफलता पर निदेशक मनीष कपिसमे, अविनाश सेठ, सीइओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर अमित दास ने सभी सफल छात्रों एवं उनके कोच दिलीप कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचे, सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र बनाबिरा छूरीटाँगर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को एसपी सिमडेगा कार्यालय पहुँच कर 10 लोगों का प्रतिनिधिमंडल एसपी सिमडेगा को ज्ञापन सौंपते हुए भोले भाले ग्रामीणों के ऊपर एसटी एससी केश में फसाने एवं उसे केश को खारिज करने की मांग को लेकर बाते रखी। महिलाओं ने अपने ज्ञापन में बताया कि 15 अगस्त के दिन छुरीटांगर गांव के वृद्ध ग्रामीण इलियास एक्का के द्वारा जानकारी दी गई कि कुछ लोग प्रतिबंधित गोवंश पशु काट रहे हैं तो छुरीटांगर के लोग जाकर देखा जहां पर ललिन्द्र लोहार लोरन्तुस एक्का, चोंहास बाड़ा अमित विनय तिर्की एवं निवेदन बाडा प्रतिबंधित गोवंश पशु को काट रहे थे। इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा मुफस्सिल थाना को दिया गया पुलिस घटनास्थल पर जाकर प्रतिबंधित पशु का मांस जप्त कर दोषी लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया दोषी लोगों को जेल भेजे जाने के बाद राजनीति षड्यंत्र के तहत दो-तीन दिनों के बाद दोषदार की पत्नी जोहान एक्का को खड़ा कर मनगढ़ंत झूठा कहानी बनकर विभिन्न दफाओं के तहत एसटीएससी मामला जोड़कर निर्दोष लोगों को न्यायालय में बनावटी एवं झूठा केस कर थाना भिजवाया गया है इतना ही नहीं 15 अगस्त की घटना के 10 12 दिन बाद ग्रामीणों को गोकशी की सूचना देने वाले ग्रामीण इलियास एक्का को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा द्वारा सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचा कर इस घटना में जोड़कर मारपीट कर जंगल में फेंक देने की बात कर मनगढ़ंत एवं भ्रामक बनाकर जंगल में फेंक देने की बात कह कर एसटी एससी केस में लोगों को जेल भेजवाने का प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है। जबकि सीधे-साधे वृद्ध इलियास एक्का को पूर्व के दिनों में अपने दैनिक कार्यों में लीन देखा है इसे पता चलता है की राजनीतिक षड्यंत्र के तहत बदले की भावना से ग्रसित होकर सीधा-साधा निर्दोष लोगों को फसाने का राजनीतिक षड्यंत्र चल रहा है इसे पूरे क्षेत्र में रोष का माहौल है। सिमडेगा एसपी ने कहा है कि मामले में गंभीरता के साथ जांच करते हुए निष्पक्ष पूर्वक कार्रवाई की जाएगी ।वही ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एक दिन पूर्व गांव के लोगों के साथ बैठक करते हुए इस षड्यंत्र को अंजाम दिया है इसे साफ पता चलता है कि इस घटना में सिमडेगा विधायक का हाथ है। वही ग्रामीणों ने एस पी को प्रार्थना किया है कि मामले में गंभीरता पूर्वक जांच कर बनावटी एसटी एससी केश को समाप्त किया जाए। गांव की महिला ने कहा कि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा राजनीति षड्यंत्र के तहत एक विशेष समुदाय के लोगों को फंसाने का कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में गांव के लोग उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदार विधायक होंगे।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बूथ का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के मतदान क्लस्टर और मतदान केंद्र बूथ का प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया निरीक्षण ।वहीं बूथ संख्या 4 मध्य विद्यालय लरबा, बूथ संख्या 6 आंगनबाड़ी टांगरटोली,बूथ संख्या 7 प्राथमिक विद्यालय महुआ टोली,बूथ संख्या 38 उर्दू मध्य विद्यालय लसिया, बूथ संख्या 45 मध्य विद्यालय जामटोली बरसलोया, बूथ संख्या 44 प्राथमिक विद्यालय पूरनापानी,बूथ संख्या 47 मध्य विद्यालय रामजड़ी सीजांग,बूथ संख्या 63 पंचायत भवन लचरागढ़, बूथ संख्या 66 संत वियान्नी उच्च विद्यालय लचरागढ़, बूथ संख्या 65 और 67 मध्य विद्यालय लचरागढ़, बूथ संख्या 64 अभियान विद्यालय लचरागढ़, बूथ संख्या 49,50, प्रस्तावित उच्च विद्यालय टुटीकेल और बूथ संख्या 31 मध्य विद्यालय बोंगराम का भ्रमण कर निरीक्षण किया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक पांच भूतों पर एक टीम का गठन किया गया है जो बी एल ओ के द्वारा सत्यापित किया गया घरों के मतदाताओं का वेरिफिकेशन करेंगे। वही कोलेबिरा प्रखंड के मतदाताओं का ऑनलाइन वेरिफिकेशन 95% हो चुका है एवं ऑफलाइन वेरिफिकेशन सत प्रतिशत हो गया है।

कोडरमा : सड़क हादसे में 2 लोग घायल

कोडरमा। कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई आईस फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति घायल हो गए. घायलों की पहचान मंगर पासवान, उम्र 20 वर्ष, पिता केदार पासवान, सुरेश पासवान, उम्र 45 वर्ष, पिता महादेव पासवान, ग्राम घोडथामा के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार घोड़थम्मा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग कोडरमा पीजी हॉस्पिटल आ रहे थे. इसी दौरान लोकल आईस फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है.

बाइक से गिरकर तीन युवक घायल, एक रिम्स रेफर

कोडरमा। कोडरमा थाना क्षेत्र के लोहा सीकर के समीप सोमवार को बाइक से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों की पहचान पवित्र कुमार (उम्र 20 वर्ष), दिनेश कुमार (उम्र 22 वर्ष), कुलदीप कुमार (उम्र 22 वर्ष) सभी बेड़ोकला के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक से बेड़ोकला से कोडरमा की तरफ आने रहे थे. इसी दौरान लोहासीकर के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से तीनों को कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां तीनों का इलाज शुरू किया गया. पवित्र कुमार की गंभीर स्थित को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया. बाकी दो युवकों का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में ही चल रहा है.

तौफीक हुसैन 'एजुकेटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

कोडरमा। शिक्षाविद, शिक्षक, सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित रहने वाले तौफीक हुसैन को एजुकेटर ऑफ द ईयर- 2023 से सम्मानित किया जायेगा. इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए उनका चयन हुआ है. नमस्ते इंडिया ग्रुप की ओर से शिक्षक दिवस डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के मौके पर पुरस्कार उन्हें दिया जायेगा. 5 सितम्बर को ऑनलाइन सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा. तौफीक हुसैन को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा. तौफीक हुसैन चाईल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के संस्थापाक और कई एसोसिएशन के पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं. उन्होंने सिखाने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित किया जो पारंपरिक तरीकों से जुदा है.

न्यू स्टार फुटबॉल क्लब झारखंड पहुंचा सेमीफाइनल में

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में आयोजित डा. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत सोमवार को तीसरा क्वार्टरफाइनल मैच खेला गया, जिसमे रोमांचक मुकाबला मे न्यू स्टार फुटबॉल क्लब झारखंड ने अलतह फुटबॉल क्लब ठेठईटांगर को 3-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज इस खेल में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ठेठईटांगर एवं थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश रहे।आयोजक समिति के द्वारा अतिथियों के स्वागत के बाद खिलाडियों से परिचय कराने के बाद मैच की शुरूवात की गई। मैच कांटे का टक्कर रहा।

आंगनबाड़ी सेविका को गैस उपयोग की दी गई जानकारी

कुरडेग। बाल विकास परियोजना कार्यालय कुरडेग में सोमवार को कुरडेग एवं केरसई के सेविकाओं को एल पी जी गैस के उपयोग एवं सही रख रखाव की बिस्तृत जानकारी दी गई मौके पर उपस्थित कुरडेग ईण्डेन ग्रामीण वितरण के संचालक श्री अनुज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गैस सिलेंडर को हमेशा खुले में या फिर ऐसे कमरें में रखे जिसमें खिड़की और दरवाजे खुलें हों सिलेंडर को जिस जगह पर रखें वहाँ पर इतनी जगह होने चाहिए कि प्रेशर रेगुवेटर का नॉब और रबर ट्यूब को हिलाने में प्रेशानी नही हो इसके अलावे सिलेंडर को हमेशा खड़ा रखें और उसके बॉल्ब को उपर की तरफ रखें इस तरह के सावधानी एवं रख रखाव से कोई खतरा नहीं है।

टेलर के चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा थाना मोड़ के समीप टेलर के चपेट में आने से एक वृद्ध का मौके पर ही मौत हो गया। मृतक का पहचान कोलेबिरा निवासी सच्चिदानंद प्रसाद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सच्चिदानंद प्रसाद आज अहले सुबह कोलेबिरा ब्लॉक की ओर से पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान कोलेबिरा चेक पोस्ट के समीप एक टेलर के चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। वही ट्रेलर के ड्राइवर को पकड़ पूछताछ में जुट गई। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है।

22 दिनों से लापता किशोरी की सुराग नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने नदी किनारे किया खोजबीन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। खिजरी पांडेटोली की किशोरी रेखा कुमारी का 22 दिनों के बाद भी कहीं से न शव बरामद हुआ और न ही पता चल पाया है। जिससे आहत परिवार वाले तथा गाँव के लोग आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा के जिलाध्यक्ष रोशन डुँगडुँग एवं उपाध्यक्ष अमन निएल सोरेंग की अगुवाई में फैक्ट फाईंडिंग एवं शव का पता लगाने के लिए बाँसपहाड गए तथा घटनास्थल एवं आसपास खोजबीन किया।अलग बगल के ग्रामीणों से बात करने के बाद शव ढूंढते ढूंढते पोडहाटोली तथा खड्डुरहा काटुकोना नदी के मुहाने के आस पास मछुआरों तथा गाँव वालों की मदद से तलाशने की यथासंभव प्रयास किया।किशोरी के पिता सुकरा नायक ने सिमडेगा वासियों से अपील किया की अगर मामले में किन्हीं को पता चलता है सूचना कर सहयोग करें, उन्होंने पुलिस के द्वारा शव नहीं बरामद करने पर नाराजगी भी जतायी की पुलिस कैसे जांच कर रही है।

समृद्धि की कामना

सावन की अंतिम सोमवारी पर कोडरमा ध्वजाधारी धाम में भक्तों ने किया जलाभिषेक, भक्तों ने प्रसाद भी ग्रहण किया

बोल बम-बोल बम के नारों से गूंजे शिवालय, मुस्तैद रही पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर कोडरमा के झुमरी तिलैया शहर के झरनाकुंड धाम से लाखों की संख्या में भक्तजन जल उठाकर ध्वजाधारी धाम जलाभिषेक करने पहुंचे. जलाभिषेक करने के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. प्रसाद की व्यवस्था नन्दी बाबा ट्रस्ट के द्वारा किया गया था. आपको बता दें कि ध्वजाधारी धाम सदर प्रखंड में स्थित है. हर साल सावन की अंतिम सोमवारी में ध्वजाधारी में मेला भी लगता है. जहां लाखों की संख्या में लोग आते हैं भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक के बाद मेला का लुफ्त उठाते हैं. ध्वजाधारी धाम में लाखों की संख्या में जलाभिषेक करने आये भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट करते आ रहा है. बता दें कि ध्वजाधारी धाम में नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट पिछले 24 सालों से सेवा करते आ रहा है. समिति के सदस्यों की मानें तो 24 साल पहले जब यह ट्रस्ट सावन की अंतिम सोमवारी ध्वजाधारी धाम में सेवा करना शुरू किया था तो उस वक्त मात्र 50 कावरियां ही जलाभिषेक करने आये थे. और आज ऐसा समय है कि लाखों की संख्या में भक्त आते हैं. सबसे बड़ी बात यह है कि जितने भी कार्यकर्ता आज के दिन सेवा देते हैं, सभी निःशुल्क.

मुस्तैद रही पुलिस, सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था

डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर और पुलिस कप्तान की देखरेख में झरनाकुंड से लेकर ध्वजाधारी धाम तक पुलिस मुस्तैद रही. सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था देखने को मिली. पूरे रास्ते में हर जगह प्रशासन की टीम मौजूद रही. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीन पुष्कर स्वयं भी मॉनिटरिंग करते दिखे. झरनाकुंड धाम से ध्वजाधारी धाम तक कई झांकियां भी निकाली गई. झांकियों में कोई भगवान शिव तो कोई माता पार्वती बनी थीं. झांकियों में श्री राम संकीर्तन मंडल की झांकी सबसे आकर्षक थी.

झरनाकुंड धाम में भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

सावन की अंतिम सोमवारी को झुमरी तिलैया शहर के झरनाकुंड धाम से लाखों की संख्या में कांवरिया जल लेकर निकले. कांवरियां पैदल करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय कर ध्वजाधारी धाम गये और बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. मंदिर बोल बम और जय भोलेनाथ के जयकारे से गुंज उठा. सभी ने महादेव से परवार की रक्षा और सुख-समृद्धि की कामना की. आपको बता दें कि लगभग 24 वर्षों से लोग झरनाकुंड धाम से जल उठाकर ध्वजाधारी धाम जाते हैं और बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं. कहा जाता है कि पहली बार जब लोग यहां से जल लेकर ध्वजाधारी धाम जा रहे थे, तब केवल 50 कांवरिया ही होते थे. लेकिन आज लाखों की संख्या में लोग यहां आते हैं और जल उठाकर भोलेनाथ को जल अभिषेक करने जाते हैं. इतना ही नहीं झरनाकुंड से जल उठानकर ध्वजाधारी धाम जलाभिषेक करने आसपास के लगभग 5-6 जिलों से लोग आते हैं.

'भक्ति का निश्चय प्रभु को प्राप्त करने का पहला साधन'

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

भक्ति का निश्चय होनेपर ही इन्द्रियोंको अपने वशमें रखनेकी आवश्यकता प्रतीत होती है, कुविचार क्षीण हो जाते हैं और उच्च अवस्था प्राप्त हो जाती है। अरी बुद्धि! तू भगवान के चरण-सरोवरमें जा बस, जहां न तो कभी प्रेम-वियोग होगा और न रोग, दुःख या शोक ही है तथा रात-दिन 'राम-राम' की वर्षा हो रही है। कल करना हो सो आज ही कर लो और जो आज करना हो, उसे अभी कर लो, पलमें मृत्यु हो जायेगी, फिर कब करोगे। लोग कैसे बावले हैं जो झूठे सुखको सुख कहते हैं और मनमें मोद मानते हैं। अरे! यह जगत तो काल का चबैना है। कोई कालके मुखमें है तो कोई हाथमें। जगत का जीवन पानीके बुल बुले के समान है, एक उठता है तो दूसरा बिला जाता

है। कामवासना जाग्रत होने पर नामकी धुन लगा देनी चाहिये। जोर-जोर से कीर्तन करने लगना चाहिये। हरि नाम जपते समय सब लोग सोते हैं, उस समय वे परलोक का काम बनाया करते हैं। वे बाहर का दिखावा बिल्कुल ही पसंद नहीं करते। इस जगत में करोड़ों आदमी प्रभुके उपासक कहलाते हैं, परंतु सच्चे उपासक कौन हैं तथा प्रभु किनके साथ हैं? जो ईश्वरसे डरकर चलते हैं तथा अपने स्वार्थका नाश करके भी दूसरोंका हित करते हैं, वे ही सच्चे उपासक हैं और भगवान भी उन्हीं के साथ। मान - बड़ाई अथवा प्रतिष्ठा की इच्छा करना मृत्युकी इच्छा करनेके समान है। अच्छे-अच्छे पुरुष भी इसमें फंसकर साधनसे च्युत हो जाते हैं। प्राण चाहे छूट जायं, परंतु प्राणप्रियतम परम प्रेमास्पद प्रभुकी स्मृति एक क्षणके लिये भी हृदयसे न हटे। जगत की प्रभुता कैसी है, जैसे सपनेमें मिला हुआ पराया खजाना। जागने पर जैसे उस खजानेका कुछ भी नहीं रहता, वैसे ही जगत की प्रभुता भी वास्तवमें कुछ भी नहीं है। जैसे एक ही अग्नि भिन्न-भिन्न काठोंमें प्रवेश करके अनेक प्रकारके रूपवाला हो जाता है, इसी प्रकार एक ही आत्मा भिन्न-भिन्न भूतोंमें भिन्न-भिन्न प्रकारका हो जाताहै। अहंकार के कारण ही आत्माको 'मैं देह हूँ' ऐसी बुद्धि होती है और इसीके कारण यह सुख-दुःखादि देनेवाले जन्म-मरणरूप संसारको प्राप्त होता है। यदि कोई पिता या पुत्र मर जाता है तो मूढ़ लोग ही उसके लिये छाती पीटकर रोया करते हैं। ज्ञानियोंके लिये तो इस संसारमें किसी का वियोग होना वैराग्यका कारण होता है और वह सुख-शान्तिका विस्तार करता है। कछुए के पीठपर चाहे बाल उग जायं, बन्ध्याका पुत्र किसीको मार डाले, आकाशमें फूल लग जायँ, मृग-जल से प्यास मिट जाय, खरगोशके सींग आ जाये, अंधकार सूर्यका नाश कर दे और बर्फमें अग्नि प्रकट हो जाय, परंतु राम से विमुख मनुष्य कभी सुखी नहीं हो सकता।

बरडीहा ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर टेंपू पलटा, 8 लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

नगर उंटारी-धुरकी मार्ग पर बरडीहा ग्राम के समीप टेंपू पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगो के सहयोग से घायलों को एम्बुलेंस (108) से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घायलों में धुरकी थाना क्षेत्र के अम्बा खोरेया निवासी राजा सिंह, उनकी पत्नी शीला देवी, पुत्री अणु कुमारी, संत कुमार सिंह, उनकी पत्नी अमरावती देवी, पुत्री उर्मिला कुमारी शामिल हैं। घटना के संबंध

में घायल संत कुमार सिंह ने बताया कि वे लोग राजा पहाड़ी शिव मंदिर से दर्शन कर अपने घर अम्बा खोरेया टेंपू से जा रहे थे। इसी बीच बरडीहा ग्राम के समीप टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गया।

जिले के विभिन्न प्रखंडों में श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा निकाल कर किया जलाभिषेक

अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता। केतार

सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के द्वारा सोमवार को कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा में भवनाथपुर और केतार थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। केतार स्थिति पंडा ढाढ़रा नदी के संगम पर विधिवत पूजा अर्चना और मंत्रोच्चार कर विद्वानों ने श्रद्धालुओं के कलश में जल भरवाया। इसके पश्चात डीजे के धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालु नंगे पांव हर हर महादेव, जय शिव शम्भू का जय घोष करते हुए 15 किलोमीटर की दूरी तय कर पंडरिया पंचायत के गोड़गावा स्थिति शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार और कमलापुरी वैश्य समाज के द्वारा कोल मोड़ और भागवन घाटी के समीप श्रद्धालुओं के लिए जलपान का प्रबंध किया गया। कांवड़ यात्रा के दौरान केतार - भवनाथपुर मुख्य पथ लगभग 2 घंटा जाम रहा, यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

शिवालियों व मंदिरों में किया गया जलाभिषेक

डंडई। प्रखंड के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में सावन के अंतिम सोमवारी पर शिव भक्त श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुबह से ही शिवालियों और मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में सैकड़ों कांवड़ियों एवं डाकबम ने छत्तीसगढ़ के बालचौरा से जल उठाकर बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। इधर सोनेहरा, जरही, रारो तथा जर्दे सहित विभिन्न गांवों के शिवालियों में शिव भक्त अहले सुबह से ही पूजा अर्चना के कार्य में जुटे रहे। हजारो की तादाद में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ने लगी थी। करीब 9 बजे शिवपहाड़ी गुफा से कांवड़ यात्रा शुरू हुआ, जो 12 किमी दूर केतार पहुंचे तथा वैद्विक मंत्रोच्चार के बाद पंडा नदी तट से शिवभक्तों ने अपने अपने कलश में जल भर पदयात्रा करते हुए पुनः शिवपहाड़ी गुफा पहुंच धूमधाम से भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया गया। शाम तक चले कार्यक्रम में भारी संख्या में शिवभक्तों ने शिरकत की। मंदिर प्रांगण में भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। मंदिर विकास समिति के द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया था। कांवड़ यात्रा के दौरान भवनाथपुर केतार मुख्य पथ पर असनाबांध यात्री शेड के समीप जिपस, कपूर्री चौक के समीप मनपसंद ड्रेसेज के प्रो, सुनील गुप्ता तथा रेलवे साइडिंग के समीप दीक्षा कंस्ट्रक्शन के कृपाशंकर जायसवाल के द्वारा शिवभक्तों के लिए शर्बत व पानी की व्यवस्था की गई थी। थाना प्रभारी रामेश्वर उरांव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, रबुल अंसारी व पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में चल रहे थे। मंदिर परिसर में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। यात्रा को सफल बनाने में गुफा मंदिर समिति के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, रामविजय साह, लालबहादुर साह, अरुण गुप्ता, सिकंदर साह, भाजपा नेता अनिल चौबे, भानु गुप्ता आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

अंतिम सोमवारी पर निकली कांवड़ यात्रा

भवनाथपुर। सावन माह के अंतिम सोमवार को घाघरा स्थित शिव पहाड़ी गुफा मंदिर कमेटी के तत्वाधान में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा में जागेश्वर साव के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 100 व 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, हाई जंप, लॉन्ग जंप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छह बालक एवं छह बालिका का चयन जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ। चयनित सभी बालक-बालिकाएं मंगलवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता सिमरिया में भाग लेंगे।

महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा, माहौल हुआ भक्तिमय

विशुनपुरा। नमदेश्वर महादेव मांदर के प्रथम वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर निकलकर चकचक मोड़ गांधी चौक मेन रोड होते हुए बांकी सूखडा नदी संगम स्थल पर पहुचीं जहां अयोध्या से आए आचार्य प्रकाश ओझा के द्वारा मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरकर श्रद्धालुओं ने नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर कोचेया विशुनपुरा की आज पहली वर्षगांठ मनाई जा रही है। वहीं मंदिर के पुजारी प्रवीण

पांडेय ने बताया कि मंगलवार को नर्मदेश्वर महादेव के भव्य रुद्राभिषेक की तैयारी चल रही है। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि कृपाल सिंह, लक्षमण राम, मुखिया ददन सिंह, कृष्णा विश्वकर्मा, प्रवीण यादव, सचिव रविंद्र प्रताप देव, कोषाध्यक्ष राजदेव प्रसाद, संयोजक आलोक प्रताप देव, राजेंद्र प्रसाद सुनील मेहता, लक्ष्मी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं विशुनपुरा का बहुचर्चित विष्णु मंदिर समिति द्वारा हरेक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विष्णु मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, पुरोहित त्रिदीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, सचिन गुप्ता, छुनु ठाकुर, महेंद्र चंद्रवंशी, संजय चद्रवंशी, पुलिस प्रशासन दल बल के साथ श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

संक्षिप्त

नागवंत सिंह के हत्या आरोपी को भेजा जेल

डंडाई। नागवंत सिंह हत्याकांड मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को सोमवार के दिन पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए आरोपियों में निर्मला देवी और विकास सिंह दोनों पति व पत्नी शामिल हैं। मालूम हो कि चाचा ससुर व बहू के बीच हुए विवाद में बचाव करने को लेकर स्थल पर पहुंचे भतीजा नागवंत सिंह को चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी।

वेंडर ने 34 हजार काटे , बीडीओ से शिकायत

केतार। केतार प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के खोनहर गांव निवासी राजमती देवी ने सोमवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को आवेदन देकर वेंडर के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया है। दिये गये आवेदन में महिला लाभुक राजमती देवी ने उल्लेख किया है कि उसने मनरेगा योजना अंतर्गत सिंचाई कुप का निर्माण करायी थी, जिसकी मैटेरियल राशि 95 हजार 895 रुपये केतार बाजार निवासी वेंडर शम्भू जयसवाल के पास जमा थी। सोमवार को वेंडर के पास पैसा लेने गया तो उनके द्वारा बोला गया कि 34000 रुपये कमीशन के काट कर 61895 रुपये दिये जायेंगे, जिसमें 33050 रुपये हम ले लिये हैं। महिला लाभुक ने कहा कि मैं किसी अधिकारी को कमीशन देना नहीं चाहती हूं। उन्होंने बीडीओ से वेंडर से काटी गयी राशि वापस दिलाने का आग्रह किया है।

टेंपू वापस दिलाने को थाने में दिया आवेदन

केतार। कांडी गांव निवासी रसीद खलीफा ने सोमवार को केतार थाना में आवेदन देकर अपने टेंपू वापस दिलाने की गुहार लगाई है। आवेदन में उल्लेख किया है कि विगत 13 जुलाई को केतार कोल्ह मोड़ के समीप अपना टेंपू लेकर खड़ा था कि अचानक तीन लोगों ने उसके टेंपू के चालक छोटू खलीफा से चाभी छीन ली। इसके कुछ समय बाद भवनाथपुर की ओर टेंपू लेकर भाग गए। रसीद खलीफा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उक्त तीन लोगों में से एक युवक को मैं पहचानता हूं। जब हमने टेंपू के बारे में पूछताछ की तो बताया कि दो तीन दिन के बाद टेंपू वापस कर देंगे, लेकिन एक माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी अभी तक टेंपू वापस नहीं किया है, जबकि युवक अपने घर परिवार छोड़कर ससुराल कांडी थाना क्षेत्र के शिवपुर चला गया है। मैं गरीब व्यक्ति हूं। टेंपू ही जीने का सहारा था लेकिन आज मेरा परिवार कहीं का नहीं रहा है। पुलिस से रसीद खलीफा ने टेंपू वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

राशन वितरण को लेकर प्रमुख ने किया जागरूक

रमना। पूरा प्रखंड लगातार दुसरे वर्ष सुखाड़ के मार झेल रहा है, जिससे किसान,गरीब -मजदूर सभी मजबूर हैं कि यदि इसी प्रकार सुखाड़ कि स्थिति बनी रही तो खाने- पीने के लाले पड़ जायेंगे। प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर अगस्त माह का राशन, लाभुकों को नहीं मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। करुणा सोनी ने राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी लाभुक राशन उठाव करने से पहले पीडीएस दुकानदार से स्पष्ट जानकारी ले कि किस माह का और कितना राशन दे रहे हैं। साथ ही मशीन में अंगूठा तभी लगाए जब दुकानदार आपको कम्प्यूटराइज पर्ची दें। यदि राशन वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता की कोई शिकायत मिली तो दोषी के विरुद्ध कानून संवत कारवाई की जाएगी।

बच्चों के नेत्र की स्क्रीनिंग का दिया प्रशिक्षण

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में सोमवार को राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक व मध्य विद्यालय के एक एक शिक्षकों को बच्चों के नेत्र की स्क्रीनिंग के लिये प्रशिक्षण दिया गया। ऑफ्थालिमक पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने शिक्षकों को बच्चों के नेत्र स्क्रीनिंग से संबंधित जानकारी विस्तार से दी। प्रशिक्षण में सीआरपी शक्तिदास सिन्हा, एमडीएम सेल के अमित कुमार, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, सुधीर चौबे, नरेंद्र श्रीवास्तव, निर्मल कुमार, रामानुज कुमार शर्मा, बिनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, संध्या कुमारी, पम्पा साहा, किरण कुमारी, सुजीता कुमारी, प्रवीण कुमार सिन्हा, भीम सिंह, मजीद अंसारी, राम लखन पाल, सुरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया उद्घाटन

चिनिया। प्रखंड मुख्यालय के चिरका आईटीआई कॉलेज के मैदान में स्थानीय विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव के द्वारा रविवार को सूर्यवंशी फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, सचिव मोहम्मद फारूक, गंगेश्वर सिंह, हीरामन सिंह, रामवृक्ष सिंह, बंशीधर यादव, बेलाल मंसूरी, चंदन यादव मनोरंजन चंद्रवंशी राकेश लकड़ा शाहिद आदि लोग मौजूद थे।

बिजली उपभोक्ताओं ने ढाई लाख किये जमा

चिनिया। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को गढ़वा बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल वसूली को लेकर प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से ढाई लाख रुपये की वसूली की गई। शिविर में प्रखंड क्षेत्र से आए सभी उपभोक्ताओं द्वारा लाइन में लगकर बारी-बारी से बिजली का बिल जमा किया गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि चिनिया प्रखंड में बिजली बिल जमा को लेकर प्रत्येक महीने की 28 तारीख को प्रखंड स्तरीय शिविर लगाया जाता है, जिससे आम कनेक्शन धारियों को काफी सुविधा होती है। मौके पर बिजली विभाग के सिकंदर, कैशियर मुनेश कुमार, तैयब अंसारी, बिजली कर्मी सिमंत चंद्रवंशी तम्जिद मंसूरी, रघुनंदन सिंह, सत्येंद्र यादव मौजूद थे।

प्रधानाध्यापकों को दी पीएफएमएस की ट्रेनिंग

डंडई। प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के आईटीसी भवन में सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र डंडई के द्वारा पीएफएमएस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षा मित्र ने भाग लिया। साथ ही प्रशिक्षक लेखपाल राकेश कुमार तिवारी, मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा के द्वारा विद्यालय के संचालन के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत नियमानुसार प्राप्त राशि को व्यय करने संबंधी विस्तार पूर्वक उन्हें जानकारी दी गई। मौके पर आलोक कुमार, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, जारद हुसैन, जयप्रकाश सिंह, वीरेंद्र राम, राम प्रवेश राम, मुखलाल राम, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

खेलकूद प्रतियोगिता में दिखा बच्चों का दम

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)

सिमरिया डाइट व जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गिद्धौर में किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता प्रखंड के जवाहर लाल फुटबॉल मैदान में किया गया।

इसमें विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड के नोडल खेल शिक्षक दीपक कुमार, प्रेमचंद दास, सत्यम, मंजू कुमारी, मोहम्मद फहद,

हैंड पंप में लगे सबमर्सिबल की कर ली चोरी

गिद्धौर। प्रखंड के बारिसाखी पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आमीन से अज्ञात चोरों ने हैंड पंप में लगे सबमर्सिबल की चोरी कर ली। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रिंकी कुमारी ने थाना में आवेदन देकर चोरी की प्राथमिक दर्ज कराई है। बताया गया कि सोमवार को जब विद्यालय खुला तब देखा कि हैंड पैंप में लगा सबमर्सिबल नहीं है। सबमर्सिबल की चोरी होने से विद्यालय में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।

खिलाड़ियों का निबंधन 5 से 20 सितंबर तक होगा

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

जिले के क्रिकेट खिलाडियों का निबंधन 5 सितंबर से 20 सितंबर तक किया जाएगा। सत्र 2023-24 के लिए खिलाड़ी अपना निबंधन करवा सकते हैं। संघ के सचिव अमलेश सिंह ने बताया कि स्कूली क्रिकेट के लिए 16 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी अपना निबंधन करवा सकते हैं। वहीं सत्र 20232024 के लिए सीनियर खिलाड़ी अपना निबंधन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक करवा सकते हैं। सचिव ने जिला भर के सभी सरकारी, गैरसरकारी, शिक्षण संस्थान, स्कूल, क्लब के संचालकों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी निबंधन करवा लें। वहीं निबंधन के लिए डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, आधार कार्ड, तीन वर्ष का मार्कशीट, पासपोर्ट फोटो, बैंक पासबुक साथ लेकर आएंगे। विशेष जानकारी के लिए रौनक दुबे से मोबाइल नंबर 9472729789 पर संपर्क कर सकते हैं।

योजना एक करोड़, आठ लाख से होगा दो छात्रावास का जीर्णोद्धार

बच्चों को मिलेगा पढ़ाई का बेहतर माहौल

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

जिले में लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपये की लागत से दो छात्रावास का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गढ़वा में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी दी है, जबकि आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नए भवन निर्माण की भी योजना है। शीघ्र ही इसका भी निर्माण कार्य कराया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं

स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग 56 लाख रुपये तथा अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग साढ़े 51 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में संचालित सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर उसे सुसज्जित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पिछले करीब 30-40 वर्षों से निर्माण के बाद इन छात्रावासों की ओर किसी का भी ध्यान नहीं गया। इन गरीब बच्चों की पढ़ाई अच्छे ढंग से हो सके यह बात किसी ने भी नहीं सोची। सभी छात्रावासों की स्थिति काफी खराब है। बच्चे इसमें किसी तरह से रह कर पढ़ाई कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल दिया जाए। उन्हें बेहतर एवं सुसज्जित छात्रावास उपलब्ध कराया जाए ताकि ठीक तरह से उनकी पढ़ाई हो सके। यही कारण है कि मुख्यमंत्री जिस जिले में भी जाते हैं वहां छात्रावास का भ्रमण जरूर करते हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में संचालित आदिवासी बालक छात्रावास की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इसका जीर्णोद्धार करा पाना संभव नहीं है। इस कारण आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नए भवन का निर्माण कराया जाएगा। ऐसा प्रस्ताव है। इसका भी निर्माण कार्य यथा शीघ्र ही कराया जाएगा। शिक्षा के संपूर्ण माध्यमों को पूरी तरह से सुदृढ़ बनाया जाएगा।

मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच बैग का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता। केतार

प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय बक्सीपुर में सोमवार को मुखिया मुंगा साह ने विद्यालय में

अध्यनरत 57 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग वितरण किया।

इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि ये बैग सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं। इस बैग का उपयोग आप सभी विद्यालय आने के दौरान पाठ्य पुस्तक को रखने के लिए करेंगे। उन्होंने छात्र - छात्राओं को ड्रेस और बैग हमेशा साफ-सुथरा रखने और पढ़ने के लिए विद्यालय प्रतिदिन आने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर अच्छे मुकाम तक पहुंचना मुश्किल है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा कि सरकार विद्यालय में विभिन्न प्रकार की सुविधा दे रही है, जिसमें मध्यान्ह भोजन, किताब, कापी, विद्यालय कीट, छात्रवृत्ति, साइकिल आदि शामिल हैं। उन्होंने अभिभावकों से प्रतिदिन अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। मौके पर शिक्षक छोटन गुप्ता, अनील साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

भारतीय ज्ञान व झारखंड

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एक कार्यक्रम में सही कहा है कि भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम है। इसके लिए हमलोगों में गौरव का भाव होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन जीने के तरीकों के साथ मानव मूल्य भी स्थापित थे। शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान, जिसमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। योग और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को राज्यपाल के वक्तव्य को गंभीरता से लेने की जरूरत है। कारण पूरी दुनिया में हमारी भारतीय संस्कृति की कोई शान नहीं है। इसलिए तमाम लोगों को जीवन मूल्यों के प्रति सचेष्ट रहना चाहिए। अभी चन्द्रयान की सफलता इस बात का को दर्शाता है कि भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चला है। ऐसे में प्रत्येक भारतीय को देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। चंद्रयान के वैज्ञानिकों की बातों को गंभीरता से देखें तो उन्होंने कहा है कि संस्कृत के शास्त्रों में विज्ञान के बीज बिखरे पड़े हैं। संस्कृत के शास्त्रों में वर्णित ज्ञान अतुलनीय है। हमें मैकाले की शिक्षा प्रणाली को बदलना होगा और इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में अनेक प्रावधान किये गये हैं। भारतीय ज्ञान प्रणाली को प्रोत्साहन देना इस शिक्षा नीति के प्रधान उद्देश्यों में एक है। इस शिक्षा नीति के फलस्वरूप भारत निकट भविष्य में नवाचारों का केन्द्र बनने की दिशा में आगे बढ़ चला है। राज्य में संस्कृत शिक्षा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। कारण यह हमारी संस्कृति की संरक्षिका है, जिसमें सुदृढ़ सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के आधारभूत तत्व सन्निहित हैं। ज्ञान की कोई भी शाखा संस्कृत से अछूती नहीं है। इसीलिए संस्कृत का अध्ययन सभी लोगों को करना चाहिए। आयुर्वेद, योग, संगीत शास्त्र आदि विभिन्न विद्याएं संस्कृत से ही विकसित हुई हैं। भारतीय संस्कृति और दर्शन का वैश्विक प्रभाव निर्विवाद रूप से दृष्टिगोचर होता है। संस्कृत के शास्त्रों की धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए न केवल संरक्षित किया जाना चाहिए, बल्कि उसके अनुसंधान की भी आवश्यकता है। ऋतुपरिवर्तन, आतंकवाद, मानसिक तनाव जिससे मानव जाति जूझ रही है, इन सबके निदान में भारतीय ज्ञान परम्परा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान समय में इस बात की आवश्यकता है। बहरहाल संस्कृत वाङ्मय में भारतीय ज्ञान परम्परा न केवल श्रुति परम्परा से संरक्षित है, बल्कि संस्कृत की विशाल ज्ञान राशि हमारे महर्षियों के द्वारा लिपिबद्ध भी की गई है। ऐसे में इन तमाम बातों को ध्यान रखते हुए हेमंत सरकार को आगे बढ़ने से कई प्रकार की समस्याओं का स्वतःसमाधान हो जायेगा। बहरहाल झारखंड की वादियों में ज्ञान की धारा बहती है। अब बस जरुरत है उसे सहेज कर रखने की। राज्यपाल के वक्तव्य वर्तमान समय में सारगर्भित हैं। ऐसे में झारखण्ड सरकार को चाहिये कि ज्ञान की अविरल धारा को स्वर देने में सहयोग करें। कारण यहां का ज्ञानमय कोष का लोहा पूरा देश मानता है।

शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान, जिसमें बुजुर्गो के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। योग और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय है।

अब सूर्य पर भारत फतेह से दुनिया चमत्कृत होगी



ललित गर्ग

चंद्र अभियान की ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक नया इतिहास गढ़ने एवं एक और मैदान फतेह करने को तत्पर है और सूरज का अध्ययन करने के लिए संभवतः दो सितंबर, 2023 'आदित्य-एल 1' यानी सूर्य मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। 'आदित्य-एल 1' अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है, इस मिशन की मदद से स्पेस में मौसम की मोबिलिटी, सूरज के तापमान, सोलर स्टॉर्म, एमिशन और अल्ट्रावॉयलेट रेज के धरती और ओजोन लेयर पर पड़ने वाले प्रभावों की स्टडी की जा सकेगी, जिससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को सकारात्मक मोड़ देने में सुविधा रहेगी। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और मील का पत्थर होगा। इस प्रक्षेपण के बाद अमरीका, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद भारत सूर्य के पास उपग्रह भेजने वाला चौथा देश बन जायेगा। आदित्य एल-1 को पृथ्वी-सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज-1 में स्थापित किया जायेगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है। निश्चित ही चंद्रयान-3 के 3.84 लाख किमी. के सफर के मुकाबले आदित्य एल-1 का सफर कहीं ज्यादा चुनौती एवं संघर्षपूर्ण होगा। दुनिया भर के वैज्ञानिक ब्रह्माण्ड के रहस्यों को जानने में जुटे हैं। जिस सौरमंडल में हम रहते हैं, उसे समझने के लिए सूर्य को जानना जरूरी है। सूर्य की ऊर्जा का अध्ययन धरती पर नहीं किया जा सकता। इसलिए दुनिया की दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियों की तरह इसरो भी सूर्य के पास जाकर अध्ययन करना चाहता है। उसका पहला सूर्य अभियान सूर्य के कोरोना, प्रकाश मंडल, क्रोमोस्फीयर, सौर उत्सर्जन, सौर तूफानों और कोरोनल मास इजेक्शन के अध्ययन के साथ-साथ सूर्य की संपूर्ण इमेजिंग के नये द्वार खोल सकता है। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। लेकिन ये विस्फोट कब होंगे और इसके प्रभाव क्या होंगे, इसकी सटीक जानकारी धरतीवासियों को नहीं है। ऐसे में इस टेलीस्कोप का एक उद्देश्य इनकी स्टडी करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मिशन के तहत अलग-अलग तरह के डाटा को जुटाकर ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकेगी जिससे धरती को होने वाले नुकसान के बारे में पहले से अलर्ट किया जा सकेगा। इस अभियान की कामयाबी इसरो के लिए अंतरिक्ष में एक और अहम छलांग होगी। इससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी, जो कि फिलहाल सिर्फ दो फीसदी है। इसमें वृद्धि के लिए इसरो को उसकी महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप सरकार से हरसंभव मदद मिलनी चाहिए। नया भारत एवं सशक्त भारत निर्मित करने की अनेक बहुदेश्यीय एवं बहुआयामी योजनाएं आजादी के अमृतकाल में आकार लेने के लिये उजावली हैं, उन्हीं योजनाओं में अंतरिक्ष के अनुसंधान एवं अध्ययन से जुड़ी योजनाओं में से 'आदित्य-एल 1' एक बड़ी परियोजना है, जो सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का नाम आदित्य भी है, अतः इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने का अहसास करायेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जायेगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख-परख सकता है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किये गये हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया-प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम होगा, इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है। भारत पूरातन काल से ज्ञान-विज्ञान का असीम भंडार रहा है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने आचार-विचार, आत्म-विकास एवं गहन खोजों से चिकित्सा, दर्शन, अर्थ और सौरमंडल तक की ऐसी जानकारी प्रदान की है, जिसके बारे में विश्व को बहुत बाद में पता चला। स्वामी विवेकानन्द ने कहा भी है कि आधुनिक विज्ञान के सूत्र पुरातन काल में वेदों में लिखित सूत्र ही है। किसी भी आपदा या घटना का पूर्वानुमान भारत में इसी सौरमंडल की जानकारी के आधार पर ही संभव हुआ है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी एवं श्रद्धाभाव को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व-उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। इसलिये कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन करते हुए विश्व मानवता को उपकृत सकेंगे। क्योंकि अब भारत पुरातन ज्ञान से अत्याधुनिक विज्ञान की स्वर्णिम यात्रा पर बढ़ रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं प्रोत्साहन से देश की वैज्ञानिक सोच एवं उपक्रमों को नया आधार मिल रहा है। वह भी अद्भुत दृश्य था, प्रधानमंत्री जब ब्रिक्स समिट एवं अन्य देशों की यात्रा से सीधे इसरो मुख्यालय पहुंचे और विज्ञानियों और इंजीनियरों से खास तौर पर मुलाकात की और उनके योगदान को सराहा। इसे प्रधानमंत्री ने यह कहकर अच्छे से रेखांकित किया कि जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है और ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं जीवन में चिरंजीव चेतना बन जाती हैं।

(क्रमशः)

आदित्य एल-1 को पृथ्वी-सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज-1 में स्थापित किया जायेगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा कृष्ण भक्त मीरा की

दधि मथि घृत काढ़ि लियौ डारि दई छोई। भगत देखि राजी भई, जगत देखि रोई। दासी मीरा लाल गिरिधर तारो अब मोई। पायो जी मैंने नाम रतन धन पायो। बस्तु अमोलक दी म्हारे सतगुरु, किरपा कर अपनायो। जनम जनम की पूंजी पाई, जग में सभी खोवायो। खरचै नहिं कोई चोर न लेवै, दिन-दिन बढ़त सवायो। सत की नाव खेवहिया सतगुरु, भवसागर तर आयो। मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरख-हरख जस पायो।।

(समाप्त)

आइये सुने कथा राम भक्त जामवंत जी की

रामायण काल में हमारे देश में तीन प्रकार की संस्कृतियां अस्तित्व मे थी उत्तर भारत में आर्य संस्कृति जिनके प्रमुख राजा दशरथ है जो श्री राम के पिता थे। दक्षिण भारत में अनार्य संस्कृति जिनका प्रमुख रावण था और तीसरी संस्कृति देश के मध्य भारत मैं जनजातियों और आदि वासियों के रूप में अस्तित्व में थी जिनके संरक्षण महाऋषि अगस्त मुनि थे। अगस्त मुनि वनवासियों के गुरु और मार्गदर्शन थे वानर राज बाली सुग्रीव जामवंत हनुमान नल और नील आदि अगस्त मुनि के शिष्य थे। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार जामवंत सतयुग त्रेता युग में भी थे और द्वापर युग में भी उनके होने का वर्णन मिलता है। एक और जहां हनुमान जी और भीम को पवन पुत्र माना गया है वही जामवंत जी को अग्नि पुत्र कहा गया है जामवंत की माता एक गंधर्व कन्या थी। मान्यता अनुसार भगवान ब्रह्मा ने एक ऐसे रिच मानव बनाया था जो पैरों से चल सकता था और जो मानवो से संवाद भी कर सकता था। पुराणों के अनुसार वानर और मानवों की तुलना मे अधिक विकसित रिच जनजाति का उल्लेख मिलता है।

आत्मनिर्भर भारत का अभूतपूर्व अंतरिक्ष अध्याय

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

नए भारत की विकास यात्रा में चंद्रयान का सफल अभियान भी शामिल हुआ। आत्मनिर्भर भारत का यह अभूतपूर्व अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। इसके पहले कोरोना की दो वैक्सीन बना कर भारत ने अपनी प्रतिभा का दुनिया को प्रमाण दिया था। सैकड़ों देशों तक भारतीय वैक्सीन पहुंची थी। पिछले दिनों अमृत रेलवे-स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले चंद्रयान अभियान की विफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि हमारे संस्कार, हमारा चिंतन, हमारी सोच, इस बात से भरी पड़ी है, जो हमें कहते हैं- **वयं अमृतस्य पुत्राः।** हम अमृत की संतान हैं जिसके साथ अमरत्व जुड़ा हुआ रहता है। अमृत के संतान के लिए न कोई रुकावट है, न हो कोई निराशा। हमें पीछे मुड़कर निराशा की तरफ नहीं देखना है, हमें सबक लेना है, सीखना है, आगे ही बढ़ते जाना है और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुकना नहीं है। हम निश्चित रूप से सफल होंगे। मिशन के अगले प्रयास में भी और उसके बाद के हर प्रयास में कामयाबी हमारे साथ होगी। 21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से पहले हमें कोई भी क्षणिक बाधा रोक नहीं सकती। उनका कथन सत्य साबित हुआ। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया। कहा, जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नये भारत का सूर्योदय है। हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है। इससे पहले कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है। यह सफलता पूरी मानवता की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नये भारत का रोडमैप बनाया था। उसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नये सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है। इसका मकसद इसरो के लाभ का पूरा उपयोग करना है। यह संकल्प सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और तीर्थ स्थानों को जोड़ने के लिए इन दिनों भारत गौरव यात्रा ट्रेन और भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आजादी के अमृतकाल में भारत के जी-20 की अध्यक्षता करना बड़ा अवसर है। यह ऐसे देशों का समूह है जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 85 प्रतिशत की भागीदारी रखता है।

डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है।

चंद्रयान

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

गेंद आई तो फिर दद्दा की हो गई

योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद की जयंती को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। वो मूल रूप से बुंदेलखंड के थे। उन्हें बुंदेलखंड में आज भी हर कोई प्यार से दद्दा कहकर पुकारता है। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गये थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गये कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जब कि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाये। दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले।

खेल

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

ठेकेदार राजीव रंजन हत्या कांड का शूटर गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। जिले के चकिया थाना क्षेत्र के पावर हाउस चौक पर 20 अगस्त को ठेकेदार राजीव रंजन हत्या कांड में पुलिस ने एक शूटर को गिरफ्तार किया है,जो कल्याणपुर थाने के दिलावरपुर का विवेक कुमार बताया गया है। उसे डील के तहत 15 लाख देने की बात थी उक्त राशि लेने के लिए वह फरीदाबाद से पिपरा पहुंचा था जहां पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि विवेक के पास से एक 9 एमएम का पिस्टल व एक जिन्दा कारतुस के साथ ही उसका मोबाइल फोन जब्त किया गया है। उसके निशानदेही पर केसरिया , कल्याणपुर व पिपरा थाना क्षेत्र में रेड की जा रही है। बताया गया है कि घटना के बाद वह फरीदाबाद चला गया था , जहा से वापस लौटा था इस बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया। माना जा रहा है कि विवेक की गिरफ्तारी घटना को लेकर काफी अहम है। इससे कई खुलासे हो सकते है इससे पूर्व उक्त घटना का लाइनर केसरिया सागर चुरामन का रूपेश कुमार सिंह गिरफ्तार किया गया था। इस संगीन वारदात का उदभेदन पुलिस के लिए बड़ी चुनौती रही है।

पुल से कूदकर अधेड़ ने की आत्महत्या, शव बरामद

दुर्ग। जिले के शिवनाथ नदी में बने 50 फिट ऊंचे ब्रिज से एक 52 वर्षीय अधेड़ ने कूदकर खुदकुशी कर ली। कूदने की आवाज सुनकर एक मछुआरा भागा। इसके बाद उसने एसडीआरएफ और पुलगांव पुलिस को सूचना दी। एसडीआरएफ की टीम ने सोमवार सुबह 6 बजे से उसकी तलाश शुरू कर दी थी। 3 घंटे रेस्क्यू के बाद उसका शव नदी से खोजकर बाहर निकाला गया। जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना सोमवार अलसुबह शिवनाथ नदी के तट पर रहने वाले एक मछुआरे ने उन्हें तड़के सूचना दी कि एक व्यक्ति ब्रिज से नदी में कूद गया है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम को वहां भेजा गया। टीम सुबह 6 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही थी। लगभग 3 घंटों के रेश्क्यू के बाद सुबह 9.30 बजे शव को नदी से बाहर निकाल लिया गया है। शव दुर्ग केलाबाड़ी निवासी राजेंद्र सिंह का है। पुलगांव पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। राजेंद्र ने खुदकुशी जैसी घटना को अंजाम क्यों दिया, इसके बारे में अभी कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। वहीं प्रारंभिक पूछताछ में उसके दोस्तों ने बताया कि वो देर रात तक उनके साथ ही बैठा था। फिर वहां से चला गया। दोस्तों का कहना है कि वो घर जाने की बात कहकर निकला था। खुदकुशी करने वाले व्यक्ति की पहचान राकेश ठाकुर 52 वर्ष निवासी केलाबाड़ी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने लूट मामले के दो आरोपियों को भेजा जेल

रायगढ़। जूटमिल पुलिस ने सोमवार को विगत तीन माह से फरार चले रहे घरघोड़ा थाना क्षेत्र के दो बदमाश युवकों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाशों ने बीते मई माह जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेलपाली-कोड़ातराई मेन रोड में एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल, मोबाइल और लैपटॉप की लूट की थी।पीड़ित विनोबा नगर, बोईरदादर चक्रधरनगर निवासी पृथ्वी लाल चौहान, उम्र 35 साल द्वारा दिनांक 28.05.2023 को थाना जूटमिल में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया गया कि वे डेल्टा इलेक्ट्रानिक्स में सर्विस इंजिनियर के पद पर पदस्थ होकर जिला रायगढ क्षेत्र का मोबाइल टॉवर में पावर सप्लाई मेंटनेंस का काम देखते हैं। 27 मई 2023 की रात्रि 08:00 बजे ग्राम टिमरलगा सारंगढ से घर रायगढ़ वापस आते समय दो अज्ञात लड़कों ने जो एक सीडी डिलक्स बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल पर सवार थे, डरा धमकाकर स्प्लेण्डर क्र. सीजी 13 ए के , मोबाईल, लैपटाप लूटकर भाग गये।

सीएम योगी ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी आम लोगों की समस्याएं, कहा

जरूरतमंदों के साथ खड़ी है सरकार

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की हर समस्या के समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित है।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 500 से अधिक फरियादियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के जिन जरूरतमंदों का पैसे के अभाव में इलाज नहीं हो पा रहा है, सरकार उनके साथ सदैव खड़ी है। वह बेझिझक सरकार के सामने अपनी समस्या रख सकते हैं। उनका पैसे के अभाव में इलाज नहीं रुकेगा। उनके इलाज के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। सरकार प्रदेश के जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की हर समस्या को समझती और उसके निराकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है।

मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों को आम जनमानस की समस्या को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या के समाधान में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को समय से अपने ऑफिस पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनने के निर्देश दिये और प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण करने को कहा। उनकी हर समस्या का समयबद्ध तरीके से निस्तारण कर हर संभव मदद की जाए। जनता दर्शन में ज्यादातर मामले अवैध कब्जे, आपसी संपत्ति विवाद, परिवारिक कलह, पैमाइश और इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार को लेकर रहे। मुख्यमंत्री योगी ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है, उन्हें किसी बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों की रोजगार संबंधी समस्या पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भरोसा देते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागों में जनता से मिलने के समय का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान अधिकारी अपने ऑफिस में मौजूद रहें। यदि वह किसी आवश्यक कार्य के चलते ऑफिस में नहीं उपस्थित हैं तो अपने अधीनस्थ को यह जिम्मेदारी सौंपें ताकि प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश की जनता की समस्या का समाधान हो सके।

बिहार जदयू के कद्दावर नेता प्रफुल्ल पटेल भाजपा में हुए शामिल

पटना। जदयू के कद्दावर नेता प्रफुल्ल पटेल सोमवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने प्रदेश कार्यालय में उन्हें समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता दिलायी। प्रफुल्ल पटेल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा से आते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रफुल्ल पटेल के भाजपा में आने से नालंदा में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

सदस्यता दिलाने के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि नालंदा की पावन धरती से आकर इन लोगों ने आज पार्टी को मजबूत किया है। भारतीय जनता पार्टी नालंदा की पावन धरती का सम्मान और बढ़ाएगी। 29 साल से लालू-नीतीश के शासन में बिहार और नालंदा में सब चौपट कर दिया गया है। पहले 15 बरस तक लालू ने बिहार को झेला, अब 18 साल से नीतीश कुमार बिहार को चौपट करने में लगे हैं।सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश मुक्त बिहार बनाना है। इसमें नालंदा का सबसे बड़ा रोल है।

महादेव ऐप मामला

ईडी ने की सीएम भूपेश के ओएसडी से पूछताछ

एजेंसी। नई दिल्ली/रायपुर

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ऑनलाइन जुआ ऐप महादेव बुक से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा से पूछताछ की है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने मामले के संबंध में पूछताछ के लिए भूपेश बघेल के ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) मनीष बंछोर और आशीष वर्मा को बुलाया है। ईडी ने हाल ही में इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, व्यवसायी सतीश चंद्राकर, हवाला ऑपरेटर अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ और छापेमारी में मिले कुछ सबूतों के आधार पर आशीष वर्मा से पूछताछ की जा रही है। मामले में ईडी पाकिस्तान और दुबई से जुड़े कथित संबंधों की जांच कर रही है। एजेंसी ने पुलिस की दर्ज एफआईआर के आधार पर पीएमएलए के तहत जांच शुरू की। विशाखापत्तनम पुलिस (आंध्र प्रदेश) और अन्य राज्यों में दर्ज एफआईआर को भी ध्यान में रखा गया। महादेव ऑनलाइन बुक मामले में ईडी की जांच से पता चला है कि यह प्लेटफॉर्म पोकर, कार्ड गेम, चांस गेम, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल सहित विभिन्न लाइव गेम्स में अवैध सट्टेबाजी के लिए ऑनलाइन मदद देता है। यह प्लेटफॉर्म कार्ड का उपयोग करके तीन पत्ती, पोकर, ड्रैगन टाइगर और वर्चुअल क्रिकेट जैसे कार्ड गेम खेलने की सुविधा भी देता है।

दारा सिंह नाम के व्यक्ति अच्छे-अच्छों को पटखनी दे देते हैं : जितिन प्रसाद

एजेंसी। लखनऊ

मऊ जनपद में घोसी विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि दारा सिंह नाम के व्यक्ति अच्छे-अच्छो को पटखनी दे देते हैं। हम लोग बचपन से सुनते आ रहे हैं। भाजपा के उम्मीदवार भी दारा सिंह चौहान है, जो उपचुनाव में विजयी होंगें।

लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन ने सम्मेलन में जोश बढ़ाते हुए कहा कि हमारा कहीं सम्मान है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। आने वाले पीढ़ीयों का कहीं ध्यान

है तो वह भाजपा ही है। घोसी के विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं होगी, यहां विकास का जाल बिछा दिया जायेगा। इसके साथ ही यहां के लोगों की निजी समस्याओं का ध्यान रखा जायेगा। एक-एक वोट रिकार्ड मत में पड़ने चाहिए। जितिन प्रसाद ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की ओर इशारा करते हुए कहा कि सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा मौजूद हैं। जो-जो उत्तर प्रदेश की समस्या को केन्द्र तक बुलन्द करते है। घोसी में बिजली, सड़क की समस्या नहीं होने दी जायेगी। जनता से अपील है कि यह उपचुनाव देश में संदेश देने वाला है, प्रदेश के भविष्य को तय करने वाला हैं। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों का चुनाव करें। मोदी और योगी के हाथों को मजबूत करें।

मोदी सरनेम को लेकर अब सीएम ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी बोला हमला

एजेंसी। कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरनेम वाले लोगों को लेकर देशभर में चल रही आपत्तिजनक टिप्पणी की श्रेणी में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी खड़े हो गए हैं। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस के मौके पर सोमवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा टाइटल मोदी नहीं है कि भाग जाऊंगा।

दरअसल आंख की चिकित्सा के लिए अभिषेक बनर्जी हाल ही में अमेरिका गए थे जिसे लेकर विपक्षी भाजपा, माकपा और

कांग्रेस दावा कर रहे थे कि अभिषेक देश छोड़कर फरार हो रहे हैं। अब वहां से लौटने के बाद पहली बार किसी सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि मेरा सरनेम मोदी नहीं है ना ही मेहुल है और ना ही मेरी पदवी चौकसी है। मेरा सरनेम बनर्जी है। मैं भागने वालों में से नहीं हूं। पंचायत चुनाव से पहले जनसंपर्क के लिए नवजवार यात्रा की अपार सफलता के लिए उन्होंने नौजवानों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उसी समय से पार्टी से युवा और छात्र संगठन का भरपूर सहयोग मिलता रहा है। कोलकाता के मेयो रोड में स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पंचायत चुनाव में जितनी सुविधा तृणमूल कांग्रेस को मिली थी उतनी ही विपक्ष को भी मिली थी। अगर देखा जाए तो विपक्षी उम्मीदवारों की संख्या तृणमूल की तुलना में दोगुनी थी और सभी ने बेरोक टोक नामांकन दाखिल किया था। इसके बाद भी लोगों ने 20 जिले में तृणमूल कांग्रेस को प्रचंड जीत दिलाई है। इसके लिए धन्यवाद। जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग की वजह से एक छात्र की मौत की घटना का जिक्र भी उन्होंने किया। यहां सीसीटीवी लगाने की कोशिश का विरोध करने वाले छात्रों पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि यह परिवारवाद की वजह से हो रहा है। 33 सालों तक बंगाल की सत्ता में रही पार्टी ने जो संस्कृति अपनाई थी वही विरोध कर रहे लोगों में भी है।

रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा : रेणुका सिंह

एजेंसी। रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में रोजगार मेला एक ऐतिहासिक कदम है। यह बात सोमवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के भिलाई गांव, आरंग-रायपुर स्थित ग्रुप केन्द्र में आयोजित रोजगार मेला-8 के अवसर पर केन्द्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री रेणुका सिंह सरूता ने कही। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक

अवसर प्रदान करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि रोजगार मेला का आयोजन भारत सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है । उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद, सुनील सोनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रुप केन्द्र, आरंग, रायपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक, बलराम बेहेरा सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रुप केन्द्र में आयोजित रोजगार मेला-8 में केन्द्रीय गृह मंत्रालय से संबद्ध संस्थानों के 333 चयनित अभ्यर्थियों को केन्द्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री, रेणुका सिंह सरूता और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद, सुनील सोनी द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इनमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयनित 162, आसाम राइफल्स में 13, सीमा सुरक्षा बल में 26, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में 20 भारत तिब्बत सीमा पुलिस में 65 और सशस्त्र सीमा बल में चयनित 47 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए।

जेल में रची गई थी जवाहर चौधरी की हत्या की साजिश, पांच गिरफ्तार

एजेंसी। बेगूसराय

बछवाड़ा थाना क्षेत्र के फतेहा रेलवे हाल्ट के समीप सेवानिवृत शिक्षक जवाहर चौधरी की हुई हत्या मामले का तीन शूटर, एक लाइनर एवं एक हथियार आपूर्तिकर्ता को भारी मात्रा में गोली एवं हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ पुलिस ने खुलासा कर दिया है कि हत्या की साजिश बेगूसराय जेल में रची गई थी। 20 अगस्त की सुबह में मॉर्निंग वॉक के दौरान फतेहा निवासी सेवानिवृत शिक्षक जवाहर चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि इस मामले में तेघड़ा डीएसपी के नेतृत्व में गठित

टीम ने शूटर सिंघौल सहायक थाना क्षेत्र के मचहा निवासी सुरज कुमार एवं कृष्णा कुमार, राजापुर निवासी संतोष कुमार, लाईनर फतेहा निवासी अंकित कुमार चौधरी तथा हथियार सप्लायर साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सबदलपुर निवासी रामवृक्ष सिंह को गिरफ्तार किया। इन लोगों के पास से घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल, दो देशी पिस्तौल, दो मैगजीन, 7.65 एमएम का 59 गोली, 0.315 एमएम का 12 गोली, तीन मोबाईल, तीन अन्य सिम कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। एसपी ने बताया कि नौ फरवरी 2021 की रात जवाहर चौधरी के पुत्र नीरज चौधरी की हत्या कर दी गई थी। हत्या मामले में जवाहर चौधरी का मंझला पुत्र एवं ग्रामीण गोपाल चौधरी जेल गया था। जवाहर के पुत्र को बेल मिल गया।

पहल

अत्याधुनिक तकनीक से रुकेगी जेयू में मादक पदार्थों की तस्करी

प्रौद्योगिकी का उपयोग कर लगेगी रोक

कैंपस में सीसीटीवी लगाने का काम शुरू हो चुका है।

नशीली दवाओं के इस्तेमाल की कई शिकायतें मिली हैं।

एजेंसी। कोलकाता

जादवपुर विश्वविद्यालय के अस्थायी कुलपति बुद्धदेव साव विश्वविद्यालय में नशीली दवाओं के सेवन की प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। कुलपति ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में यह बात कहीं। हालांकि, कुलपति ने कहा कि मादक द्रव्य विरोधी कानून के तहत उन्हें जो करना होगा वह करेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में मादक पदार्थों का सेवन रोकने के लिए कानून है। हम उस कानून के मुताबिक काम करेंगे। यदि

प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है, तो यह किया जाएगा। नशीली दवाओं के उपयोग को रोकने के लिए हवाई अड्डों या विभिन्न संगठनों के प्रवेश द्वार पर विशेष उपकरण लगाए जाते हैं। अगर कोई ड्रग्स लेकर घुसता है तो उस तकनीक के जरिए पकड़ा जाता है। ऐसे उपकरण परिसर के विभिन्न द्वारों पर लगाए जा सकते हैं। हालांकि, यह काम कब शुरू होगा, इस बारे में विश्वविद्यालय के अस्थायी कुलपति ने कुछ नहीं कहा। कैंपस में सीसीटीवी लगाने का काम शुरू हो चुका है। एक निजी संस्था को यह काम दिया गया है। हॉस्टल और कैंपस में करीब 10 कैमरा सिपॉट चिह्नित किए गए हैं। वहां कुल 26 कैमरे लगाए जाएंगे। जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में नशीली दवाओं के सेवन की कई शिकायतें मिली हैं। कुछ दिन पहले सफाई कर्मचारियों ने यूनिवर्सिटी में सफाई के दौरान सौ से अधिक शराब की बोतलें बरामद की थीं। इसलिए, अधिकारी सीसी कैमरों के साथ-साथ नशीली दवाओं की खपत को नियंत्रित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। नौ अगस्त को जादवपुर यूनिवर्सिटी के मुख्य हॉस्टल में तीसरी मंजिल से गिरकर नादिया के एक छात्र की मौत हो गई है। आरोप है कि वह रैगिंग का शिकार हुआ था। इसके बाद से ही परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठ रही है। कैंपस में नशीली दवाओं के इस्तेमाल की भी कई शिकायतें मिली हैं। इसे देखते हुए यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी स्थापित करने की योजना बना रही है।

आलोक ने ज्योति मौर्या पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप वापस लिया

प्रयागराज। पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या और उसके पति आलोक के बीच विवाद में अब नया मोड़ आ गया है। सोमवार को आलोक मौर्य जांच कमेटी के सामने पेश हुए। उन्होंने मीडिया को बताया कि मैंने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था, लेकिन अब इसे वापस लेता हूं। उन्होंने बताया कि मैंने बहुत सोच समझकर अपनी शिकायत बिना किसी दबाव के वापस लिया है।

जांच कमेटी के अध्यक्ष अपर आयुक्त प्रशासन अमृतलाल बिंद ने कहा कि आलोक आज जांच कमेटी के सामने उपस्थित हुए थे। आधे घंटे रहे और उन्होंने अपनी शिकायत वापस ले ली है। जांच कमेटी ने आलोक से पूछा कि कहीं कोई दबाव तो नहीं है। इस पर आलोक ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। यह शिकायत वह अपने मन से बिना किसी दबाव के वापस ले रहे हैं। जबकि, इससे पहले आलोक ने शासन से शिकायत की थी कि ज्योति ने पद का दुरुपयोग करके करोड़ों की सम्पत्ति बनाई है।

वर्ल्ड एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड

एजेंसी। बुडापेस्ट

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने फिर इतिहास रच दिया और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ यह उपलब्धि हासिल की। भारत के किशोर जेना पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 84.77 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका । वहीं डी पी मनु छठे स्थान पर रहे जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 84.14 मीटर का था। विश्व चैम्पियनशिप में यह पहली बार हुआ है कि शीर्ष आठ में तीन भारतीय रहे हों।

25 वर्ष के चोपड़ा ने पहला प्रयास फाउल रहने के बाद दूसरे में आज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। इसके बाद उन्होंने 86.32 मीटर, 84.64 मीटर, 87.73 मीटर और 83.98 मीटर के थ्रो फेंके। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत और चेक गणराज्य के याकूब वालेश ने कांस्य पदक जीता जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 86.67 मीटर का था। चोपड़ा ने फाउल के साथ शुरू किया लेकिन दूसरे प्रयास में बढत बनाई जो अंत तक कायम रही। पाकिस्तान के नदीम भी तीसरे दौर के बाद दूसरे स्थान पर आ गए और आखिर में पहले दो स्थान इन्हीं दोनों को मिले। निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद एक ही समय पर ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाले चोपड़ा दूसरे भारतीय बन गए । बिंद्रा ने 23 वर्ष की उम्र में विश्व चैम्पियनशिप और 25 वर्ष की उम्र में ओलंपिक स्वर्ण जीता था। तोक्यो में 2021 ओलंपिक में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा पहले भारतीय बने। उन्होंने 2022 में यूजीन में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था । उनसे पहले लंबी कूद में अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 में पेरिस विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

उत्कृष्टता का उदाहरण हैं नीरज चोपड़ा : पीएम मोदी

विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने नीरज चोपड़ा को 'उत्कृष्टता का उदाहरण' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह एथलेटिक्स ही नहीं बल्कि समूचे खेल जगत में अद्वितीय उत्कृष्टता के परिचायक हैं। मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने बुडापेस्ट में चल रही विश्व चैम्पियनशिप में कल देर रात पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। वह ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण एक समय पर जीतने वाले निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते हुए लिखा, प्रतिभाशाली नीरज चोपड़ा उत्कृष्टता का उदाहरण हैं। उनकी प्रतिबद्धता, जुनून और जज्बा उन्हें सिर्फ एथलेटिक्स में ही नहीं बल्कि समूचे खेल जगत में अद्वितीय उत्कृष्टता का परिचायक बनाता है। उन्होंने कहा, विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई।

पूरे देश को नीरज की उपलब्धियों पर गर्व, खेल जगत से लेकर राजनेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली। बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से लेकर समूचे खेल जगत, राजनेताओं और नामचीन हस्तियों ने सोशल मीडिया पर बधाई दी है।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर : नीरज चोपड़ा ने फिर कर दिखाया। भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय ने बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही वह विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्होंने आगे लिखा, पूरे देश को आपकी उपलब्धियों पर गर्व है। यह पल भारतीय खेलों के इतिहास में हमेशा याद रखा जायेगा।

अमित शाह : गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई दी। अमित शाह ने एक्स, पूर्व ट्विटर पर कहा, प्रसिद्ध भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। आज, उन्होंने सफलता का एक नया मानदंड स्थापित किया है।

अभिनव बिंद्रा : बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप में नीरज चोपड़ा को जीत दर्ज करने देखकर अपार गर्व का अनुभव हुआ। तुम्हारी प्रतिबद्धता और परिश्रम सभी के लिये मिसाल है । बधाई हो विश्व चैम्पियन। आपके जैसे सितारों के रहते भारत और चमक रहा है।

महान एथलीट और भारतीय ओलंपिक संघ अध्यक्ष पी टी उषा : विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई । आप इस गोल्डन टच के साथ देश के लिये आगे भी उपलब्धियां हासिल करते रहे। हमेशा आशीष।

विश्व एथलेटिक्स : ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक में विश्व चैम्पियन बना। नीरज चोपड़ा ने 88 . 17 मीटर के थ्रो के साथ पिछले साल के रजत को बुडापेस्ट में चमचमाते स्वर्ण में बदला।

पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग : फेंको तो ऐसे फेंको कि चार लोग बोले क्या फेंका है यार । 88 . 17 मीटर दूर भाला फेंका और हमारे चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीता । जीत का सिलसिला जारी है।

भारतीय सेना : भारतीय सेना सूबेदार नीरज को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देती है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक : भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने की बधाई। आप अपने खेल कैरियर में ऐसी ही बुलंदियों को छूकर देश को गौरवान्वित करते रहें। भविष्य के लिये शुभकामनायें। भारतीय **खेल प्राधिकरण (साइ) :** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में नीरज चोपड़ा ने ऊंचे मानक कायम किये। उन्होंने 88 . 17 मीटर के थ्रो के साथ इतिहास का रूख बदलते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही वह विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। एक समय पर विश्व चैम्पियनशिप, डायमंड लीग और ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले खिलाड़ी।

बॉलीवुड स्टार्स ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने बुडापेस्ट में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। देश उनकी इस बड़ी जीत का जश्न मना रहा है। बी-टाउन ने भी 'भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन बॉय' को शुभकामनाएं दीं। सोमवार को कई बॉलीवुड सेलेब्स ने नीरज चोपड़ा को बधाई दी। 'उड़ता पंजाब' एक्टर शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखाः हमारे विश्व चैंपियन को बधाई। एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने अपनी स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया और लिखाः आप पर बहुत गर्व है, चैंपियन। एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपनी स्टोरी पर एक पोस्ट साझा की और लिखाः बधाई हो भारत। निस्संदेह अब तक का सबसे महान। निर्देशक फरहान अख्तर ने भी ऐसी ही तस्वीर साझा की और लिखाः बधाई हो नीरज चोपड़ा... जेवलिन। विक्की कौशल ने ओलंपिक 2021, डायमंड लीग 2022 और हालिया वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में नीरज की जीत की तस्वीरें साझा कीं और कहा- एब्सोल्यूट लेजेंड। मलाइका अरोड़ा ने लिखा, भारत के लिए एक और गौरवपूर्ण जीत। बधाई हो नीरज चोपड़ा। अभिषेक बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर नीरज की एक तस्वीर साझा की और लिखा, एक बार फिर, नीरज चोपड़ा ने हमें गर्व से भर दिया, उन्होंने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पर लिखा, नीरज चोपड़ा को बधाई! यह उल्लेखनीय है। भारत के लिए यह गर्व का क्षण है।

NEWS इन ब्रीफ

ग्लेन मैक्सवेल द.अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

दक्षिण अफ्रीका। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज की शुरूआत से पहले कंगारू टीम को बड़ा झटका लगा है। टखने में चोट के चलते ग्लेन मैक्सवेल टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का आगाज 30 अगस्त से होगा।

हांगचो एशियाई खेलों की तैयारी पूरी

बीजिंग। हांगचो एशियाई खेल 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक आयोजित होंगे। 26 अगस्त तक 5 चरणों में 50 प्रतियोगिताओं की टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है। ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं की टिकटों की बिक्री लॉटरी के माध्यम से की गई। 25 अगस्त तक लॉटरी के सभी परिणाम सार्वजनिक किए गए हैं। बताया जाता है कि टेबल टेनिस, बैडमिंटन, तैराकी, गोताखोरी और टेनिस समेत 30 प्रतियोगिताओं के सभी टिकट बिक चुके हैं। 15 सितंबर से सुलभ सीट टिकटों की बिक्री शुरू होगी। वनचो शहर में एशियाई खेलों की विशेष ट्रेन का संचालन 26 अगस्त को शुरू हुआ। इस विशेष ट्रेन की कुल लंबाई 53.5 किलोमीटर है, जो हवाई अड्डे और हाई स्पीड रेल स्टेशन आदि परिवहन हब को जोड़ती है। एशियाई खेलों के दौरान यह विशेष ट्रेन यातायात की गारंटी देगी।

रॉबर्टो मैनसिनी बने सऊदी अरब फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच

रियाद। सऊदी अरब ने अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच रॉबर्टो मैनसिनी को नियुक्त किया है। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बताया गया है कि 58 वर्षीय ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी कीमत 25 मिलियन यूरो प्रति वर्ष है। मैनसिनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ₹मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ में शामिल हो रहा हूं।

मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह

एजेंसी। सलालाह

भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में मलेशिया को 9-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के लिए नवजोत कौर (सातवां, 10वां, 17वां मिनट) ने तीन गोल किए, जबकि मारियाना कुजूर (नौंवा, 12वां मिनट) और ज्योति (21वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किए। महिमा चौधरी (14वां) और मोनिका दीपी टोप्पो (22वां मिनट) ने एक एक गोला जमाया। मलेशिया के लिए जती मुहम्मद (चौथा, पांचवां मिनट), डियान नाजेरी (10वां, 20वां मिनट) और अजीज जफीराह (16वां मिनट) ने गोल जमाए।

उल्लेखनीय है कि विश्व कप में क्वालीफाई करने के लिए भारत को शीर्ष तीन में रहना था और इस जीत के साथ भारतीय टीम शीर्ष आयोजन में पहुंच गई है। भारत मैच में शुरू से ही आक्रामक रहा, लेकिन मलेशिया ने जती मुहम्मद के गोल की मदद से चौथे मिनट में बढ़त बनाई। जती मोहम्मद ने अगले ही मिनट मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर भारत पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि अपनी आक्रामक नीति के बदलाव नहीं किया और उसे जल्द ही इसका फल भी मिला। कप्तान नवजोत कौर और मरियाना कुजूर ने क्रमशः सातवें और नौवें मिनट में गोल जमाकर भारत के लिए स्कोर बराबर किया। नजेरी ने 10वें मिनट में मलेशिया का तीसरा गोल किया लेकिन 12वें मिनट तक नवजोत और कुजूर ने एक एक गोल जमाकर भारत को पहली बार बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। महिमा ने 14वें मिनट में फील्ड गोल दागा और भारत हाफ टाइम तक 5-3 से आगे रहा।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जोरदार शुरूआत की और जफीराह के गोल के दम पर मलेशिया एक बार फिर पहले स्कोर करने में कामयाब रहा, हालांकि इसके बाद भारतीय टीम पूरी तरह प्रतिद्वंदी पर हावी हो गई। फुल टाइम से पहले मलेशिया ने कई मौके बनाए लेकिन नाजेरी (20वां मिनट) के अलावा कोई खिलाड़ी इन्हें गोल में नहीं बदल सका। दूसरी ओर, भारत ने नवजोत, मोनिका और ज्योति (दो) ने मौकों को गोल में बदलते हुए भारत को जीत दिलाई। फाइनल में भारत का सामना बंगलादेश या चीनी ताइपे में से किसी एक से होगा।

घरेलू परिस्थितियों में भारत के पास विश्व कप जीतने का बड़ा मौका : मिताली राज

एजेंसी। श्रीनगर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि पुरुष टीम के पास इस साल के अंत में घरेलू परिस्थितियों में आईसीसी विश्व कप जीतने का एक बड़ा मौका होगा। इस वैश्विक प्रतियोगिता का आगाज पांच अक्टूबर से होगा। भारतीय टीम 1983 और 2011 के बाद तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने के मकसद से टूर्नामेंट में उतरेगी।

महिला प्रीमियर लीग फाइनल के लिए यहां पहुंची मिताली ने कहा, एक भारतीय क्रिकेट प्रशंसक के रूप में, मैं चाहूंगी कि भारत फाइनल खेले। यह

एक बड़ा अवसर है, हम मेजबान देश हैं और परिस्थितियाँ हमारे पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, टीम अगर अच्छा प्रदर्शन करती है तो हमें विश्व कप जीतने का एक और मौका मिलेगा। महिला एकदिवसीय में सबसे ज्यादा 7805 रन बनाने वाली इस पूर्व दिग्गज ने कहा कि घाटी में क्रिकेट के विकास की काफी संभावना है। उन्होंने कहा, पिछले दो-तीन वर्षों से बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) महिलाओं के खेल और महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास कर रहा है। भारत की इस पूर्व कप्तान ने कहा, इस साल डब्ल्यूआईपीएल (महिला इंडियन प्रीमियर लीग) भी अच्छा रहा है और यह खेल के विकास के लिए अच्छा है। हमें उम्मीद है कि अगले दो से तीन वर्षों में राज्य से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायेंगे।

शिहान सुनील किस्पोट्टा बनाए गये भारतीय कराटे टीम के कोच

नवीन मेल संवाददाता। रांची

थाईलैंड के बैंकॉक में छह से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक एवं शिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाये गये हैं। टीम कोच बनाए जाने पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हांशी भारत शर्मा, कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि रांची जैसे छोटे से शहर से इस चैंपियनशिप के लिए लगातार दूसरी बार भारतीय कराटे टीम का कोच चुना जाना एक गौरवान्वित पल है। जो जिम्मेवारी कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन ने मुझ पर विश्वास कर दिया है, यह एक बड़ा दायित्व है।

विलियमसन के वर्ल्ड कप खेलने पर सस्पेंस

2 हफ्ते में साबित करनी होगी फिटनेस

एजेंसी। डरहम (इंग्लैंड)

वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को भरपूर समय देना चाहती है। टीम ने विलियमसन को फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का और समय दिया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप-2023 की शुरूआत 5 अक्टूबर से होगी। इसके लिए सभी टीमों को 5 सितंबर तक अपनी प्रारंभिक टीम का ऐलान करना होगा। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को लेकर काफी परेशान है, जो इस साल आईपीएल में लगी चोट के कारण काफी समय से खेल से दूर हैं और अब भी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। केन विलियमसन के पास अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का समय है, जिसके बाद ब्लैककैप्स, वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करेगी। 33 वर्षीय खिलाड़ी के इस साल के विश्व कप में भाग लेने की संभावना शुरू में कम मानी जा रही थी। इस साल की शुरूआत में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करते समय आईपीएल-2023 के शुरूआती मैच के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगी थी। लेकिन, उन्होंने वर्ल्ड कप में वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत की है। हाल ही में अपने साथियों के साथ नेट्स में बल्लेबाजी करने के लिए लौटे थे। अब तक उन्होंने टीम में वापसी नहीं की है क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

एफसी बायर्न यूथ कप नेशनल फाइनल्स की मेजबानी करेगा बिगहिट

एजेंसी। मुंबई

भारतीय खेल समुदाय के लिए डिजाइन किया गया स्पोर्ट्स ऐप बिगहिट, 5 से 7 सितंबर, 2023 तक गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू (पीजेएन) स्टेडियम में आयोजित एफसी बायर्न यूथ कप नेशनल फाइनल्स की मेजबानी करेगा। 8 राज्यों और 28 शहरों से 240 खिलाड़ियों की 16 टीमें नेशनल फाइनल के लिए भाग ले रही हैं। इसके अलावा, इस कार्यक्रम की शोभा गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत भी बढाएंगे। प्रारंभिक प्रयास के रूप में, बिगहिट ने नेशनल फाइनल्स के लिए भारत में राज्य-स्तरीय टूर्नामेंटों का आयोजन और मेजबानी की, जिसमें 7000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। नेशनल फाइनल्स में, एफसी बायर्न के दिग्गजों और स्काउट्स द्वारा 10 खिलाड़ियों की खोज की जाएगी, जो वर्ल्ड फाइनल्स 2023 के लिए म्यूनिख, जर्मनी की यात्रा करेंगे। वे एफसी बायर्न मैदान पर 5-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से भी गुजरेंगे जिसमें एफसी बायर्न अंतरराष्ट्रीय युवा कोचों के साथ प्रशिक्षण सत्र भी शामिल होगा। फाइनल मैच अक्टूबर में म्यूनिख के ओलंपिक स्टेडियम में होगा।

प्रो-रॉल बॉल लीग 8 टीमों के लिए 128 खिलाड़ियों की नीलामी

17 देशों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

एजेंसी। मुंबई

भारत की प्रमुख खेल कंपनियों में से एक युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट ने प्रो-रॉल बॉल खेल की पहली प्रीमियर हाई-स्पीड लीग शुरू करने की घोषणा की है। इस कड़ी में मुंबई के परेल में आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल में रविवार को एक कार्यक्रम में इस लीग की सभी 8 फ्रेंचाइजी टीमों की जर्सी और लोगो का अनावरण किया गया।

इस लीग में 17 देशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 20 नवंबर से 3 दिसंबर, 2023 तक होने वाली एड्रेनालाईन-पैक 15-दिन के टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। हर टीम में 10 खिलाड़ी होंगे, जिनमे 3 विदेशी खिलाड़ियों का होना अनिवार्य है। जर्सी और लोगो के अनावरण के मौके पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को आयोजित करने वाले युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ मेहता के साथ सभी 8 टीमों के मालिक स्टेज पर अपनी टीमों के लोगो वाली जर्सी पहनकर स्टेज की शोभा बढ़ाई। इसके बाद खिलाड़ियों की नीलामी के लिए सभी टीमों ने बोली लगाई। इस दौरान सभी टीमों के कोच, मैनेजर और मालिक मौजूद रहे।

नीलामी प्रक्रिया को तीन कैटेगरी- ए, बी और सी में बांटा गया। कैटेगरी ए में वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले पांच सालों के अंदर किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है या उसी अवधि के दौरान लगातार तीन राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लिया है। कैटेगरी बी में वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले पांच वर्षों के अंदर लगातार तीन राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लिया है या किसी भारतीय टीम के क्वालीफाइंग कैंप में हिस्सा लिया हो। दोनों कैटेगरी के लिए 1.5 लाख और क्रमशः 1 लाख रुपये बेस प्राइस रखा गया था। एशियन रॉल बॉल फेडरेशन ने प्रो रॉल बॉल लीग के पहले सीजन के लिए 34 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए नामांकित किया था। दूसरी ओर 'सी' कैटेगरी के खिलाड़ियों की लिस्ट में ईरान, बेलारूस, ओमान, मिस्र, केन्या, सेनेगल, पोलैंड, श्रीलंका, सऊदी अरब, इंग्लैंड, अर्जेंटीना, फ्रांस और ब्राजील जैसे देशों के 38 खिलाड़ी शामिल हैं। कुल मिलाकर सभी कैटेगरी में 128 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए नामांकित किया गया था।

युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के सीईओ और फाउंडर सिद्धार्थ मेहता ने कहा, यह एक लीग स्पोर्ट्स की शानदार शुरूआत है। इस खेल का आविष्कार भारत ने किया है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हम खेल के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करते हुए इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य इसे साल में दो बार आयोजित करना और इसे देश में टॉप 3 स्पोर्ट्स लीग में शामिल करना है। युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट ने हाल ही में एशियन रॉल बॉल फेडरेशन से राइट्स हासिल कर लिए हैं। लीग का वैल्यूएशन वर्तमान में 180 करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान है, और युगा स्पोर्ट्स का अगले पांच सालों में प्रॉपर्टी वैल्यूएशन 1000 से ज्यादा करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है।

रॉल बॉल का खेल

पुणे में राजू दाभाड़े द्वारा आविष्कार किया गया और 60 से ज्यादा देशों में खेला जाने वाले रॉल बॉल मे रोलर स्केटिंग और हैंडबॉल का कॉम्बिनेशन होता है। दो टीमों द्वारा खेले जाने वाले इस खेल में खिलाड़ियों को रोलर स्केट्स पर ड्रिबलिंग, पासिंग और गेंद को विरोधी टीम के गोल पोस्ट में मारना होता है।

2030 तक पेट्रोल में औसतन 50 फीसदी एथनॉल मिलाने का लक्ष्य होगा पूरा



नई दिल्ली। पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की योजना एक के बाद एक चुनौतियों से जूझ रही है। मगर चीनी मिलों ने पेट्रोल में 50 फीसदी एथनॉल मिलाने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने की योजना हाल ही में सरकार के सामने पेश की। सरकार ने 2030 तक पेट्रोल में औसतन 50 फीसदी एथनॉल मिलाने का लक्ष्य रखा है। चीनी मिलों ने डिस्टिलेशन क्षमता बढ़ाने के लिए कुल 50,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बनाई है, जो 15,000 करोड़ रुपए की पुरानी निवेश योजना के अलावा है। 15,000 करोड़ रुपए निवेश की योजना 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी एथनॉल मिलाने का लक्ष्य ध्यान में रखकर बनाई गई थी। चीनी मिलों ने ई-100 फ्लेक्स ईंधन से चलने वाले वाहन बड़ी तादाद में बाजार में लाने के लिए सरकार से मदद मांगी। ऐसे वाहन 10 से 100 फीसदी एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से चल सकते हैं। मिलों ने योजना दी, उसके अनुसार 2030 तक पेट्रोल में 50 फीसदी एथलॉन मिलाकर देश भर में पहुंचाने के लिए सालाना औसतन 30 अरब लीटर एथनॉल की जरूरत होगी, जिनमें से 15 से 16 अरब लीटर एथनॉल गन्ने से बनने वाले शीरे से आएगा। बाकी एथनॉल खराब हुए अनाज, मक्का और दूसरे स्रोतों से आएगा। योजना में कहा गया है कि देश में 30 अरब लीटर एथनॉल बनने से पेट्रोल का आयात कम होगा। इससे 2030 तक तकरीबन 15 अरब डॉलर विदेशी मुद्रा बच जाएगी और किसानों की आय में करीब 1.80 लाख करोड़ रुपए का इजाफा होगा। 2030 तक पेट्रोल में औसतन 50 फीसदी एथनॉल मिलाने की यह योजना इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने तैयार की है, जिसे हाल में हुई एक बैठक में सरकार और नीति अयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने पेश किया गया।

सेंट गोबेन भारत में 8,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश, 10% ग्रोथ का टारगेट

नई दिल्ली। कांच निमार्ता और घर बनाने के समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी सेंट गोबेन बड़ा निवेश करने जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक 10 फीसदी का ग्रोथ हासिल करने के लिए कंपनी 8,000 करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। पूंजीगत व्यय और अधिग्रहण के लिए चार-पांच साल में 8,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के प्रमुख बी संथानम ने यह जानकारी दी। कंपनी ने हाल ही में 'स्टोन वूल' विनिमार्ता रॉकवुल इंडिया और 'ग्लास वूल' विनिमार्ता ट्विगा का अधिग्रहण किया है। कंपनी अभी भी वृद्धि जारी रखना चाहती है। फ्रांसीसी कांच निमार्ता की अनुषंगी कंपनी सेंट गोबेन इंडिया को भारतीय बाजार में मात्रा के हिसाब से 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी यहां मांग में तेजी देख रही है। एशिया प्रशांत और भारत क्षेत्र में सेंट गोबेन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सेंट गोबेन इंडिया के चेयरमैन संथानम ने बताया, सेंट-गोबेन इंडिया वृद्धि, मुनाफा और विस्तार के लिहाज से भारत में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारे सभी व्यवसाय अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें भवन निर्माण और औद्योगिक समाधान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 2023-24 में हम 8-10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि सेंट गोबेन के वैश्विक बाजार में मुनाफे के लिहाज से भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है।

जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी

'50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए'

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि जनधन योजना के जरिए आए बदलाव और डिजिटल परिवर्तन ने देश में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा कि इसके जरिए 50 करोड़ से अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में जोड़ा गया, जिनकी संचयी जमा राशि दो लाख करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) की नौवीं वर्षगांठ पर सीतारमण ने कहा कि 55.5 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। योजना के तहत बैंक खातों की संख्या मार्च 2015 में 14.72 करोड़ से 3.4 गुना बढ़कर 16

अगस्त 2023 तक 50.09 करोड़ हो गई। कुल जमा राशि भी मार्च 2015 तक 15,670 करोड़ रुपये से बढ़कर अगस्त 2023 तक 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

डिजिटल परिवर्तन से आई क्रांति: सीतारमण ने कहा, पीएमजेडीवाई के जरिए लाए गए बदलावों और डिजिटल परिवर्तन से नौ वर्षों में भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति आई है। हितधारकों, बैंकों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के सहयोगात्मक प्रयासों से पीएमजेडीवाई देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई।'

खातों में सरकारी लाभों के सफल हस्तांतरण को सक्षम बना : वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने कहा कि जनधन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ने आम आदमी के खातों में सरकारी लाभों के सफल हस्तांतरण को सक्षम बनाया है। कराड ने कहा, पीएमजेडीवाई खाते प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) जैसी जन-केंद्रित पहल का आधार बन गए हैं। इसने समाज के सभी वर्गों, खासकर वंचित वर्ग के समावेशी विकास में योगदान दिया है। वित्तीय समावेशन पर राष्ट्रीय मिशन यानी प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरूआत 28 अगस्त 2014 को की गई थी। यह देश के वित्तीय परिदृश्य को बदलने में सफल रहा है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों को कई लाभ प्रदान करता है। इसमें खाते में न्यूनतम राशि रखने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा मुफ्त रुपे डेबिट कार्ड, दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा और 10,000 रुपये तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा जैसी सेवाएं इसमें शामिल हैं।

फोर-व्हीलर्स का अभी भी बाजारों में चलता है सिक्का

नई दिल्ली। भारत अब ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में दुनिया में तीसरे पायदान पर पहुंच गया है, जिसमें खास देने वाली कुछ गाड़ियों का जिक्र हम आगे करें जा रहे हैं। मारुति सुजुकी ने अपनी वैगन आर को 1999 में पेश किया था, जो दो दशक बाद भी ग्राहकों के दिलों पर छायी हुई है और अपनी तीसरी जेनरेशन के साथ कंपनी की बेस्ट सेलिंग कार है। 2005 में लॉन्च हुई मारुति सुजुकी स्विफ्ट भी ग्राहकों की पसंदीदा हैचबैक है। ये भी अपने थर्ड जेनरेशन के साथ बेस्ट सेलिंग कार की लिस्ट में शामिल है। मारुति सुजुकी ने 1998 में एक सेडान कार लॉन्च की थी, बलेनो जो 2007 तक बाजार में बिकती रही। कंपनी ने 2015 में फिर से इसकी वापसी की, इस बार ये हैचबैक है जिसे ग्राहक धड़ल्ले से खरीद रहे हैं। अगली कार हुंडई आई10 है, जिसे 2007 में लॉन्च किया गया था। जो आज भी कंपनी बेस्ट सेलिंग कार की लिस्ट में शामिल है। आई10 ग्रैंड नियोस इसका मौजूदा मॉडल है। हुंडई की आई20 जिसे 2008 में लॉन्च किया था, 15 साल बाद आज भी धड़ल्ले से बिक रही है। इस हैचबैक की गिनती प्रीमियम कारों में होती है।

सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

एजेंसी। नई दिल्ली

सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के कारोबार कि शुरूआत मामूली मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान होने के कारण शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 21.57 अंक की मजबूती के साथ 64,908.08 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही लगातार उतार-चढ़ाव शुरू हो गया। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 65,064.14 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर 64,776.92 अंक तक लुढ़क भी गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 59.28 अंक की तेजी के साथ 64,945.79 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 32.55 अंक की तेजी के साथ 19,298.35 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही ये सूचकांक भी उतार-चढ़ाव का शिकार हो गया। खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने 19,328 अंक तक की छलांग लगाई, जबकि बिकवाली के दबाव में इसने 19,204.70 अंक तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 28.75 अंक की बढ़त के साथ 19,294.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

अडाणी एनर्जी कर रही है एनर्जी सिटी में एक अरब डॉलर का निवेश

कंपनी क्षमता का विस्तार करने में जुटी

एजेंसी। नई दिल्ली

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस की सहायक कंपनी एनर्जी सिटी मुंबई (एईएमएल) 1 अरब डॉलर से अधिक के पूंजीगत व्यय कार्यक्रम पर काम कर रही है। कंपनी के इस योजना में मुंबई और ठाणे में 2000 एमडब्ल्यू क्षमता की दो ट्रांसमिशन लाइनें जोड़ना, जबकि 2025 तक नवीकरणीय ऊर्जा में अपनी हिस्सेदारी को दोगुना करके 60 प्रतिशत करना शामिल है। बिजनेस लाइन की रिपोर्ट के अनुसार पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को अगले 3-4 वर्षों तक चलाया जाएगा और क्षमता वृद्धि के अलावा इसमें स्मार्ट मीटर, छत पर सौर पैनलों की स्थापना और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन शामिल हैं। अडाणी एनर्जी के राजस्व और मुंबई की ऊर्जा मांग में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। कंपनी की योजना इसे एफवाई 2025 तक

5000 मेगावाट तक जाने की है। खारघर-विक्रोली ट्रांसमिशन परियोजना एक 400 केवी, 2,000 मेगावाट की भूमिगत ट्रांसमिशन लाइन है जो नवी मुंबई में खारघर सबस्टेशन को मुंबई में विक्रोली सबस्टेशन से जोड़ेगी और शहर के उपनगरों को बाधित बिजली आपूर्ति प्रदान करेगी। बता दें कि एईएमएल मुंबई में बिजली वितरित करती है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 2000 मेगावाट से अधिक बिजली की आपूर्ति की है। इसका वितरण नेटवर्क 400 वर्ग किमी में फैला हुआ है और यह मुंबई और ठाणे जिलों में 1.2 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करता है।

सेंसेक्स 100 अंक चढ़ा निफ्टी 19300 के पार

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक शुरूआत हुई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 100 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 19300 के पार पहुंच गया। हालांकि, शुरूआती कारोबार में ही ऊपरी स्तरों से बाजार में बिकवाली दिखनी शुरू हो गई। शुरूआती कारोबार में अडानी एंटरप्राइजेज और जोमैटो के शेयरों में तीन-तीन प्रतिशत की बढ़त दिखी। शेयर बाजार में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन तेजी के साथ कारोबार की शुरूआत हुई। अच्छे ग्लोबल संकेतों के चलते बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में खुले। हालांकि बाजार में शुरूआती कारोबार में बिकवाली दिखी पर फिर बाजार संभल गया। सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर सेंसेक्स 105.33 (0.16%) अंक चढ़कर 64,991.84 जबकि निफ्टी 44.50 (0.23%) अंक मजबूत होकर 19,310.30 के लेवल पर कारोबार करता दिख रहा है।

विदेश

जापान ने अपने रॉकेट लॉन्च पर लगाई रोक

एजेंसी। वाशिंगटन

जापान ने चंद्र लैंडर ले जाने वाले रॉकेट का लॉन्च स्थगित कर दिया है। देश की पहली चंद्र लैंडिंग का प्रयास करने के उद्देश्य से एक एच2ए रॉकेट को सोमवार सुबह जापान से लॉन्च किया जाना था, हालांकि, प्रतिकूल मौसम के कारण मिशन को स्थगित कर दिया गया था।

सुबह 9:26 बजे, एच2ए रॉकेट को जापान के दक्षिण-पश्चिम में कागोशिमा प्रान्त में तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाना था। चंद्रमा की जांच के लिए स्मार्ट लैंडर, या सलीम, चंद्र जांच को जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी द्वारा विकसित किया गया था। एनएचके के अनुसार, इसके कार्यों में चंद्रमा की चट्टानों की खोज करना और सटीक लैंडिंग प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करना शामिल है। एनएचके ने वैश्विक

दर्शकों को टेलीविजन, रेडियो और ऑनलाइन के माध्यम से जापान और एशिया पर नवीनतम जानकारी प्रदान की। यदि मिशन सफल रहा तो जापान चंद्रमा पर सफलतापूर्वक यान उतारने वाला दुनिया का पांचवां देश बन जाएगा। अमेरिका के नेतृत्व वाला आर्टेमिस कार्यक्रम, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर ले जाने का इरादा रखता है, जांच द्वारा एकत्र किए गए डेटा का उपयोग करेगा। एक्स-रे एमेजिंग और स्पेट्रोस्कॉपी मिशन या सिरिम, जिस जैक्सा ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और अन्य संगठनों के सहयोग से विकसित किया है, को भी एच2ए रॉकेट पर लॉन्च किया जाएगा। एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार, जैक्सा ने इस चिंता को दूर करने के लिए साझा घटकों की अपनी जाँच को मजबूत किया कि नए एच3 रॉकेट की मार्च की शुरूआत में विफलता का एच2ए के लांच पर प्रभाव पड़ सकता है। 23 अगस्त को, भारत ने एक बड़ी छलांग लगाई जब चंद्रयान -3 लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सफलतापूर्वक उतरा, जिससे यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला पहला देश बन गया और क्रैश लैंडिंग पर निराशा समाप्त हो गई। चार साल पहले चंद्रयान-2 का। कुल मिलाकर, भारत अमेरिका, चीन और रूस के बाद चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने वाला चौथा देश बन गया।

तुर्की खुफिया एजेंसी ने इराक में पीकेके के वरिष्ठ सदस्य को मार डाला

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने उत्तरी इराक में एक ऑपरेशन में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के एक वरिष्ठ सदस्य की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी ने अज्ञात सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि कादरी एनकू, जिसका कोड-नाम ₹डोगन₹ था, को इराक के गारा क्षेत्र में मार डाला गया। पीकेके सदस्य 2006 में समूह के ग्रामीण रैंक में शामिल हुए और उन्हें जैप क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया। सूत्रों ने कहा, वह इराक और सीरिया के बीच समूह के सदस्यों और हथियारों के हस्तांतरण के लिए जिम्मेदार था। सूत्रों ने बताया कि वह उत्तरी इराक के गारा, जैप, मेटिना और हफ्तानिन क्षेत्रों में समूह के सदस्यों के लिए मार्ग, साथ ही हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध करा रहा था, जिसका उद्देश्य तुर्की में हमला करना था।

फ्रांस के स्कूलों में भी लगी बुर्के पर बैन

एजेंसी। पेरिस

फ्रांस के स्कूलों में अब धार्मिक कपड़ों पर बैन लगेगा। फ्रांस सरकार ने स्कूलों में लड़कियों के अबाया पहनने पर बैन लगाने का फैसला किया है। फ्रांस के शिक्षा मंत्री गैब्रियल एटॉल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अबाया नहीं पहना जाएगा। बता दें कि अबाया फुल बुर्का है। अधिकारियों का कहना है कि फ्रांस में स्कूलों में सख्त धर्मनिरपेक्ष कानून लागू है लेकिन स्कूल में छात्राओं का अबाया पहनकर आना इस कानून का उल्लंघन है। शिक्षा मंत्री गेब्रियल अट्ल ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब स्कूलों के जरिए खुद को मुक्त करने की आजादी। उन्होंने अबाया को धार्मिक लिबास करार देते हुए कहा कि इसे पहनकर आना देश के धर्मनिरपेक्ष कानूनों की परीक्षा लेने जैसा है, जिसे स्कूल भी मानते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही आप क्लासरूम के भीतर दाखिल होते हैं. वहां ऐसा माहौल होना चाहिए कि आप सिर्फ छात्रों को देखकर उनका धर्म नहीं पहचान पाएं। इससे पहले फ्रांस ने 2004 में स्कूलों में हेडस्कार्फ पहनने पर और 2010 में सार्वजनिक रूप से पूरे चेहरे के नकाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिस पर वहां रहे 50 लाख मुस्लिम लोगों ने नाराजगी जताई।

विकस्ति

उत्तर कोरिया ने आर्थिक कठिनाइयों के कारण सीमा फिर से खोली

व्यापार बढ़ने से विकास की स्थिति में आयेगा सुधार

एजेंसी। सियोल

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने तीन साल से अधिक समय तक सख्त वायरस प्रतिबंधों के बाद अपनी सीमा को फिर से खोलने का फैसला किया है, इसका मुख्य कारण बंद से होने वाली आर्थिक चुनौतियां हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया ने कहा कि उसने कोविड-19 महामारी के बारे में कम चिंताओं के बीच विदेश में अपने नागरिकों को घर लौटने की अनुमति दी है। इस निर्णय से उसने अपनी सीमा को फिर से खोलने की आधिकारिक घोषणा कर दी। मंत्रालय के एक प्रवक्ता कू ब्यूंग-सैम ने एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ऐसा माना जाता है कि अपनी सीमा बंद होने के कारण,

उत्तर कोरिया को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है और कर्मियों के आदान-प्रदान अवरुद्ध होने के कारण संभवतः कई असुविधाएं हुईं। इसे खुलने से विकास की स्थिति में सुधार आएगी और आर्थिक स्थिति भी सुधरेगा। फिर भी, मंत्रालय ने उत्तर कोरिया के नवीनतम कदम को सीमित सीमा को फिर से खोलने के रूप में देखा, क्योंकि उत्तर ने केवल विदेश में अपने नागरिकों की वापसी को मंजूरी दी है। उसने यह उल्लेख नहीं किया है कि वह विदेशियों को प्रवेश की अनुमति कब देगा। नवीनतम निर्णय से, विदेशों में रहने वाले अधिक उत्तर कोरियाई राजनयिकों, मजदूरों और छात्रों के वापस लौटने की उम्मीद है। ऐसी भी चिंताएं हैं कि चीन से उत्तर कोरियाई दलबदलुओं को जबरन उत्तर कोरिया में वापस भेजा जा सकता है। एकीकरण मंत्रालय ने चीन में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए उत्तर कोरियाई दलबदलुओं के संभावित प्रत्यावर्तन के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। कू ने कहा, हम एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहेंगे कि ऐसे दलबदलुओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध जबरन उत्तर कोरिया में वापस नहीं भेजा जाना चाहिए। उनकी इच्छा का सम्मान किया जाना चाहिए। उत्तर कोरिया, जिसने जनवरी 2020 में अपनी सीमा बंद कर दी थी। इसने पिछले सप्ताह चीन और रूस के साथ वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन भी फिर से शुरू किया।

पेज एक के शेष

चारा घोटाला ...

सिद्धार्थ कुमार, निर्मला प्रसाद, कुमार अनिता प्रसाद, मो एकराम, मो हुसैन, मो सनवाल हक, सैरु निशा, चंचेला सिन्हा, ज्योति कक्कड़, सरस्वती देवी, राम अवतार शर्मा, रिमा, अपॉनिता कुंडू और मधु पाठक शामिल है।

इन 36 आरोपियों की सजा पर एक सितम्बर को सुनवाई : नियानंद कुमार सिंह, डॉ जुनुल भेंगराज, डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद, डॉ राधा रमण सहाय, डॉ गौरी शंकर प्रसाद, डॉ रविन्द्र कुमार सिंह, डॉ फणीन्द्र कुमार त्रिपाठी, महेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, रामनंदन सिंह, बृजेश्वरी प्रसाद सिन्हा, अजय कुमार सन्हा, राजन मेहता, रवि नंदन कुमार सिन्हा, राजेन्द्र कुमार हरित, अनिल कुमार, त्रिपाठी मोहन प्रसाद, दयानंद प्रसाद कश्यप, शरद कुमार, सुरेश दूबे, मो सईद, मो मौहिद, संजय कुमार, रामा शंकर सिंह, उमेश दूबे, अरुण कुमार वर्मा, अजीत कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, जगमोहन लाल कक्कड़, श्याम नंदन सिन्हा, मोहिन्द्रर सिंह बेदी, प्रदीप कुमार चौधरी, सत्येन्द्र कुमार मेहता, मदन मोहन पाठक, प्रदीप कुमार।

इन 53 आरोपियों को हुई सजा : डॉ रामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ अनिल, डॉ कमल किशोर सिंह, डॉ हीरा लाल, डॉ विनोद कुमार, डॉ वीजेन्द्र कुमार, डॉ धनंजय कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ विजय शंकर सिंह, परमेश्वर प्रसाद यादव, रविन्द्र कुमार मेहरा, अजय वर्मा, सुनील कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह, नरेश प्रसाद, गणेश दूबे, अनंत मुरारी सिंह, मनीष कुमार, विनय कपूर, शोभा सिंह, दीपक कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार सिंह, समीर कुमार, सुरेन्द्र कुमार राय, जॉली श्रीवास्तव, सुधीर कुमार शरण, जगदीश प्रसाद साहू, मुन्नी राय, अनिल कुमार सिन्हा, सूरज गांधी, रविनद्र प्रसाद, नंद्र किशोर अग्रवाल, दयाल मिधा, श्याम सुंदर शर्मा, मंजू बाला जयसवाल, रंजीत सिन्हा, सरस्वती चंद्रा, सुलेखा देवी, जीतेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार चौधरी, शुभाशीष देव, राजीव कुमार, नंद किशोर प्रसाद, सुधा सिंह, राजेश मेहरा, मनोज कुमार, दीपक कुमार महाजन, सतीश कुमार, सुजीत कुमार, सूरज मल दूबे, गुलशन लाल आजमानी।

यह मामला 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी से जुड़ा है। डोरंडा कोषागार से यह अवैध निकासी वर्ष 1990-91 एवं 1994-95 के दौरान फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गई थी। डोरंडा कोषागार मामले में 27 साल चली सुनवाई के दौरान सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक रविशंकर ने इस मामले में कुल 616 गवाहों का बयान दर्ज कराया है।

कांग्रेस नेता मुन्नम...

योगेंद्र व अमरेंद्र से पूछताछ आज : ईडी मंगलवार को शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी व उसके छोटे भाई अमरेंद्र तिवारी से पूछताछ करेगी। सोमवार को ही योगेंद्र को अपनी सारी कंपनियों के दस्तावेज का साथ आना था। लेकिन वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। मंगलवार को दोनों भाईयों से ईडी पूछताछ करेगी।

महेश्वरी परिवार हत्याकांड ...

के पंखे से लटका मिला था। वहीं नरेश का शव अपार्टमेंट के बाहर नीचे गिरा पड़ा था। किरण अग्रवाल का शव बिस्तर पर पड़ा था। प्रीति अग्रवाल का शव पंखे से लटका मिला था। वहीं पोता अमन फांसी पर लटका पाया गया था। पोती अन्वी का शव सोफा से बरामद किया गया था। इस मामले की जांच सीआईडी ने की थी और इस घटना को आत्महत्या करार दिया था।

एक करोड़ की ठगी ...

टेलीग्राम प्रोफाईल से संपर्क कर यूआरएल पर रजिस्टर कर विडियो लाईक करने का काम दिया गया। इस यूआरएल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओं में पैसे डालने को बोला गया। शुरू में झांसा में लेने के लिए इनके अकाउंट में कुछ पैसे डाले गये। लेकिन बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया और इस तरह से इनके साथ कुल 84 लाख 32 हजार 100 रुपये ठगी कर ली गई। जबकि डा० विनय मिश्रा की ओर कराए गए कांड संख्या 52 / 2023 में अज्ञात साइबर अपराधियों ने एसबीआई का कस्टमर केयर बनकर केवाईसी अपडेट करवाने के नाम पर 20 लाख 40 हजार 368 रुपये विभिन्न खाताओं में अवैध हस्तांतरण कराते हुए साइबर ठगी कर ली गई। उन्होंने बताया कि इस दोनों मामलों में अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता के बिंदु पर अनुसंधान करते हुए 14 सी, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा इकोनामिक ऑफेंस यूनिट, बिहार पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मामले में संलिप्त दो साईबर अपराधकर्मियों का गिरफ्तार किया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
"Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से की टेलीफोन पर बात

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति पुतिन ने 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की और बताया कि रूस का प्रतिनिधित्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की और जोहान्सबर्ग में हाल ही में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सहित आपसी महत्व के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

भारत-बांग्लादेश के बीच ढाका में हुई 5 वीं वार्षिक रक्षा वार्ता

नई दिल्ली। भारत-बांग्लादेश ने पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता सोमवार को ढाका में की। रक्षा सचिव गिरिधर अरमने 27-28 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने बांग्लादेशी समकक्ष सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल वकार उज्जमां के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। भारत और बांग्लादेश के बीच वार्षिक रक्षा वार्ता दोनों देशों के बीच सर्वोच्च संस्थागत वार्ता तंत्र है। इस वार्ता में दोनों देशों ने सशस्त्र बलों के बीच संबंधों की भावी रूपरेखा तैयार करने में इसके महत्व को उजागर किया। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच चल रही रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की गई और दोनों पक्षों ने बढ़ते रक्षा सहयोग संबंधों पर संतोष व्यक्त किया। वार्ता में मौजूदा द्विपक्षीय युद्ध अभ्यासों पर भी चर्चा हुई और दोनों पक्ष इन अभ्यासों की सघनता बढ़ाने पर सहमत हुए।

कर्नाटक सरकार गृह लक्ष्मी योजना करेगी शुरू, खड़गे, राहुल गांधी होंगे शामिल

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार अपने अपने घरों की गृहस्वामिनी एक करोड़ से अधिक महिलाओं को 2,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता योजना बुधवार को जिला मुख्यालय शहर मैसुरु में शुरू करेगी। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1.08 करोड़ संभावित लाभार्थियों ने 'गृह लक्ष्मी' योजना के लिए नामांकन कराया है।

प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के तहत अभ्यर्थियों के बीच 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए, कहा

आप इस 'अमृत काल' के 'अमृत रक्षक' हैं

ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस, रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र, मेरु, हजारीबाग में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र प्रदान किए

रांची/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक नए भर्ती किए गए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश के 45 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेले के आयोजन के माध्यम से, गृह मंत्रालय विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्ती कर रहा है। पूरे देश से चुने गए नए रंगरूट गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न पुलिस बलों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) और नॉन-जनरल ड्यूटी कैडर जैसे विभिन्न पदों पर भर्ती होंगे। इसी के तहत ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, रांची में सोमवार को रोजगार मेला-8 का आयोजन डी. एन. लाल उपमहानिरीक्षक ग्रुप केंद्र रांची के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत सरकार के कर कमल द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में चयनित झारखंड राज्य के 559 अभियार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

साथ ही हजारीबाग के सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र, मेरु में रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिस में 231 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित थी।

इस अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अमृत काल के दौरान 'अमृत रक्षक' के रूप में नव नियुक्त अभ्यर्थियों को उनके चयन के लिए बधाई दी। उन्होंने इन्हें 'अमृत रक्षक' कहा क्योंकि नव नियुक्त अभ्यर्थी न केवल देश की सेवा करेंगे, बल्कि देश और देशवासियों की रक्षा भी करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, आप इस 'अमृत काल' के 'अमृत रक्षक' हैं।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि रोजगार मेले का यह संस्करण ऐसे समय में हो रहा है जब राष्ट्र गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 और प्रज्ञान रोवर लगातार चंद्रमा के नवीनतम फोटो प्रसारित कर रहे हैं। इस प्रतिष्ठित क्षण में, प्रधानमंत्री ने कहा कि नए रंगरूट अपने जीवन काल की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू कर रहे हैं। उन्होंने सभी नई नियुक्त अभ्यार्थियों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने रक्षा या सुरक्षा और पुलिस बलों में चयन के साथ-साथ आने वाली जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि सरकार सुरक्षा बलों की जरूरतों के बारे में बहुत गंभीर रही है। उन्होंने अर्धसैनिक बलों की भर्ती में बड़े बदलावों का उल्लेख किया।

राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करने में नए भर्ती किए गए अभ्यर्थियों की जिम्मेदारियों के बारे में प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून के शासन द्वारा एक सुरक्षित माहौल विकास की गति को तेज कर देता है। सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह दोहराया कि भारत इस दशक के दौरान दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए, प्रधान मंत्री ने बताया कि दोनों उद्योग 12 लाख करोड़ रुपये मूल्य से अधिक के हैं और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की उम्मीद है। अवसंरचना के विकास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने अवसंरचना पर 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए हैं। इससे कनेक्टिविटी के साथ-साथ पर्यटन और आतिथ्य को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नए रोजगार सृजित हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार के प्रयासों के कारण रूपांतरण का एक नया युग देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब मेड इन इंडिया लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर हमें गौरवान्वित करेंगे। 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार भारत में बने लैपटॉप और कंप्यूटर खरीदने पर जोर दे रही है और इसके परिणामस्वरूप उत्पादन और रोजगार बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने 9 वर्ष पहले आज ही के दिन प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरूआत का स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा, इस योजना ने गांवों और गरीबों के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ रोजगार सृजित करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने कई रोजगार मेलों में लाखों युवाओं को संबोधित करने का उल्लेख किया और कहा कि उन्हें सार्वजनिक सेवा या अन्य क्षेत्रों में रोजगार मिला। अपने संबोधन का समापन करते हुए प्रधानमंत्री ने अर्धसैनिक बलों के रूप में सीखने के दृष्टिकोण को बनाए रखने पर बल दिया और आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध 600 से अधिक पाठ्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य देश के 10 लाख युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में रोजगार उपलब्ध कराना है तथा रिक्त पड़े खाली पदों को भरना है। रोजगार मेला के तहत भर्ती सीधे कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जा रही है। मेरु में आयोजित रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र देने के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह आप लोगों के लिए बेहद खुशी का पल है कि आप सब देश की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। इसके लिए आपके माता-पिता भी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आपसे बेहद उम्मीद है। मिशन कर्मयोगी के साथ जुड़कर आप सब देश सेवा करेंगे।

रांची के ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस रांची द्वारा आयोजित समारोह में विधि कुमार बिरदी, महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर, एस. के. तिग्गा, उप महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर, शील निधि झा, उप महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर एवं पी. कुजूर उप महानिरीक्षक, रेंज कार्यालय रांची के अलावा ग्रुप केंद्र रांची के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

राष्ट्रपति ने एनटी रामाराव पर स्मारक सिक्का जारी किया

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में स्वर्गीय एनटी रामाराव के शताब्दी वर्ष पर स्मारक सिक्का जारी किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि एनटी रामाराव ने तेलुगु फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया है। उन्होंने अपने अभिनय से रामायण और महाभारत के प्रमुख पात्रों को सजीव बना दिया। उनके द्वारा निभाई गई भगवान राम और भगवान कृष्ण की भूमिकाएं इतनी जीवंत हो गईं कि लोग एनटीआर की पूजा करने लगे। उन्होंने कहा कि एनटीआर ने अपने अभिनय के माध्यम से आम लोगों की पीड़ा को भी अभिव्यक्त किया। उन्होंने अपनी एक फिल्म 'मनुशुलंता ओक्कटे' अर्थात सभी मनुष्य समान हैं, के माध्यम से सामाजिक न्याय और समानता का संदेश फैलाया। राष्ट्रपति ने कहा कि एक लोक सेवक और एक जन नेता के रूप में एनटीआर की लोकप्रियता व्यापक थी। उन्होंने अपने असाधारण व्यक्तित्व और कड़ी मेहनत से भारतीय राजनीति में एक विशेष मुकाम हासिल किया। उन्होंने कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किये, जिन्हें आज भी याद किया जाता है। राष्ट्रपति ने एनटीआर पर स्मारक सिक्का लाने के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका अद्वितीय व्यक्तित्व हमेशा लोगों, खासकर तेलुगु भाषी लोगों के हृदय में अंकित रहेगा।

भारत का उत्थान पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी है : भागवत

एजेंसी। हरिद्वार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि विविधता में एकता हमारी परंपरा का अंग है। मनुष्य मात्र को अपनी लघु चेतना को विकसित करना चाहिए, जिससे वे विविधता में एकता को समझ सके और अपना सके। उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान केवल भारत के लिए नहीं, वरन पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी है। ये ही देव संस्कृति है। संघ के सरसंघचालक डा. भागवत यहां देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में जी-20 की थीम पर आयोजित दो दिवसीय वसुधैव कुटुंबकम व्याख्यानमाला के दूसरे दिन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत तेज का उपासक है। गायत्री परिवार भी सूर्य यानि इसी तेजस की उपासना करता है। इस यात्रा में चलने वाले प्रत्येक मनुष्य, साधक विश्व को बचाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सारी दुनिया में शांति हो, इस दिशा में सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। प्राचीनकाल में ऋषियों ने

छोटे-छोटे प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित किया करते थे, जिससे वे अपने सभी सहयोगियों के साथ सामंजस्य के साथ रहते थे और सब एक कुटुंब की भांति रहा करते थे। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समय अपरिमित संभावना को लेकर आया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन सुनिश्चित है-सिपाही जागें, सावधान हो लें, तभी भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दया, त्याग, बलिदान और आध्यात्मिक उत्कर्ष का विकास केवल भारत में ही हुआ। भारत में ज्ञान की वह धाराएं विद्यमान हैं, जो पूरे विश्व को प्रकाशित करेगी।

अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी को भेजा समन

मानहानि मामले में 22 सितंबर को पेश होने को कहा

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरातियों पर की गई टिप्पणी को लेकर मानहानि मामले में सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ समन जारी कर 22 सितम्बर को कोर्ट में हाजिर होने

को कहा है। अहमदाबाद के हरेश मेहता ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 499, 500 के तहत गुजरातियों को ठग कहने को लेकर मेट्रो कोर्ट में शिकायत की थी। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की टिप्पणी को लेकर सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई की गई। इस मामले में अभी तक 15 साक्षियों के बयान दर्ज किए गए हैं।

FILMY हलचल

अरमान मलिक ने गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से की सगाई

सिंगर-सॉन्गराइटर अरमान मलिक ने अब अपनी फैशन इन्फ्लुएंसर गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से सगाई की। उन्होंने सोमवार को इसकी घोषणा की। कपल ने इस मोमेंट्स को अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। दोनों ने इस खास पल की कई तस्वीरें शेयर की। पहली इमेज में, सिंगर अपने घुटनों पर बैठकर आशना को अंगूठी पहनाते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तस्वीर में दोनों उस पल को संजोते और हंसते नजर आ रहे हैं। तीसरी तस्वीर में अरमान, आशना के माथे पर किस कर रहे हैं। अरमान और आशना कई सालों से डेटिंग कर रहे थे। अब उन्होंने इसे ऑफिशियल कर दिया है। हालांकि, उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि वे कब शादी करेंगे।

मलाइका और अर्जुन के ब्रेकअप की अफवाहों में नया मोड़

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर सोशल मीडिया पर इस वक्त इनके ब्रेकअप की चचाएं चल रही थीं, लेकिन अब समझ आ रहा है कि ये सब अफवाहें हैं। दोनों को मुंबई के एक रेस्टोरेंट से निकलते हुए स्पॉट किया गया। इन तस्वीरों और वीडियो से उनके ब्रेकअप की बात पर कहीं न कहीं विराम जरूर लग गया है। हाल ही में मलाइका और अर्जुन लंच के लिए बाहर गए थे। दोनों ने साथ में खाना खाया और जब दोनों बाहर आए तो पैपराजी ने उन्हें देख लिया। इस बीच दोनों बिना कुछ बोले सीधे अपनी कार में बैठ गए। इस समय मलायका अरोड़ा आउटफिट में स्टाइलिश व्हाइट शॉर्ट्स के साथ मैचिंग लोफर्स नजर आईं। वहीं अर्जुन ने ब्लैक ट्रैक पैंट के साथ ब्लैक टी-शर्ट और व्हाइट जूते पहने थे। इसकी कई तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

श्रेया घोषाल ने शेयर किया रियलिटी शो में कंटेस्टेंट से लेकर जज बनने तक का सफर

मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल 'इंडियन आइडल' के सीजन 14 में जज के तौर पर शामिल हुईं। उन्होंने एक रियलिटी शो में कंटेस्टेंट होने से लेकर जज बनने तक के अपने सफर के बारे में बताया। श्रेया ने नए सीजन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, इंडियन आइडल में आना घर वापसी जैसा लगता है। मैंने इंडियन आइडल जूनियर में जज के रूप में अपने कार्यकाल का आनंद लिया, लेकिन शो के इस एडिशन

के लिए उत्साह की एक अतिरिक्त परत है, क्योंकि मुझे साथी जज सानू दा और विशाल के साथ फिर से जुड़ने का सौभाग्य मिला है।" उन्होंने कहा, भारतीय प्रतिभा को ढूंढना और उसका पोषण करना सम्मान की बात है और भारत की अगली सिंगिंग सेंसेशन बनने की दिशा में उनकी यात्रा को देखना खुशी की बात है। 'बैरी पिया', 'सिलसिला ये चाहत का' जैसे अनगिनत हिट ट्रैक के लिए जानी जाने वाली श्रेया ने आगे कहा, एक रियलिटी शो में कंटेस्टेंट होने से लेकर अब इंडियन आइडल जैसे पसंदीदा शो को जज करने तक की मेरी जर्नी कठिन लेकिन लाभदायक रही है।

छत्तीसगढ़ चुनाव — भाजपा ने आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को दी अहम जिम्मेदारी

पार्टी ने जीत के लिए लगाई पूरी ताकत

एजेंसी। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ में राज्य की भूपेश बघेल सरकार को हराने और 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में हुई गलती को दोहराने से बचने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। भाजपा ने देश के कई राज्यों से अपने नेताओं की फौज को प्रदेश की सभी 90 विधान सभा सीटों पर पहले ही उतार रखा है लेकिन अब पार्टी ने धरातल से मिल रहे फीडबैक के आधार पर आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में तैनात कर दिया है। वैसे तो भाजपा में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं की भरमार है। आरएसएस से भाजपा में आने वाले कई नेता केंद्र में मंत्री हैं, कई राज्यों में

मुख्यमंत्री और मंत्री है, सरकार से लेकर पार्टी संगठन में अहम पदों पर बैठे हैं। लेकिन, पार्टी संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर नियुक्त नेता को भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच की कड़ी माना जाता है। वर्तमान में यह जिम्मेदारी बीएल संतोष निभा रहे हैं जो आरएसएस द्वारा बुलाई गई बैठक में भाजपा की तरफ से शामिल होकर भाजपा के कामकाज की रिपोर्ट सौंपते हैं। राज्य के स्तर पर प्रदेश संगठन महासचिव भी कुछ हद तक इसी तरह की भूमिका निभाते हैं।

छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा आलाकमान की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पार्टी ने अपने दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग संभागों में तैनात कर दिया है। पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव कर्मवीर को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की जिम्मेदारी देकर इस क्षेत्र में आने वाले 7 जिलों की चुनावी कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग में आने वाले 7 जिलों में छत्तीसगढ़ राज्य की 12 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटें आती हैं। इसके साथ ही पार्टी ने पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव सतीश धोंड को बिलासपुर संभाग का दायित्व सौंपा है। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 8 जिले आते हैं जिसमें 25 विधानसभा और 4 लोकसभा की सीटें आती हैं। इसके अलावा पार्टी ने बिहार भाजपा के कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल को छत्तीसगढ़ के रायपुर संभाग का दायित्व देकर इस संभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के 6 जिलों के 19 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर चुनावी रणनीति को जमीनी धरातल पर सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा ने बिहार के विधायक संजीव चौरसिया को दुर्ग संभाग का दायित्व सौंपा है। दुर्ग संभाग में आने वाले जिलों की संख्या 8, विधानसभा सीटों की संख्या 20 और लोकसभा सीटों की संख्या 2 है। भाजपा ने झारखंड के विधायक अनंत ओझा को सरगुजा संभाग का दायित्व सौंपा है। इस संभाग के अंतर्गत 6 जिले, प्रदेश की 14 विधानसभा और एक लोकसभा सीट आती है।